3 | राजधानी
साल 2025 तक साफ होगी यमुना

6 | अभिमत
मजबूत नहीं भारत-मालदीव संबंध

11 | विदेश
पूरी दुनिया के लिए पाकिस्तान सिरदर्द

12 | विविध
बैक-टू-स्कूल की बेचैनी

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 15
नई दिल्ली, शुक्रवार, 19 नवंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

अश्विन के खिलाफ रन बनाना बेहद मुश्किल: गुप्टिल

स्पोर्ट्स-10

चीन ने अरुणाचल में बसाया एक और गांव

● पूर्वी क्षेत्र में एलएसी के उत्तर में बसाई गई नई आबादी में 60 से अधिक घर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारत-चीन सीमा पर उपग्रह द्वारा लिया गया चित्र

लद्दाख सीमा पर शांति स्थापित करने के लिए चीन एक तरफ द्विपक्षीय बातचीत कर रहा है और दूसरी तरफ घुसपैठ भी कर रहा है। उसने अरुणाचल प्रदेश में कुछ ही महीनों के अंदर एक और गांव बसा लिया है। इसका उद्देश्य अपनी सेना को ठिकाना और आम लोगों को बसाना है। इसमें लगभग 60 घर बने हुए हैं और भारतीय क्षेत्र में एलएसी से सात किलोमीटर अंदर है। ताजा घटनाक्रम के सामने आने से भारतीय सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। कुछ दिन पहले पेंटागन द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में चीन द्वारा 100 आवासीय इकाइयों का एक गांव बसाने का खुलासा किया गया था, जिसका भारत ने जोरदार खंडन किया था। नई दिल्ली ने उस समय कहा कि यह गांव 1959 में ही चीनी नियंत्रित क्षेत्र में बसाया गया था। उपग्रह चित्रों से पता चलता है कि चीन द्वारा बसाया गया यह दूसरा गांव सुबनसिरी में स्थित पहले गांव से लगभग 90 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। सूत्रों ने कहा कि यह पूर्वी क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के उत्तर में स्थित है। यह नया गांव कुछ ही महीनों में बसाया गया है, क्योंकि पिछले साल जारी की गई सैटेलाइट तस्वीरों में इस इलाके में कोई गांव नहीं दिखा था। सैटेलाइट इमेज प्रोवाइडर मैक्सार टेक्नोलॉजीज और प्लैनेट लैब्स द्वारा दिखाए गए नए गांव में स्पष्ट रूप से इमारतें और एक चीनी ध्वज दिख रहा है। यह शि-योमी जिले में स्थित है। दरअसल, राष्ट्रपति शी जिंगपिंग ने कुछ हफ्ते पहले ही इस नई बस्ती के करीब एक स्थल का दौरा किया था। जब कुछ दिन पहले पेंटागन ने पहले गांव के अस्तित्व की ओर इशारा किया था, तो भारत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि चीन ने पिछले कई वर्षों में सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ-साथ उन क्षेत्रों में निर्माण गतिविधियां की हैं, जिन पर उसने दशकों से अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है। भारत ने न तो इस अवैध कब्जे को माना है और न ही चीन के अनुचित दावों को स्वीकार किया है। इसके अलावा, भारतीय सुरक्षा प्रतिष्ठान ने तब कहा था कि बसाया गया गांव चीन के नियंत्रण वाले क्षेत्र में है। यह भी स्पष्ट किया गया था कि 1959 से चीनी नियंत्रण वाले क्षेत्र में 100 से अधिक आवासीय इकाइयों वाला गांव बसाया गया था। चीनी सेना ने तब असम राइफल्स पोस्ट पर कब्जा कर लिया और तब से एक सैन्य चौकी स्थापित कर रखी है। पिछले महीने, पूर्वी सेना कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे ने अरुणाचल प्रदेश का दौरा करने वाले संवाददाताओं से कहा था कि चीन दोहरे उपयोग वाले सीमावर्ती गांवों का निर्माण कर रहा है। लोगों को बसाने के साथ-साथ चीन इनका उपयोग अपने सैनिकों को तैनात करने के लिए भी कर सकता है। चीन की सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में एलएसी पर गांव बसाने की नीति तिब्बत क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए अरबों डॉलर की योजना का हिस्सा है। इसमें सीमावर्ती कस्बों के लिए बड़े पैमाने पर सड़क और रेल जैसे बुनियादी ढांचे का विकास और इस क्षेत्र में 600 से अधिक पूर्ण विकसित गांवों के निर्माण की योजना शामिल है।

भारत, चीन अगले दौर की सैन्य वार्ता शीघ्र आयोजित करने पर सहमत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में संघर्ष के अन्य क्षेत्रों से सैनिकों को पूरी तरह से पीछे हटाने के उद्देश्य को हासिल करने के लिए जल्द ही किसी तारीख पर 14वें दौर की सैन्य स्तर की वार्ता आयोजित करने पर बृहस्पतिवार को सहमति व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, सीमा मामलों पर विचार विमर्श एवं समन्वय संबंधी कार्यकारी तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की डिजिटल माध्यम से आयोजित बैठक में दोनों पक्षों ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति के संबंध में स्पष्ट एवं गहराई के साथ चर्चा की और 10 अक्टूबर को हुए पिछले सैन्य स्तर की वार्ता के बाद के घटनाक्रम की समीक्षा की। अगले दौर के सैन्य स्तर की वार्ता आयोजित करने पर सहमति बनने के अलावा डब्ल्यूएमसीसी की बैठक से कोई महत्वपूर्ण परिणाम निकलने के कोई संकेत नहीं मिले हैं। मंत्रालय के बयान के अनुसार, इस बात पर सहमति बनी कि वर्तमान द्विपक्षीय समझौतों एवं प्रोटोकॉल के अनुरूप पश्चिमी सेक्टर में एलएसी पर संघर्ष के सभी क्षेत्रों से पूरी तरह से पीछे हटने के उद्देश्य को हासिल करने के लिए जल्द ही किसी तारीख पर वरिष्ठ सैन्य कमांडर स्तर की अगले दौर (14वें) की बैठक आयोजित की जाएगी। गौरतलब है कि पूर्वी लद्दाख क्षेत्र को आधिकारिक रूप से पश्चिमी सेक्टर के रूप में संबोधित किया जाता है। इस पर भी सहमति बनी कि तब तक दोनों पक्ष अंतरिम रूप से जमीनी स्तर पर स्थिरता बनाए रखेंगे।

मोदी का भगोड़े आर्थिक अपराधियों को कड़ा संदेश, देश लौट आएं, कोई और चारा नहीं

भाषा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार हाई-प्रोफाइल भगोड़े आर्थिक अपराधियों को स्वदेश लाने के लिए सभी तरीकों का इस्तेमाल कर रही है और उनके सामने देश लौटने के सिवाय कोई विकल्प नहीं बचा है। प्रधानमंत्री ने ऋण प्रवाह और आर्थिक वृद्धि पर एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए कहा, भगोड़े आर्थिक अपराधियों को वापस लाने के लिए हम नीतियों एवं कानून पर निर्भर रहे और कूटनीतिक माध्यमों का भी इस्तेमाल किया। संदेश एकदम साफ है- अपने देश लौट आओ। हम इसके लिए अपने प्रयास जारी रखे हुए हैं।

हालांकि, प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में किसी आर्थिक अपराधी का नाम नहीं लिया। लेकिन उनकी सरकार ने पिछले कुछ समय में विजय माल्या और नीरव मोदी जैसे भगोड़े आर्थिक अपराधियों के प्रत्यर्पण की कोशिशें तेज कर दी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सक्रियता दिखाने से चूककर्ताओं से पांच लाख करोड़ रुपए की वसूली की जा चुकी है। हाल ही में गठित राष्ट्रीय परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनी (एनएआरसीएल) भी दो लाख करोड़ रुपए की दबावग्रस्त परिसंपत्तियों (शेष पेज 9)

पीएम आज से तीन दिन के यूपी दौरे पर

● बुंदेलखंड के लोगों को देंगे अरबों की योजनाओं की सौगात

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल से तीन दिवसीय यूपी दौरे पर आ रहे है। इस दौरे में मोदी बुंदेलखण्ड को कई योजनाओं की सौगात देने के अलावा राजधानी लखनऊ में देश के सभी राज्यों की डीजीपी कांफ्रेंस को सम्बोधित करेंगे। दौरे की शुरूआत कल झांसी से होगी। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत झांसी में बुधवार से शुरू हुए झांसी जलसा उत्सव का समापन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर रक्षा मंत्रालय और राज्य सरकार के समन्वय से झांसी में मनाया जा रहा राष्ट्र रक्षा पर्व बुधवार से शुरू हो चुका है। उत्सव के समापन समारोह में मोदी झांसी पहुंचेंगे। वे मोदी डिफेंस कॉरिडोर के झांसी नोड पर पहले प्रोजेक्ट की नींव भी रखेंगे। प्रधानमंत्री दिल्ली स्थित नेशनल वॉर मेमोरियल में बने नए कियोस्क और एक मोबाइल ऐप को भी देश को समर्पित करेंगे। इस दौरान वे झांसी में 600 मेगावाट क्षमता के अल्ट्रा मेगा सोलर पावर प्लांट का शिलान्यास करेंगे। झांसी में ही अटल एकता पार्क का लोकार्पण भी प्रधानमंत्री करेंगे। भारत डायनामिक्स लिमिटेड की झांसी इकाई का शिलान्यास भी प्रधानमंत्री करेंगे। इसके साथ ही एनसीसी की सिमुलेटर ट्रेनिंग फैसिलिटी का शुभारंभ, एनसीसी एलुमिनी एसोसिएशन का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा महोबा में अर्जुन बांध परियोजना के लोकार्पण समेत कई योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। शक्रवार को महोबा और झांसी में दो जनसभाओं के जरिये मोदी बुंदेलखंड में भाजपा की जमीन को और पुख्ता करेंगे। बुंदेलखण्ड को अनेक विकास योजनाओं की सौगात देने के बाद प्रधानमंत्री राजधानी लखनऊ लौटेंगे और राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 20 नवम्बर को गोमतीनगर विस्तार स्थित सिग्नेचर बिल्डिंग में वह देश के सभी राज्यों के डीजीपी की कांफ्रेंस को सम्बोधित करेंगे। इसके बाद वह यहीं रात्रि विश्राम करेंगे और अगले दिन 21 नवम्बर को वापस लौटने का कार्यक्रम है।

यौन शोषण पर उच्चतम न्यायालय ने पलटा बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला

● कहा, यौन उत्पीड़न का सबसे अहम घटक मंशा, त्वचा से त्वचा का संपर्क नहीं

भाषा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण संबंधी पॉक्सो अधिनियम के तहत एक मामले में बंबई उच्च न्यायालय के त्वचा से त्वचा के संपर्क संबंधी विवादित फैसले को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि यौन हमले का सबसे महत्वपूर्ण घटक यौन मंशा है, बच्चों की त्वचा से त्वचा का संपर्क नहीं।

बंबई उच्च न्यायालय आदेश दिया था कि यदि आरोपी और पीड़िता के बीच त्वचा से त्वचा का सीधा संपर्क नहीं हुआ है, तो पॉक्सो कानून के तहत यौन उत्पीड़न का कोई अपराध नहीं बनता है। न्यायमूर्ति यू यू ललित, न्यायमूर्ति रवींद्र भट और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की तीन सदस्यीय पीठ ने उच्च न्यायालय का आदेश निरस्त करते हुए कहा कि शरीर के यौन अंग को छूना या यौन इरादे से किया गया शारीरिक संपर्क का कोई भी अन्य कृत्य पॉक्सो कानून की धारा सात के अर्थ के तहत यौन उत्पीड़न होगा।

न्यायालय ने कहा कि कानून का मकसद अपराधी को कानून के चंगुल से बचने की अनुमति देना नहीं हो सकता। पीठ ने कहा, हमने कहा है कि जब विधायिका ने स्पष्ट इरादा व्यक्त किया है, तो अदालतें प्रावधान में अस्पष्टता पैदा नहीं कर सकतीं। यह सही है कि अदालतें अस्पष्टता पैदा करने में अति उत्साही नहीं हो सकतीं। न्यायमूर्ति भट ने इससे सहमति रखते हुए एक पृथक फैसला सुनाया। पीठ ने कहा, यौन उत्पीड़न के अपराध का सबसे महत्वपूर्ण घटक यौन इरादा है और बच्चे की त्वचा से त्वचा का संपर्क नहीं।

किसी नियम को बनाने से वह नियम प्रभावी होना चाहिए, न कि नष्ट होना चाहिए। प्रावधान के उद्देश्य को नष्ट करने वाली उसकी कोई भी संकीर्ण व्याख्या स्वीकार्य नहीं हो सकती। कानून के मकसद को तब तक प्रभावी नहीं बनाया जा सकता, जब तक उसकी व्यापक व्याख्या नहीं हो। न्यायालय ने कहा कि यह पहली बार है, जब अटॉर्नी जनरल ने आपराधिक पक्ष पर कोई याचिका दाखिल की है।

कोर्ट ने मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त से कहा- सामने आओगे तो सुनवाई करेंगे

भाषा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह को अपना पता बताने का निर्देश देते हुए कहा कि जब तक हमें यह नहीं पता चल जाता कि आप कहां हैं तब तक कोई सुरक्षा नहीं दी जाएगी, कोई सुनवाई नहीं होगी। सिंह ने न्यायालय से सुरक्षात्मक आदेश देने का अनुरोध किया है। न्यायालय ने उनके वकील को सिंह का पता बताने का निर्देश दिया और पूर्व पुलिस आयुक्त की ओर से उनके पावर आफ अटॉर्नी की याचिका 22 नवंबर के लिए सूचीबद्ध कर दी।

न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ ने कहा कि सुरक्षा देने का अनुरोध करने वाली उनकी याचिका पावर ऑफ अटॉर्नी के जरिए दायर की गई है। पीठ ने कहा, आप सुरक्षात्मक आदेश देने का अनुरोध कर रहे हैं लेकिन कोई नहीं जानता कि आप कहां हैं। मान लीजिए आप विदेश में बैठे हैं और पावर ऑफ अटॉर्नी के जरिए कानूनी सहारा ले रहे हैं तो क्या होगा। अगर ऐसा है, तो अदालत यदि आपके पक्ष में फैसला देती है तभी आप भारत आएंगे होगा, हम नहीं जानते कि आपके दिमाग में क्या चल रहा है। जब तक हमें यह पता नहीं चल जाता कि आप कहां हैं, तब तक कोई सुरक्षा नहीं, कोई सुनवाई नहीं होगी। न्यायालय ने कहा, याचिका पावर ऑफ अटॉर्नी के जरिए दायर की गई है। आप कहां हैं।

आप देश में हैं या देश से बाहर? आप कहां हैं। पहले जब हमें पता चलेगा कि आप कहां हैं तभी हम आगे कुछ करेंगे? मुंबई में एक मजिस्ट्रेट अदालत ने बुधवार को सिंह को उनके खिलाफ दर्ज वसूली मामले में भगोड़ा अपराधी घोषित किया। सिंह इस साल मई में आखिरी बार कार्यालय आए थे जिसके बाद वह अवकाश पर चले गए। राज्य पुलिस ने बंबई उच्च न्यायालय को पिछले महीने बताया कि सिंह के बारे में उसके पास कोई जानकारी नहीं है। वसूली मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस की (शेष पेज 9)

जम्मू-कश्मीर में टूट के कगार पर कांग्रेस, हाईकमान सक्रिय

● प्रदेश अध्यक्ष मीर के विरोध में पार्टी के एक दर्जन प्रमुख नेताओं ने दिया पद से इस्तीफा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/श्रीनगर

पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड और छत्तीसगढ़ में समस्याओं से घिरी कांग्रेस अब जम्मू-कश्मीर में नेताओं के बगावती तेवरों से दो-चार हो रही है। जम्मू-कश्मीर कांग्रेस प्रमुख गुलाम अहमद मीर को हटाने की मांग को लेकर गुलाम नबी आजाद के वफादार पूर्व मंत्रियों और विधायकों सहित लगभग एक दर्जन वरिष्ठ नेताओं द्वारा अपने पद से इस्तीफा देना पार्टी के लिए बड़ा झटका है।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को संबोधित एक संयुक्त बयान में जीएम सरूरी, जुगल किशोर शर्मा, विकार रसूल, डॉ मनोहर लाल शर्मा, गुलाम नबी मोंगा, नरेश गुप्ता, सुभाष गुप्ता, अमीन भट, अनवर भट, इनायत अली और अन्य ने पार्टी के पदों से अपना इस्तीफा दिया है। सूत्रों के अनुसार जिन लोगों ने इस्तीफा दिया है, वे कश्मीर और जम्मू दोनों जगहों से हैं और ये सभी जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद के करीबी हैं। उन्होंने कहा है कि वे पार्टी को नहीं छोड़ रहे हैं।

सोनिया को लिखे पत्र में नेताओं ने आरोप लगाया कि मीर के नेतृत्व में कांग्रेस विनाशकारी स्थिति की ओर बढ़ रही है और पूर्व मंत्रियों, विधायकों, एमएलसी, पीसीसी पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों और एआईसीसी सदस्यों सहित 200 से अधिक नेता के दूसरे दलों में जाने की अटकलें हैं। नेताओं ने बताया कि वे लंबे समय से आलाकमान से जम्मू-कश्मीर कांग्रेस अध्यक्ष को बदलने का अनुरोध कर रहे हैं, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जम्मू-कश्मीर कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोंगा ने कहा कि मीर पार्टी के लिए एक आपदा की तरह हैं।

वह लगभग सात साल से कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष हैं। आम तौर पर एक व्यक्ति दो साल (अधिकतम तीन वर्ष) के लिए एक ही कार्यकाल में पार्टी इकाई का प्रमुख होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे पार्टी नहीं छोड़ रहे हैं। मोंगा ने कहा कि हम दिल से कांग्रेसी हैं और पार्टी नहीं छोड़ेंगे। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अनुपस्थिति में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी जम्मू-कश्मीर में विभाजन को टालने की कोशिश कर रही हैं। एआईसीसी सूत्रों ने कहा कि सोनिया गुलाम नबी आजाद और जम्मू-कश्मीर कांग्रेस प्रमुख जीए मीर, केंद्र शासित प्रदेश के एआईसीसी प्रभारी रजनी पाटिल और अन्य नेताओं के संपर्क में हैं।

बाजार

सेंसेक्स	59,636	▼ 372	
निफ्टी	17,764	▼ 133	
सोना	48,196	▲ 21	/10g
चांदी	65,147	▼ 121	/kg

क्विक न्यूज

आज केंद्र सरकार के संरक्षण वाले सभी स्मारकों में निःशुल्क प्रवेश

नई दिल्ली। विश्व विरासत सप्ताह के अवसर पर शुक्रवार को केंद्र सरकार के सभी ऐतिहासिक स्मारकों एवं स्थलों पर प्रवेश निःशुल्क रहेगा। यह आदेश भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने जारी किया है। विश्व विरासत सप्ताह प्रति वर्ष 19 से 25 नवंबर तक मनाया जाता है। वर्तमान में भारत में एएसआई के संरक्षण में 3691 स्मारक है जिनमें सबसे अधिक 745 स्मारक उत्तर प्रदेश में है। इनमें से 143 स्थलों एवं स्मारकों पर प्रवेश के लिए टिकट लगता है। एएसआई के आदेश में कहा गया है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के महानिदेशक ने आदेश दिया है कि केंद्र के संरक्षण वाले सभी स्मारकों/ऐतिहासिक स्थलों पर 19 नवंबर 2021 को प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

देश में शिक्षा की गुणवत्ता हुई बेहतर

● यूनिसेफ के सर्वेक्षण में करीब 73 प्रतिशत युवा भारतीयों ने माना

भाषा। नई दिल्ली

विश्व बाल दिवस से पहले जारी एक अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण में शामिल किए गए करीब 73 प्रतिशत युवा भारतीयों का मानना है कि देश में शिक्षा की गुणवत्ता अब पहले की तुलना में बेहतर हो गई है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) और गेलप द्वारा भारत सहित 21 देशों में किए गए सर्वेक्षण बदलता बचपन परियोजना से प्रदर्शित होता है कि भारत में सर्वेक्षण में शामिल किए गए 15 से 24 वर्ष आयु वर्ग के 57 प्रतिशत लोग और 40 साल से अधिक आयु के 45 प्रतिशत लोगों को लगता है कि शिक्षा सफलता में सबसे बड़ी भूमिका निभाती है।

जब शिक्षा की बात आती है तब पुरुषों और महिलाओं के लिए बीच अलग-अलग धारणाएं हैं। विश्व बाल दिवस 20 नवंबर को मनाया जाता है। सर्वेक्षण में कहा गया है, सर्वेक्षण में शामिल की गई 40 वर्ष से अधिक आयु की करीब 78 प्रतिशत महिला प्रतिभागियों को लगता है कि बच्चों की शिक्षा उनके माता पिता के समय की तुलना में बेहतर है, जबकि अधिक उम्र के 72 प्रतिशत पुरुषों का भी यही मानना है। रिपोर्ट में कहा गया है, इसके अलावा, 15 से 24 वर्ष आयु वर्ग की 59 प्रतिशत लड़कियां अन्य की तुलना में इस बात से कहीं अधिक सहमत हैं कि शिक्षा सफलता में एक भूमिका निभाती है। वहीं, 67 प्रतिशत लड़कियों को लगता है कि डिजिटल प्रौद्योगिकी ने बच्चों को शिक्षा में मदद की है, जबकि 59 प्रतिशत लड़कों का भी ऐसा ही मानना है। सर्वेक्षण के नतीजों से यह भी प्रदर्शित होता है कि भारत में 71 प्रतिशत लोगों का मानना है कि बच्चों की आर्थिक स्थिति उनके माता पिता की तुलना में कहीं बेहतर रहेगी। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 57 प्रतिशत किशोर व युवा प्रतिदिन इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत में 55 प्रतिशत किशोरों व युवाओं ने जलवायु परिवर्तन के बारे में सुना है, जबकि 42 प्रतिशत अधिक उम्र के लोगों ने ही यह सुना है।

रिपोर्ट में यह स्तब्ध कर देने वाली बात कही गई है कि भारत में ऐसे किशोरों व युवाओं का दूसरा सबसे बड़ा हिस्सा है जिनका मानना है कि बच्चों को दंडित करना शिक्षकों के लिए ठीक है, हालांकि यह व्यवहार सामान्य रूप से अस्वीकार्य है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 15 से 24 वर्ष आयु वर्ग के करीब 73 प्रतिशत किशोरों व युवाओं का मानना है कि शिक्षा की गुणवत्ता पहले की तुलना में अब बेहतर हो गई है। सर्वेक्षण में भारत से 1500 लोगों सहित 21 देशों से 21,000 से अधिक लोगों को शामिल किया गया, जो इस साल कोविड-19 की दूसरी लहर से पहले किया गया था।

राजधानी में 70 फीसदी प्रदूषण आ रहा बाहर से

● केंद्र की एजेंसी आईआईटीएम के डाटा का सीएसई ने किया विश्लेषण, पांच साल में घटा प्रदूषण: राय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जिस समय सुप्रीम कोर्ट दिल्ली और केंद्र की सरकार से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण को लेकर लगातार सवाल कर रहा है, आप सरकार में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में 70 फीसदी प्रदूषण बाहर से आ रहा है। स्थनीय स्तर पर सिर्फ 30 फीसदी प्रदूषण पैदा हो रहा है।

राय ने कहा कि केंद्र सरकार की एजेंसी आईआईटीएम द्वारा एकत्र डाटा का सीएसई ने विश्लेषण किया, जिससे यह खुलासा भी हुआ कि पिछले पांच साल में दिल्ली प्रदूषण घटा है। डाटा के अनुसार दिल्ली में 2016 में 64 फीसदी प्रदूषण बाहर यानी पड़ोसी राज्यों में होने वाली गतिविधियों से आ रहा था और 36 फीसदी स्थानीय स्तर पर पैदा हो रहा था। राय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने स्वयं माना है कि पड़ोसी राज्यों में पराली जलने से राजधानी के प्रदूषण में हिस्सेदारी बढ़कर 35 से 40 फीसदी तक हुई है। गोपाल राय ने जोर देकर कहा कि स्थिति पर काबू पाने के लिए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री दिल्ली-एनसीआर से जुड़े सभी पर्यावरण मंत्रियों की बैठक बुलाएं। दीर्घकालीन स्थायी समाधान के लिए वैज्ञानिक आधार पर संयुक्त एक्शन प्लान बनाकर हर राज्य की जिम्मेदारी तय की जाए।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कोर्ट से लेकर विशेषज्ञों के बीच इस बात को लेकर बहस हो रही है कि आखिर दिल्ली में प्रदूषण का कारण क्या है- स्थानीय या बाहरी, पराली से या वाहनों से, लेकिन डाटा असली हकीकत बयान कर रहे हैं। दिल्ली के अंदर 2016 में एनर्जी एंड रिसोर्स इंस्टीट्यूट (टेरी) द्वारा सोर्स अपोर्समेंट स्टडी की गई थी। उस स्टडी में यह बात सामने आई थी कि दिल्ली में 64 फीसदी प्रदूषण बाहर से आया। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) ने 2016 से अब तक प्रदूषण की स्थिति और कारणों का आकलन किया।

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मैनेजमेंट (आईआईटीएम) अपने ऐप सफर के माध्यम से डाटा जारी करता है। इसके द्वारा डिसिजन सपोर्ट सिस्टम (डीएसएस) का जो डाटा है, उसे लेकर सीएसई ने 24 अक्टूबर से 8 नवंबर तक 15 दिनों का प्रति घंटे के हिसाब से डाटा विश्लेषण किया। सीएसई ने केंद्र सरकार के ऐप सफर द्वारा उपलब्ध कराए गए डाटा का भी अध्ययन किया। इस अध्ययन की अंतिम रिपोर्ट के (शेष पेज 9)

पोती को टहलाने निकली दादी की चेन लूटकर फरार हुए बदमाश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर डेल्टा.2 में पोती को टहलाने निकली दादी के गले से बाइक सवार बदमाश दिनदहाडे चेन लूटकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली सूरजपुर पुलिस मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश कर रही है। लूट की यह वारदात सेक्टर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर डेल्टा-2 के-92 में रहने वाले अशोक तिवारी ने बताया कि 18 नवंबर को दोपहर करीब एक बजे उनकी पत्नी चंदन तिवारी 65 वर्ष साढ़े तीन साल की पोती को घर के बाहर टहला रही थीं। इस दौरान 1:14 बजे मकान नंबर 90 के बाहर आये 2 बाइक सवार बदमाशों ने उनकी पत्नी के गले से सोने की डेढ़ तोले की चेन लूटकर फरार हो गए जिसकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है। खास बात यह है कि लूट की यह पूरी घटना सेक्टर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।

कोतवाली सूरजपुर प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से बदमाशों की तलाश की जा रही है।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता	प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता	प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	शैलेन्द्र कुमार, चाणक्य ग्लोबल ट्रेड ऐंड सर्विसेज प्रा. लि., लक्ष्मी सिंह कुशवाहा, एस-79, द्वितीय तल, फ्लैट नंबर2, मेन रोड, पाकेट 10-बी, जासोला ओखला साउथ दिल्ली, दिल्ली/खाता नंबर :- एलबीडीईएल00004412652	मकान नंबर 263, ब्लॉक-एलआईजी, फेज-2, तात्या टोपे नगर, कानपुर	27-07-2021 रू. 29,99,121/-	31-01-2021
2.	देबलीना गुप्ता, अभिजीत गुप्ता, 14074 टावर नंबर 5, ब्लॉक ई-2, जीएच-7, निकट एबीईएस इंजीनियरिंग कालेज, क्रॉसिंग रिपब्लिक, गाजियाबाद/ खाता नंबर :- एलबीजीएचजैड00004776053	फ्लैट नंबर 14074, 14वां तल, ब्लॉक ई-2, टावर 5, क्रॉसिंग रिपब्लिक डूंडाहेड़ा एनएच-24, प्लॉट नंबर जीएच-7, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश	31-07-2021 रू. 30,20,690/-	31-01-2021
3.	नितिन कुमार, रमेश चंदर डाबला, फ्लैट नंबर 103, सूर्योदय अपार्टमेंट, पाकेट 8, सेक्टर-12, द्वारका,/ खाता नंबर एलबीजीयूआर00004221493	प्लॉट नंबर 242 पर निर्मित सम्पूर्ण तृतीय तल, ब्लॉक-बी, सेक्टर-19, अम्बेरहई द्वारका आवासीय स्कीम, द्वारका, दिल्ली	31-07-2021 रू. 29,04,974/-	06-02-2021
4.	सरताज आलम, आफताब आलम, नाजनीन, हाइपोंटीक, टी 23/6 डीएलएफ सिटी, फेज-3, गुरूग्राम, हरियाणा, खाता :- एलबीजीयूआर00003398169	प्लॉट नंबर 20, रोड नंबर एस 19, डीएलएफ सिटी, फेज-III, रोड नंबर-III, गुरूग्राम, हरियाणा,	27-07-2021 रू. 29,37,544/-	31-01-2021
5.	रौनक राजपाल, पृथ्वी वल्लभ राजपाल, ओम एग्रो फूड प्रोसेसिंग, 222, अम्बिका विहार, सुंदर विहार, बी/एच, भाटिया ग्लोबल स्कूल, दिल्ली, खाता :- एलबीएनओडी00001903675	यूनिट नंबर जीडीआई 0052803, गार्डन आइजल्स, जेपी ग्रीन्स, नोएडा	27-07-2021 रू. 2,94,5731/-	31-10-2020
6.	राम नाथ गांधी, मानु गांधी, सुमित गांधी, 13/443, सुंदर विहार, दिल्ली/ खाता नंबर :- एलबीडीईएल00003623209	प्लॉट नंबर 235, छत का अधिकार नहीं, भू तल, ब्लॉक ए-5, पश्चिम विहार, दिल्ली	27-07-2021 रू. 32,94,113/-	06-03-2021
7.	मनन गांधी, अदिति गांधी, नवीन कुमार, मनन गांधी, 62 ऊपरी भूतल, ब्लॉक ए के, निकट गुरुद्वारा शालीमार बाग, दिल्ली, खाताः- एलबीजीएचजैड00004656266	फ्लैट सं. 62, ऊपरी भूतल, ब्लॉक एके, शालीमार बाग, दिल्ली	08-07.-2021 रु. 28,47,316/-	31-01-2021
8.	विक्रम भल्ला, नीलम रानी, मकान नंबर 324, ब्लॉक नंबर 2, द्वितीय तल, सुभाष नगर, दिल्ली/ खाता नंबर :- एलबीडीईएल00003110696	सम्पूर्ण द्वितीय तल, छत का अधिकार नहीं, मकान नंबर 2/324, सुभाष नगर, तिहाड़ 1, दिल्ली	23-07-2021 रू. 28,82,417/-	31-12-2020
9.	संजय कपूर, एयरवॉइस एविएशन्स प्रा. लि., अनामिका कपूर, संजय कपूर, बी-241, सेक्टर-26, उत्तर प्रदेश/ खाता नंबर :- एलबीडीईएल00003155923	मकान नंबर एस-569, फ्रंट पोर्शन, तृतीय तल, ग्रेटर कैलाश पार्ट-II, दिल्ली	08-07-2021 रू. 32,64,708/-	31-01-2021
10.	सन्नी दत्ता, नीना दत्ता, आई 667 छठा तल, गौड़ कास्केड्स, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश खाता :- एलबीएनओडी00004581656	फ्लैट नंबर सी 1023, 10वां तल, टावर सी, गौड़सन्स कास्केड्स, ग्राम नूर नगर, गाजियाबाद	27-07-2021 रू. 26,91,952.46/-	06-03-2021
11.	सोनिया पंत, योगेश पंत, मकान नंबर 615, भू तल, निकट ईएसआई अस्पताल, सेक्टर-9, गुरूग्राम,/खाता नंबर एलबीजीयूआर00002488208	फ्लैट नंबर 202, ओमैक्स एन्क्लेव ओमैक्स पैनोरामा सिटी होम्स, भिवाडी	23-07-2021 रू. 27,50,286/-	06-02-2021
12.	सुजाता, मनीष कुमार, मनीष कुमार, मकान नंबर 1221 ए, गुरूग्राम, खाता :- एलबीजीयूआर00003273687	फ्लैट नंबर टी 1-1607, 16वां तल, सुपरटेक स्कारेट - टावर 1, सेक्टर-68, गुरूग्राम	31-07-2021 रू. 27,46,839/-	31-01-2021
13.	जयश्री शर्मा, राजेश शर्मा, प्रेम जीशंकर शर्मा, ए 603, ऊर्जा टावर्स, जीएच 8, सेक्टर-47, गुरूग्राम, हरियाणा-122001 खाता :- एलबीजीयूआर00003967305	फ्लैट नंबर ए-301, तृतीय तल, हरि आंगन ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट, ग्राम देवलाली, नासिक	17-07-2021 रू. 26,80,998.97/-	31-01-2021
14.	याक्षी सिंह, सौरभ सिंह, फ्लैट-003, टावर -6, लोटस बूल्वा, सेक्टर-100, नोएडा खाता :- एलबीएनओडी00002160246	फ्लैट नंबर 2023, 19वां तल, टावर -सी, गौड़ अतुल्यम, प्लॉट नबर जीएच-01 ए, सेक्टर-ओमीक्रोन-1, ग्रेटर नोएडा	04-08-2021 रू. 26,30,922/-	07-12-2020
15.	पंकज कुमार भारद्वाज, नारायण दत्त शर्मा, 104, टॉप फ्लोर, स्वयं सिद्ध, कालोनी, पंजाबी बाग वेस्ट, नई दिल्ली खाता नंबर - एलबीएनओडी00003205164	फ्लैट नंबर 1101, 11वां तल, टावर-ए, प्लॉट नंबर जीएच-15डी, अंतरिक्ष वैली, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा	17-07-2021 रू. 26,45,411.7/-	31-01-2021
16.	प्रदीप कुमार, कल्पना कुमारी, ए 86, ए ब्लॉक, चंदर विहार-110092, दिल्ली मंडावली/ खाता नंबर :- एलबीडीईएल00005192363	फ्लैट नंबर 4155, सीआरसी सब्लीमिस - 15वां तल, प्लॉट नंबर जीएच-11 ए, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा	17-07-2021 रू. 26,22,431.01/-	26-02-2021
17.	पम्मी तेजराना, राहुल देव, 267 ए, पॉकेट सी, मयूर विहार, फेज 2, नई दिल्ली, दिल्ली, खाताः- एलबीडीईएल00001491797	267 ए, भूतल, पॉकेट-सी, त्रिलोकपुरी-2, मयूर विहार फेज-2, नई दिल्ली, दिल्ली	03-07-2021 रु. 31,12,869.85/-	31-01-2021
18.	पवन कुमार दुबे, मीना दुबे, फ्लैट नंबर बी 1014, हाई एण्ड पैराडाइज, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद/खाता नंबर :- एलबीडीईएल00005142172	फ्लैट नंबर बी 1903, 19वां तल, टावर डीएसजी ग्रैण्ड, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद	31-07-2021 रू. 24,80,002.61/-	06-03-2021
19.	प्रशांत कुमार, अमित मलिक, 738, सेक्टर-3, भू तल, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, खाता नंबर - एलबीडीईएल00002222810	सम्पत्ति सं. 3/616, भू तल, छत का अधिकार नहीं, सेक्टर-3, वसुंधरा, गाजियाबाद	17-07-2021 रू. 26,25,842.2/-	14-01-2021
20.	महेन्द्र कुमार वर्मा, मीनाक्षी वर्मा, 188, बैंक एन्क्लेव, लक्ष्मी नगर, दिल्ली खाता नंबर - एलबीडीईएल00002143815	फ्लैट नंबर ए-3, 1002 10वां तल, टावर ए-3, रूद्र पैलेस हाइट्स, प्लॉट नंबर जीएच-02बी, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा	17-07-2021 रू. 26,22,714/-	31-01-2021
21.	वंदना त्रिपाठी, ज्ञानेश्वर मणि त्रिपाठी, ई 246, प्रथम तल, नोएडा खाता नंबर - एलबीएनओडी00003090405	फ्लैट नंबर 1202, 12वां तल, टावर-ए6, कासा ग्रीन्स-1, प्लॉट नंबर जीएच-04ए, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा, नोएडा	04-08-2021 रू. 26,81,326/-	31-01-2021
22.	यशिका गौड़, दिनेश कुमार, फ्लैट नंबर 26, ड्रीम हाइट नोएडा, बिल्डिंग, ग्राम सरफाबाद, सेक्टर-73, नोएडा खाता नंबर - एलबीएनओडी00004738776	फ्लैट नंबर 2107, 21वां तल, टावर-आई, प्लॉट नंबर जीएच-16ई, फ्यूचर एस्टेट, सेक्टर-01, नोएडा	04-08-2021 रू. 25,76,750.98/-	31-01-2021
23.	श्री विकास राज, प्रिया भारती, ब्लॉक ए-5सी, फ्लैट नंबर 7 बी, जनकपुरी बी-1 एस ओ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली खाता नंबर - एलबीडीईएल00005063940	फ्लैट नंबर ए-1, 905 9वां तल, स्टेटस रेजीडेंसी टावर ए-1, टपूकरा, भिवाड़ी	17-07-2021 रू. 25, 97,329/-	07-12-2020
24.	समीर नाथ झा, तनूजा झा, 1521, 14वां तल, गौड़ ग्रीन विस्टा, न्याय खंड-1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश खाता :- एलबीएनओडी00001966041	फ्लैट नंबर 1521, 14वां तल, ब्लॉक डी, गौड़ ग्रीन विस्टा, फेज-2, सम्राट 5, एनएच-24, न्याय खंड-1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश	14-07-2021 रू. 25,70,515/-	11-03-2021
25.	लक्ष्मी देवी, अमित कुमार, सी 311, बृज विहार, डीएवी स्कूल के सामने, चंदर नगर, गाजियाबाद/ खाता नंबर :- एलबीजीएचजैड00004250132	फ्लैट नंबर 654, छठा तल, गंगा टावर, महागुन पुरम, एनएच-24, ग्राम महरौली, गाजियाबाद	31-07-2021 रू. 24,97,259/-	11-02-2021
26.	अंजू श्रीवास्तव, धनंजय कुमार, एन-151, सेक्टर-12, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा खाता नंबर - एलबीएनओडी00002841393	फ्लैट नंबर सी-103, प्रथम तल, फ्रेंच अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर जीएच-07बी, सेक्टर-16बी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा	17-07-2021 रू. 26,34,754/-	31-01-2021
27.	अमित कुमार चौधरी, साधना चौधरी, एफ 1 टावर फ्लैट नंबर 502, डिजाइन आर्च, ई होम अपार्टमेंट, गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा, नोएडा खाता नंबर - एलबीडीईएल00002882081	फ्लैट नंबर 202, द्वितीय तल, ब्लॉक डी, यूनिबेरा टावर 2, प्लॉट नंबर जीएच-16 एफ, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा	17-07-2021 रू. 25, 33,490/-	31-01-2021
28.	अमृत पाल सिंह, प्रियंका राणा, यश पाल कौर, प्लॉटोनो 185, जीएफ प्रथम, शक्ति खंड-2, इंदिरापुरम, गाजियाबाद/ खाता नंबर :- एलबीजीएचजैड00003568721	फ्लैट नंबर जीएफ-1 (एचआईजी), भू तल, छत का अधिकार नहीं, प्लॉट नंबर 185, शक्ति खंड-2, इंदिरापुरम, गाजियाबाद	17-07-2021 रू. 25,57,280/-	02-01-2021
29.	परविन्दर सिंह बाटार, नम्रता बाटार, डे रिगी टूअर्स, 1801-ए, ब्लॉक बी 1, वसंत कुंज, दिल्ली खाता नंबर - एलबीडीईएल00002386817	यूनिट नंबर 203, प्रथम तल, पारस ट्रेड सेंटर, सेक्टर-2, ग्वाल पहाड़ी, गुरूग्राम	17-07-2021 रू. 27,25,118/-	16-01-2021
30.	मधु बिड़लान, सुनील बिड़ला, सी-507, ईस्ट किदवई नगर, एनडीएमसी, दिल्ली खाता संख्या :- एलबीडीईएल00002023276	अपा. नंबर 302, तृतीय तल, टावर बी-4, रूद्र पैलेस हाइट्स, प्लॉट नंबर जीएच-02 बी, सेक्टर-1, नोएडा एक्सटेंशन ग्रेटर नोएडा नोएडा	14-07-2021 रू. 30,62,205/-	31-05-2018
31.	संदीप मिसरी, आरती मिसरी, फ्लैट नंबर 1407, 14वां तल, ब्लॉक डी, एस प्लैटीनम, प्लॉट नंबर जीएच 12/1, सेक्टर-जीटा 1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा खाता :- एलबीएनओडी00002084822	फ्लैट नंबर 1407, 14वां तल, ब्लॉक डी, एस प्लैटीनम, प्लॉट नंबर जीएच 12/1, सेक्टर-जीटा 1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा	04-08-2021 रू. 23,49,860/-	11-03-2021
32.	वैभव निगम, गीता निगम, फ्लैट नंबर 61, नवजागृति अपार्टमेंट, दिल्ली खाता नंबर - एलबीडीईएल00002251087	ए-10208, टावर ए, 12वां तल, ग्राम शाहपुर बम्हेटा, गाजियाबाद	04-08-2021 रू. 22,94,794.47/-	07-12-2020
33.	अमित शर्मा, लीना शर्मा, 2/78, गली नंबर 2, ललिता पार्क, लक्ष्मी नगर, द्वितीय तल, दिल्ली खाता नंबर - एलबीएनओडी00002060645	फ्लैट नंबर 105, प्रथम तल, टावर जी-4, नियो टाउन, प्लॉट नंबर जीएच-03, सेक्टर-टेकजोन-4, ग्रेटर नोएडा, नोएडा	17-07-2021 रू. 23,98,442/-	31-01-2021
34.	रितु कुमार, हर्सपाल साहू, यू 27/5, प्रथम तल, डीएलएफ फेज-3, गुरूग्राम/ खाता नंबर :- एलबीडीईएल00002088940	फ्लैट नंबर एच 102, प्रथम तल, टावर एच, पैनोरामा महिमा, रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड, महल सांगानेर, जयपुर	04-08-2021 रू. 23,50,850/-	31-12-2020
35.	विक्रम मोहन, शुभ्रा मोहन, फ्लैट नंबर 1402, टावर 6, तक्षिका हाइट, निकट रामा गार्डन, सेक्टर-37 सी, गुरूग्राम खाता :- एलबीजीयूआर00004305565	फ्लैट नंबर 1103, 11वां तल, टावर गैलेक्सी, सुपरटेक लिविंग्सटन, प्लॉट नंबर जीएच-06, क्रॉसिंग रिपब्लिक, गाजियाबाद	14-07-2021 रू. 21,82,912.84/-	07-12-2020
36.	जगदीश गिर, मोहन लाल, ग्राम नंदनी सिहोरा, निकट राजस्व संकुल, तालाब टीलू, जम्मू खाता :- एलबीजीएचजैड00004976089	फ्लैट नंबर 10-016, 10वां तल, देव हाइट्स, ब्लॉक-ए, खसरा नंबर 1140 मिन तथा 1142, ग्राम डासना, तहसील और जिला गाजियाबाद	14-07-2021 रू. 22,70,462/-	06-03-2021
37.	संजय साहनी, शिवानी बेदी, मकान नंबर 2565, अपर ग्राउण्ड फ्लोर, हडसन लाइन, दिल्ली किंग्सवे कैम्प/ खाता नंबर - एलबीडीईएल00003761944	फ्लैट नंबर 207, द्वितीय तल, लॉजिक्स ब्लॉसम ग्रीन्स, टावर एम, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-143, गौतमबुद्ध नगर	31-07-2021 रू. 22,08,811/-	31-01-2021
38.	जगदीश गिर, मोहन लाल, ग्राम नंदनी सिहोरा, निकट राजस्व संकुल, तालाब टीलू, जम्मू खाता :- एलबीजीएचजैड00004976287	फ्लैट नंबर 10-016, 10वां तल, देव हाइट्स, ब्लॉक-ए, खसरा नंबर 1140 मिन तथा 1142, ग्राम डासना, तहसील और जिला गाजियाबाद	14-07-2021 रू. 22,48,333/-	06-03-2021
39.	प्रांजल प्रतिम शर्मा, शिल्पी आचार्य, एन-29, श्रीनिवास पुरी, साउथ दिल्ली, दिल्ली/ खाता नंबर :- एलबीडीईएल00002207334	फ्लैट नंबर एच 1202, प्लॉट नंबर जीएच 16 एफ, 12वां तल, यूनिबेरा टावर्स, टावर 4, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा	31-07-2021 रू. 21,38,061/-	31-10-2020
40.	दीप्ति बत्रा, सचिन बत्रा, मकान नंबर 1ए 91, ब्लॉक ए, निकट केडी गैस एजेन्सी एनआईटी-1, फरीदाबाद खाता :- एलबीएफडीबी00004139111	फ्लैट नंबर 1206, 12वां तल, टावर ए-2, सेक्टर-86, समर पाम्स, फरीदाबाद	17-07-2021 रू. 21,97,379/-	31-01-2021
41.	प्रियंका प्रिया, संजय घोष, 182 डी पाकेट बी, मयूर विहार फेज-2, दिल्ली खाता :- एलबीएनओडी00002238606	फ्लैट नंबर सी 4-2405, 23वां तल, टावर सी-4, प्रतीक ग्रैंड सिटी, प्लॉट नंबर 4/बीएस-01 तथा 4/बीएस-05, सिद्धार्थ विहार, एनएच-24, गाजियाबाद	17-07-2021 रू. 22,63,496/-	31-01-2021
42.	सुनील गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, रेणु गुप्ता, कविता गुप्ता, गुप्ता इंडस्ट्रीज, एसपी एंटरप्राइजेज, एफ17/91, सेक्टर-8, रोहिणी, दिल्ली/ खाता नंबर - एलबीडीईएल00005055522	सम्पत्ति सं. 92, छत टेरेस के अधिकार सहित, ब्लॉक एफ, पाकेट-17, सेक्टर-8, रोहिणी, दिल्ली	31-07-2021 रू. 22,35,523.2/-	11-01-2021
43.	प्रशांत कुमार, राम नरेश शर्मा, ए-208, पार्श्वनाथ प्रेस्टिज, सेक्टर-93 ए, नोएडा खाता :- एलबीएनओडी00001849412	फ्लैट नंबर केपीए 15 - 101, केनिंग्सटन पार्क-1, जेपी ग्रीन्स, नोएडा, नोएडा	31-07-2021 रू. 21,93,752.7/-	11-03-2021
44.	नीरज मिश्रा, पुष्पा मिश्रा, ग्राम बरोला, सेक्टर-49, नोएडा, उत्तर प्रदेश - 201301 खाता :- एलबीजीयूआर00004860701	फ्लैट नंबर 2002, 20वां तल, फ्यूचर एस्टेट टावर एच, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा	17-07-2021 रू. 22,06,699/-	07-12-2020
45.	सैलेश कुमार, सीमा श्रीवास्तव, फ्लैट नंबर 2बी, 011, जीसी ग्रैंड वैभव खंड, शिप्रा सन सिटी, गाजियाबाद खाता :- एलबीजीयूआर00003041118	फ्लैट नंबर एफ-3, एमआईजी, प्लॉट नंबर 4/296, सेक्टर-4, वैशाली, गाजियाबाद	04-08-2021 रू. 23,14,466.05/-	30-09-2020

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 19 नवम्बर, 2021
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

ग्रेटर नोएडा के 6 अभियंताओं ने किया घोटाला, गिरेगी गाज

बिल्डर को पहुंचाया करोड़ों रुपए का अनुचित लाभ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में तैनात रहे 6 अभियंताओं ने पावर कॉरपोरेशन को करीब 8.36 करोड़ रुपये का चूना लगाया है। इन्होंने शहर के एक बड़े बिल्डर के साथ मिलकर यह घोटाला किया है। मामले की जांच के लिए समिति ने अभियंताओं की पुष्टि करते हुए पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी को रिपोर्ट सौंप दी है। इनमें से तीनों अभियंताओं पर जल्द कार्रवाई हो सकती है।

मिली जानकारी के मुताबिक पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निदेशक तकनीकी राकेश कुमार राना ग्रेटर नोएडा के तत्कालीन अधीक्षण अभियंता वितरण खंड के तत्कालीन अधिशासी अभियंता लाल सिंह राकेश और प्रभात कुमार सिंह पारेषण के अधिशासी अभियंता प्रवीन कुमार एसडीओ अजय कुमार और अवर अभियंता अरविंद कुमार दोषी पाए गए हैं। पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने सभी को आरोप पत्र दे दिए गए हैं। इस संबंध में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में 3 सदस्यीय समिति भी गठित की गई है। समिति की रिपोर्ट पर प्रबंधन सभी के खिलाफ बर्खास्तगी तक की कार्रवाई करने की तैयारी में हैं।

कारपोरेशन अध्यक्ष एम देवराज ने बताया कि जांच में दोषी पाए गए अभियंताओं को आरोप पत्र दे दिए गए हैं। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक सूर्यपाल गंगवार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है। समिति में निदेशक वित्त और विद्युत सेवा आयोग के अध्यक्ष को रखा गया है। समिति आरोपों के जवाब का परीक्षण कर एक माह में रिपोर्ट प्रबंधन को देगी। रिपोर्ट मिलने के बाद प्रबंधन दोषियों के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई करने की तैयारी में है।

स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप शुरू, राज्यसभा सांसद ने किया उद्घाटन

गाजियाबाद। गाजियाबाद बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में महामाया स्टेडियम में तीन दिवसीय जूनियर बैडमिंटन यूपी स्टेट चैंपियनशिप गुरुवार को शुरु की गई। चैंपियनशिप का उद्घाटन राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल और गाजियाबाद बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित जायसवाल ने संयुक्त रूप से किया। चैंपियनशिप में प्रदेश भर से 365 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

चैंपिनशिप के उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने कहा कि खेल के जरिए व्यक्ति में संघर्ष की क्षमता और लीडरशिप का विकास होता है। केंद्र और प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए सभी तरह के प्रयास कर रही है। प्रदेश स्तर की इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को भी प्रदेश सरकार की ओर से कई तरह की सुविधाएं दी जाएंगी।

नोएडा के सभी स्कूल, कॉलेज 21 नंवबर तक रहेंगे बंद

बढ़ते प्रदूषण को लेकर जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने दिया निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- सरकारी और अर्धसरकारी संस्थाओं में 50 प्रतिशत कर्मचारी ही रहेंगे मौजूद

बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए गौतमबुद्धनगर जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। बुधवार को जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा के सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूल 21 नवंबर तक बंद रहेंगे।

इसके अलावा बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए सरकारी और गैर सरकारी संस्थान में केवल 50 फ सिदी कर्मचारी ही मौजूद रहेंगे। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के बाद केंद्र सरकार ने एनसीआर के सभी जिला प्रशासन को प्रदूषण रोकथाम के लिए सख्त कदम उठाने का आदेश दिया है। आदेश के बाद गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने एक बैठक की। इस बैठक में जिला पर्यावरण समिति और जिला एयरप्लेन समिति के अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान सुहास एलवाई ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि जनपद में प्रदूषण रोकथाम के लिए प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट और कूड़े का ठीक तरीके से निस्तारण किया जाए। एनजीटी के नियमों का पालन करवाया जाए।

इसके अलावा खाली स्थान पर कूड़ा इकट्ठा करने और जलाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि वाहनों की ओवरलोडिंग आदि के संबंध में जांच किए जाएं और कमियां पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

जिले में पराली जलाने पर रोकथाम लगाई जाए और जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूल और कॉलेज 21 नवंबर 2021 तक बंद रहेंगे। इसके अलावा सरकारी और अर्ध सरकारी संस्थाओं में केवल 50 प्रतिशत कर्मचारी ही मौजूद रहेंगे।

आग से सोसाइटी की दुकानें जलीं, भारी नुकसान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

घटना के बाद मौके पर जमा लोगों की भीड़। फोटो : दीपक यादव

थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के सेक्टर 75 स्थित एक सोसाइटी में बनी दुकानों में बृहस्पतिवार तड़के भयंकर आग लग गई। मुख्य दमकल अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर 75 में स्थित गोल्फ सिटी-2 में मनीष गौतम की दुकान में तड़के चार बजे अज्ञात कारणों से भयंकर आग लग गई और इस आग ने आसपास की कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया।

उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की सात गाड़ियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकानों के ऊपर फ्लैट बने हुए हैं और कई लोगों की बालकनी में रखे कपड़े, वाशिंग मशीन, व एयर कंडीशन आग की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जीडीए का दो दिवसीय आवास मेला संपन्न

गाजियाबाद। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का दो दिवसीय आवास मेला गुरुवार को सम्पन्न हो गया। जिसमें दूसरे दिन कुल 37 आवंटियों ने अपनी सम्पत्ति की रजिस्ट्री के लिए आवेदन किया। जिसमें नौ संपत्तियों का निष्पादन भी कराया गया।

कुल मिलाकर आवास मेले में 72 आवंटियों ने आवेदन किया जिसमें 18 निष्पादित कर दी गयी। जीडीए अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि इस मेले में कोई भी व्यक्ति पहले आओ पहले पाओ के आधार पर जीडीए की संपत्तियों की खरीद-फरोख्त भी कर सकता था।

बकरी चोरी के कारण हुई महिला की हत्या, 3 गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। हापुड़

थाना देहात पुलिस व एसओजी टीम ने पूर्व में गांव असौड़ा में हुई महिला की हत्या करने वाले पशु चोर गिरोह के तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से तमंचा, कारतूस, कार व मोटरसाईकिल बरामद की है।

एसपी दीपक भूकर ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के गांव असौड़ा के पास अमन कॉलोनी में चोरी करते समय विरोध कर रही महिला को चोरों ने चाकू से घायल कर दिया था, जिसकी मौके पर मृत्यु हो गई थी और बकरी चोर भाग गए थे। थाना हापुड देहात व एसओजी की पुलिस टीम ने पशुचोर गिरोह के तीन आरोपी प्यार उर्फ अनस पुत्र शरीफ निवासी मौहल्ला लक्खीपुरा थाना लिसाडी गेट मेरठ व इरफान उर्फ बोना पुत्र मौहम्मद शौकत अली निवासी मौहल्ला मजीदपुरा हापुड, रहीस पुत्र हमीद कुरैशी निवासी खुशाल कालौनी मेरठ को टियाला बाईपास के पास से गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के बारे में जानकारी देते एसपी हापुड़ दीपक भूकर।

यमुना एक्सप्रेसवे पर जाम के झाम से मिलेगी मुक्ति

चार गुना बढ़ेगी फास्टैग लाइन की सुविधा, जेपी इंफ्राटेक-आईडीबीआई के बीच हुआ समझौता

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

फाइल फोटो

यमुना एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा पर लोगों को जाम की समस्या का काफी सामना करना पड़ता है। जिसे देखते हुए अब यमुना एक्सप्रेसवे पर फास्टैग की लाइन बढ़ाने का फैसला किया है। बुधवार को यमुना अथॉरिटी में जेपी इंफ्राटेक और आईडीबीआई के बीच बातचीत से समझौता हो गया है। यमुना एक्सप्रेसवे पर फिलहाल 12 फास्टैग की लाइनें हैं।

यमुना एक्सप्रेसवे पर वाहनों की संख्या काफी ज्यादा बढ़ गई है। इसके चलते टोल प्लाजा पर जाम लग जाता है। जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। अभी वाहन चालकों को जेवर, मथुरा और आगरा में टोल कटवाने से अक्सर जाम की समस्या का सामना करना पड़ता था। इसके चलते फास्टैग लाइन की संख्या बढ़ाने को लेकर जेपी इंफ्राटेक और आईडीबीआई के बीच अनुबंधन हुआ है। यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुणवीर सिंह ने बताया कि एक्सप्रेसवे पर सफर के लिए 22 दिसंबर 2021 के बाद फास्टैग लाइन की संख्या बढ़ाकर 48 की जानी है। फास्ट्रैक के वाहनों की संख्या ज्यादा होने की वजह से एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा पर जाम लग जाता है। ऐसे में फास्टैग लाइन की संख्या चार गुना होने के बाद जेवर, मथुरा और आगरा टोल प्लाजा पर जाम की समस्या समाप्त हो जाएगी।

डॉ अरूण वीर सिंह ने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा पर वाहनों का दबाव ज्यादा होता है। अधिकतर सुबह-शाम के समय जाम की स्थिति बनी होती है। जिसकी वजह से लोगों को करीब 20 से 25 मिनट तक इंतजार करना पड़ता है लेकिन अब इंतजार का समय खत्म होने वाला है। यमुना एक्सप्रेसवे पर मौजूद टोल प्लाजा पर 4 गुना फास्टैग की सुविधा की जा रही है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

साल 2025 तक साफ होगी यमुना

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने जारी किया एक्शन प्लान, बोले- छह सूत्री कार्ययोजना तैयार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

फाइल फोटो

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि फरवरी 2025 तक यमुना को स्नान योग्य बनाने के लिए उनकी सरकार ने छह सूत्री कार्ययोजना तैयार की है। उन्होंने कहा कि नए मलजल शोधन संयंत्र बनाए जा रहे हैं और पुराने संयंत्र को तकनीकी रूप से उन्नत किया जाएगा।

केजरीवाल ने कहा कि इससे हमारी मलजल शोधन क्षमता लगभग 60 करोड़ गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) अपशिष्ट जल से बढ़कर 750 एमजीडी- 800 एमजीडी हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि यमुना में जिन चार प्रमुख नालों- नजफगढ़, बादशाहपुर, सप्लीमेंट्री और गाजीपुर का पानी आता है, उनकों उनके मूल स्थान पर ही शोधित किया जा रहा है।

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता ने कहा कि सरकार यमुना में औद्योगिक कचरे विसर्जित करने वाले उद्योगों को बंद कर देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'झुग्गी-झोपड़ी' से आने वाले अपशिष्ट जल को सीवर नेटवर्क से जोड़ा जाएगा, जिनका पानी अभी यमुना में जाता है। सरकार उन क्षेत्रों में घरेलू 'कनेक्शन' उपलब्ध कराएगी जहां सीवर नेटवर्क है। पहले उपभोक्ताओं को 'कनेक्शन' खुद लेना पड़ता था।

केजरीवाल ने कहा कि हमारे अभियंताओं तथा अधिकारियों को उम्मीद है कि हम छह सूत्री कार्ययोजना लागू कर फरवरी 2025 तक यमुना को साफ कर पाएंगे। संबंधित प्रत्येक कार्य के लिए विशिष्ट लक्ष्य तय किए गए हैं, मैं व्यक्तिगत रूप से इसकी प्रगति की निगरानी करूंगा।

दिल्ली में एक दिन में लगभग 72 करोड़ गैलन अपशिष्ट जल उत्पन्न होता है। शहर भर में 20 स्थानों पर 35 एसटीपी, 597 एमजीडी तक मलजल का शोधन कर सकते हैं और अपनी क्षमता का लगभग 90 प्रतिशत उपयोग कर रहे हैं।

वहीं, विशेषज्ञों के अनुसार, यमुना में झाग की प्राथमिक वजह डाई उद्योग में इस्तेमाल फोस्फेट की उच्च मात्रा, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश के घरों और धोबी घाट पर इस्तेमाल होने वाले डिटर्जेंट है। 'कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट' (सीईटीपी) और एसटीपी की जलशोधन की खराब गुणवत्ता अन्य कारण हैं।

गौरतलब है कि छठ पूजा के अवसर पर यमुना नदी की सतह पर तैरते झाग में पूजा करते व्रतियों की तस्वीरें और वीडियो सामने आने के बाद दिल्ली में सत्तारूढ़ आप और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच राजनीतिक खींचतान शुरू हो गई है।

सीएम मुद्दों को भटकाने में माहिर

नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विषय को भटकाने में माहिर हैं और आज वायु प्रदूषण पर चल रही चर्चा के बीच उन्होंने यमुना सफाई का मुद्दा उठाकर लोगों को विषय भटकाने और वायु प्रदूषण पर जवाबदेही से बचने का प्रयास किया है।

निस्संदेह यमुना सफाई एक जरूरी मुद्दा है पर आज जब सर्वोच्च न्यायालय सहित सारी दिल्ली प्रदूषण से बचाव पर ध्यान केंद्रित किये हुऐ हैं ऐसे में अचानक चुनावी भ्रमण से लौट कर मुख्यमंत्री ने यमुना सफाई का एक्शन प्लान रखा जिससे दिल्ली वाले स्तब्ध हैं। कपूर ने ट्वीट कर सीएम से मांग की है कि वह गुमराह करना छोड़कर प्रदूषण के नियंत्रण करने के उपायों पर ध्यान दें।

यमुना साफ करने में बहे करोड़ों : कांग्रेस

सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी की फटकार के बाद गंदगी को साफ करने में गंभीरता नहीं दिखाई : चौ. अनिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त करने के मद्दे पर प्रदेश कांग्रेस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है। पार्टी के नेता का कहना है कि प्रदूषण के मामले में चौतरफा घिरने के बाद दिल्ली वालों का ध्यान भटकाने के लिए वर्ष 2025 तक यमुना सफाई करने की दुहाई दे रहे है जबकि साल 2015 सत्ता में आते ही उन्होंने चार साल में यमुना की सफाई का वायदा किया था। लेकिन पिछले 7 वर्षों में करोड़ो रुपये खर्च करने के बाद भी झूठे वायदों के अलावा यमुना सफाई से संबधित कोई योजना शुरु नहीं की गई।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल यमुना सफाई के लिए जिन 6 बिंदुओं पर एक्शन प्लान बनाकर युद्ध स्तर की यमुना नदी की साफ सफाई की बात कर रहे है। सच्चाई यह है कि दिल्ली सरकार ने गंभीरता से यमुना सफाई के लिए ठोस योजना ही नहीं बनाई।

सीवरेज ट्रीटमेंट, नालों की सफाई, औद्योगिक वेस्ट, झुग्गी झोंपड़ी की गंदगी, सीवर कनेक्शन और सीवर नेटवर्क में से किसी बिंदु पर केजरीवाल सरकार ने गत सात सालों में कोई योजना कार्यान्वित नहीं की, क्योंकि अत्यधिक योजना भ्रष्टाचार की पर भेट चढ़ गए। कुमार ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि केजरीवाल हर योजना को युद्ध स्तर पर चलाते है जैसे प्रदूषण के विरुद्ध युद्ध, रेड लाईट आन- गाड़ी ऑफ के बावजूद प्रदूषण खतरनाक स्तर बना हुआ है। जिस 600 एमजीडी सीवर ट्रीटमेंट की बात केजरीवाल कह रहे है उसमें वर्ष 2012-13 में शीला सरकार के समय 545 एमजीडी सीवेज ट्रीटमेंट क्षमता थी।

केजरीवाल सत्ता आने के बाद एसटीपी की क्षमता नहीं बढ़ाई अब 800 एमजीडी तक सीवरेज ट्रीटमेंट क्षमता 2025 तक नए प्लांट कोरेशन प्लांट, ओखला, कोंडली और रिठाला ट्रीटमेंट प्लांट बनाकर क्षमता बढ़ाने की बात करके दिल्ली के लोगों को गुमराह कर रहे हैं। अनिल के मुताबिक चार मुख्य नालों नजफगढ़, बादशाहपुर, गाजीपुर और सप्लीमेंट्री ड्रेन की सफाई करने के नाम करोड़ों रुपये भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गए है परंतु आज तक एक नाले के पानी को यमुना में जाने से पूर्व ट्रीट नहीं किया है।

प्रदूषण पर बहस करने के लिए केजरीवाल तैयार नहीं : भाजपा

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली में प्रदूषण को लेकर गंभीर नहीं है, उनका जोर प्रदूषण समाप्त करने पर नहीं बल्कि दिखावे पर अधिक है। इसलिए वह भाजपा प्रतिनिधि मंडल से मिलने से मना कर दिया। यह आरोप प्रदेश भाजपा नेताओ ने लगाया है।

प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता एवं नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल गुरुवार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर प्रदेश में बढ़ते प्रदूषण को लेकर बातचीत करने के लिए मिलने गए, लेकिन भाजपा प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री आवास के बाहर ही रोक दिया गया क्योंकि हकीकत यह है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रदूषण को लेकर किसी भी तरह की चर्चा करने के पक्ष में ही नहीं है।

फेसबुक से 3 माह का रिकॉर्ड पेश करने को कहा

दिल्ली विधानसभा समिति ने फरवरी 2020 हुए दंगे में किया तलब

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा की एक समिति ने गुरुवार को 'फेसबुक इंडिया' से कहा कि वह उत्तर पूर्वी दिल्ली में फरवरी 2020 में हुए दंगों से एक महीने पहले और दो महीने बाद फेसबुक पर डाली गई सामग्री पर उपयोगकर्ताओं की रिपोर्ट (शिकायत) के रिकॉर्ड पेश करे।

विधानसभा की शांति और समरसता समिति के अध्यक्ष राघव चड्ढा ने फेसबुक इंडिया (मेटा प्लेटफॉर्म्स) के 'पब्लिक पालिसी' निदेशक शिवनाथ ठुकराल के आवेदन पर सुनवाई के बाद रिकॉर्ड पेश करने के लिए कहा। चड्ढा ने फेसबुक के अधिकारी से कंपनी की संगठन संरचना, शिकायत सुनने की व्यवस्था, सामुदायिक मानकों और घृणा पैदा करने वाले पोस्ट की परिभाषा के बारे में भी पूछा।

ठुकराल ने कहा कि फेसबुक कोई कानून प्रवर्तन एजेंसी नहीं है लेकिन जरूरत प?ने पर वह ऐसी एजेंसियों से सहयोग करती है। सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि जब असल दुनिया में घटनाएं होती हैं तो वे हमारे मंच पर भी दिखाई देती हैं। हम अपने मंच पर घृणा का प्रसार नहीं चाहते। कुछ बुरे लोग हैं जिनके विरुद्ध कार्रवाई करने की जरूरत है।

ठुकराल ने कहा कि फेसबुक में सामग्री प्रबंधन पर काम करने के लिए 40 हजार लोग हैं जिसमें से 15 हजार लोग सामग्री में संशोधन करते हैं। सामुदायिक मानकों के विरुद्ध सामग्री पाए जाने पर वह मंच से तत्काल हटा ली जाती है।

समिति ने गलत, भड़काऊ और बुरी नीयत से भेजे गए संदेशों पर लगाम लगाने में सोशल मीडिया मंचों की अहम भूमिका पर विचार रखने के लिए फेसबुक इंडिया को तलब किया था।

शहर में आ सकेंगे छोटे कॉमर्शियल इलेक्ट्रिक वाहन

एल-5-एन और एन-1 श्रेणी के ईवी गाड़ियों को सड़क पर उतरने की अनुमति : गहलोत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली अब चौबीस घंटे माल वाहक इलेक्ट्रिक गाड़ियां दौड़ सकेंगी। दिल्ली सरकार ने इस संबंध में अपनी मंजूरी दे दी है।

यह निर्णय इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बुधवार को दिल्ली परिवहन विभाग द्वारा अधिसूचित तय समय के दौरान चिन्हित सड़कों पर चलने और पार्किंग के लिए इलेक्ट्रिक हल्के माल वाहक वाहनों को छूट देने का एलान किया। एल-5-एन श्रेणी के थ्री-व्हीलर माल वाहक और एन-1 श्रेणी के इलेक्ट्रिक माल ढोने वाले वाहन, जिनका कुल वजन 3.5 टन से अधिक नहीं है। वे अब किसी भी समय सड़कों पर चल सकेंगे।

कैलाश गहलोत ने संवददाता सम्मेलन में का कि व्यस्त समय के दौरान भीड़भाड़ और वाहनों से होने वाले प्रदूषण के कारण वाणिज्यिक वाहनों की आवाजाही पर 250 प्रमुख सड़कों पर और बिजी ऑवर्स के दौरान सुबह 7 से 11 बजे तक और शाम को 5 बजे से 9 बजे तक प्रतिबंध है। ईवी पॉलिसी के तहत किए गए प्रत्येक वादे को अच्छे तरीके से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और माल वाहक ईलेक्ट्रिक गाड़ियों को सड़कों पर उतरने की छूट देने का प्रावधान उसी का प्रमाण है।

यातायात पुलिस ने रोके ट्रक

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बिगड़ती वायु गुणवत्ता के मद्देनजर, दिल्ली यातायात पुलिस ने गुरुवार को एक परामर्श जारी कर आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले ट्रकों को छोड़कर अन्य ट्रकों के 21 नवंबर तक शहर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। विशेष पुलिस आयुक्त (यातायात) मनीष कुमार अग्रवाल ने कहा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा वायु प्रदूषण से निपटने के लिए जारी किए गए उपायों को संबंधित एजेंसियों और विभागों की ओर से सख्ती से लागू किया जाना है। उन्होंने कहा कि उपायों में 21 नवंबर तक दिल्ली में आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले ट्रकों को छोड़कर अन्य ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाना भी शामिल है जिसपर आगे समीक्षा की जानी है।

यातायात पुलिस ने भी दिल्ली सरकार के फैसले के अनुसार इस संबंध में एक सर्कुलर जारी कर दिया है। इस पॉलिसी को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए ट्रैफिक पुलिस के साथ कई दौर की बैठकें हुई थी और उसके बाद अब इसे अधिसूचित कर दिया गया है।

गहलोत ने कहा कि ईवी पॉलिसी की शुरू करने के बाद से इलेक्ट्रिक लाइट कमर्शियल व्हीकल्स की बिक्री 46 फीसदी से बढ़कर 1054 हो गई है, जो पंजीकरण में 95.6 फीसद की वृद्धि है।

नानक साहिबु मनि वसै सचा नावणु होइ || 1 || अंग 146
सुखदाता सेवे निरमलु होइ || 6 || अंग 1343

हरियाणा सरकार
आज़ादी का अमृत महोत्सव

श्री गुरु नानक देव जी
के
प्रकाशोत्सव
की देशवासियों को
लक्ख-लक्ख बधाई
— शुक्रवार, 19 नवम्बर, 2021 —



"गुरु नानक साहिब ने सारी मानवता को किरत करने, नाम जपने, वंड छकने और एक परमेश्वर की बंदगी करने के लिए प्रेरित किया है। हमें उनके बताए आदर्शों के अनुसार अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए और समाज कल्याण में भी अपना योगदान देना चाहिए।"
- मनोहर लाल

"गुरु नानक देव जी सिर्फ सिख पंथ की, भारत की ही धरोहर नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रेरणा-पुंज हैं।
गुरु नानक देव जी एक गुरु होने के साथ-साथ एक विचार हैं, जीवन का आधार हैं। एक तरफ उन्होंने सामाजिक दर्शन के जरिए समाज को एकता, भाईचारे और सौहार्द का रास्ता दिखाया, वहीं, दूसरी तरफ समाज को एक ऐसी आर्थिक व्यवस्था की भेंट दी, जो सच्चाई, ईमानदारी और आत्मसम्मान पर टिकी है।"
- नरेन्द्र मोदी

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा । www.prharyana.gov.in | @DiprHaryana

प्रकाश पर्व के साथ गुरुद्वारे में अदा होगी जुम्मे की नमाज!

नमाज अता करने के लिए गुरुग्राम के गुरुद्वारों के खुले द्वार

सार्वजनिक स्थलों पर नमाज का हिंदू संगठनों के विरोध के बीच सिखों का बड़ा फैसला

नमाज अता करने गुरुद्वारे में मुस्लिम पहुंचेंगे या नहीं, आज चलेगा पता

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में नमाज को लेकर काफी समय से चल रहे विवाद के बीच अब यहां सिखों ने भी कदम बढ़ाया है। हालांकि उनका कदम नमाज के विरोध में नहीं है, बल्कि उन्होंने गुरुद्वारे में नमाज पढ़ने का न्यौता देते हुए नमाजियों का स्वागत किया है। साथ ही कहा है कि कोरोना के नियमों का पालन करते हुए गुरू के घर गुरुद्वारे में नमाज अता की जा सकती है। अब देखना है कि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा लिए गए इस निर्णय पर मुस्लिम नमाज अता करने गुरुद्वारा पहुंचते हैं या नहीं।

पूर्व में जिला प्रशासन ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नमाज अता करने के लिए कुछ स्थान निश्चित किए थे, लेकिन हिंदू धार्मिक संस्थाओं ने इनका भी विरोध किया था। जिसके कारण जिला प्रशासन ने भी दी हुई अनुमति वापिस ले ली थी। खुले में नमाज को लेकर काफी आरोप-प्रत्यारोप चलते रहे हैं।

दोनों समुदायों के बीच खींचतान चल रही है। हालांकि दोनों समुदायों के साथ बैठक करके प्रशासन ने भी मामले को सुलझाने के प्रयास किए हैं। अब इस मामले में सिख समुदाय ने भी पहल कर दी है। हालांकि सिखों ने नमाज का विरोध नहीं किया है, बल्कि गुरुद्वारे में आकर नमाज अता करने को कहा है। हालांकि अंदरखाने हिंदू संगठनों में गुरुद्वारा प्रबंधक के खिलाफ नाराजगी है। हिंदू इस निर्णय का कोई विरोध करेंगे या नहीं, इस पर अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

गुरुपर्व पर गुरुग्राम में गुरुद्वारों को कुछ इस तरह से सजाया गया रंग-बिरंगी लाइटों से। फोटो : संजय कुमार मेहरा।

सभी गुरुद्वारों के द्वारा सदा खुले हैं: शेर दिल सिंह

बता दें कि गुरू सिंह सभा के अध्यक्ष शेर दिल सिंह सिद्धू ने घोषणा की है कि किसी भी धर्म के लोगों के पूजा-पाठ के लिए गुरुद्वारों के द्वार सदैव खुले हैं। यदि मुस्लिम समुदाय चाहता है कि शुक्रवार यानि कि जुम्मे की नमाज गुरुद्वारों में अता की जाए तो उनके लिए शहर के पांचों गुरुद्वारे खुले हैं। वे वहां पर नमाज अता कर सकते हैं। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी उनकी घोषणा को एक सराहनीय घोषणा बताया है। मुस्लिम समुदाय के लोगों का कहना है कि उनकी इस घोषणा से उन लोगों के लिए एक बड़ा संदेश है, जो सार्वजनिक स्थान पर नमाज पढ़ने से मना कर रहे थे।

युवा कारोबारी ने दुकान और सर्विस स्टेशन में नमाज की दी थी अनुमति

इससे पूर्व सेक्टर-12 के एक युवा कारोबारी राव अक्षय ने भी उन्हें अपने खाली पड़े दुकान व सर्विस स्टेशन परिसर में नमाज अता करने की अनुमति दे दी थी। सिख समाज की इस घोषणा का स्वागत तो मुस्लिमों ने किया है, लेकिन वे जुम्मे की नमाज अता करने गुरुद्वारों में पहुंचेंगे या नहीं, इस पर सबकी नजर टिकी हुई हैं। सिखों द्वारा की गई इस घोषणा के बाद समाचार लिखे जाने तक पुलिस और प्रशासन ने कोई निर्णय नहीं लिया था।

इतिहास को देखे सिख समुदाय: कुलभूषण भारद्वाज

सिखों द्वारा गुरुद्वारे में नमाज अता करने के लिए निर्णय पर हिंदू संगठनों का नेतृत्व करने वाले एडवोकेट कुलभूषण भारद्वाज का कहना है कि ऐसा निर्णय लेने से पहले सिख समुदाय को इतिहास पर नजर डालनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदू संगठनों का खुले में नमाज का विरोध है, वह जारी रहेगा।

गुरुग्राम की आबोहवा सुधारेगा पर्यावरण संरक्षण विभाग : नवीन गोयल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

प्रदूषण का स्तर कम करने को अब पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा ने कमर कस ली है। नए और पुराने गुरुग्राम में टैंकर्स के माध्यम से छिड़काव का काम शुरू कर दिया गया। विभाग के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल ने दावा किया है कि आगामी 10 दिन में प्रदूषण का स्तर कम करने के भरसक प्रयास होंगे। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि इस काम में सहयोग करें।

गुरुवार को यहां कंपनी बाग से शुरू किए गए छिड़काव कार्य से पूर्व पत्रकार वार्ता में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि इस समय एनसीआर में प्रदूषण काफी खतरनाक स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसे सुधारने के लिए हम सबको मिलकर काम करना है। उन्होंने कहा कि इस महीने में पहले फॉग यानी धुंध होती थी, लेकिन आज

गुरुग्राम में प्रदूषण का स्तर कम करने को छिड़काव के लिए टैंकर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते नवीन गोयल।

प्रदूषण के कारण स्मॉग रहता है। इसका सबसे बड़ा कारण आमजन की पर्यावरण के प्रति उदासीनता है। अब समय है अपने जीवन को ढंग से जीने के लिए पर्यावरण को साफ रखने का। उनका सभी नागरिकों, आरडब्ल्यूए, स्वयंसेवी संस्थाओं से अनुरोध है कि वे अपने-अपने घरों के पास, अपने-अपने क्षेत्रों में पानी की छिड़काव करें। हम सबकी भागीदारी से एक्यूआई स्तर कम होगा। नवीन गोयल ने कहा कि पर्यावरण आज सभी के लिए ज्वलंत मुद्दा है। यमुना में गंदगी को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा आरोप-प्रत्यारोप के सवाल पर नवीन गोयल ने कहा कि यह समय राजनीति का नहीं है। जनता की प्रदूषण से राहत देने के लिए काम किया जाए। उन्होंने यमुना पर कहा कि हरियाणा के क्षेत्र में यमुना बिल्कुल साफ है, जबकि दिल्ली में उद्योगों की गंदगी यमुना में डाली जाती है।

विभाग प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल ने नागरिकों से कहा वे भी सहयोग करें

इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण विभाग के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा प्रीतम राघव, भाजपा एनआरआई सेल के प्रदेश प्रभारी संदीप देसवाल, कर्मचारी प्रकोष्ठ भाजपा के जिला सहसंयोजक पीसी जैन, रोहित, पन्नू, कृष्ण दलाल, समाजसेवी मनोज गुप्ता (गुड्डू), सेक्टर-56 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष हरीश यादव, मनोहर नगर आरडब्ल्यूए प्रधान ललित क्रांतिकारी, सोनू तायल आदि उपस्थित रहे।

शहीद यादव के कंधों पर अहीर रेजीमेंट लिखा होना ही सच्ची श्रद्धांजलि

कहा, देश की रक्षा को यादव समाज ने सबसे अधिक कुर्बानियां दीं

गुरुग्राम। यादव शौर्य दिवस के मौके पर यादव समाज द्वारा गुरुग्राम के रेजांगला चौक पर एकत्रित होकर रेजांगला युद्ध में शहीद हुए 114 जाबांजों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस दौरान शिकोहपुर के राज यादव व विजय यादव के नेतृत्व में अहीर रेजीमेंट की मांग को लेकर 11 नवंबर से लेकर दक्षिण हरियाणा में लगातार निकाली जा रही जागरूकता यात्रा का भी समापन किया।

इस मौके पर शहीद रेजांगला पार्क में यादव समाज के युवाओं व बुजुर्गों ने एक सभा करके सरकार से मांग की कि अहीर रेजीमेंट की मांग को अतिशीघ्र पूरी की जाये। विजय यादव समाज ने देश की रक्षा के लिए सबसे अधिक जाने न्योछावर की है, लेकिन दशकों के संघर्ष के बाद भी सरकारें अहीर समाज

गुरुग्राम में रेजांगला चौक पर शहीदों को नमन करते राज यादव व अन्य।

के नाम से रेजीमेंट बनाकर सम्मान देने की मांग को अनदेखा कर रही है। वहीं राज यादव ने कहा की जिन वीरों ने राष्ट्र के नाम अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। अनेक बलिदान दिए। अगर उनके नाम से अहीर रेजिमेंट बनाया जाए तो वही उन शहीद मां भारती के लाडलों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्हें किसी भी हद तक संघर्ष करना पड़े वो अपना कदम पीछे नहीं हटाएंगे। इस दौरान यादव समाज से भी एकजुट होने की अपील की कि अगर यादव समाज नहीं जागा तो यह संघर्ष अगली पीढ़ी तक भी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाएगा।

भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाने पर आप पार्षद किए गए निलंबित : आप

निलंबन के खिलाफ कोर्ट जाएंगे : आतिशी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता व विधायक आतिशी ने कहा कि भाजपा ने पूर्वी दिल्ली नगर निगम में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाने पर आम आदमी पार्टी के पार्षदों को निलंबित कर दिया है। आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने जब पूछा कि डेंगू-मलेरिया का प्रकोप क्यों बढ़ रहा है तो उसका जवाब देने से बचने के लिए पार्षदों को निलंबित कर दिया। पार्षदों को गलत तरीके से निलंबित के खिलाफ आप कोर्ट जाएगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासित एमसीडी ने भ्रष्टाचार-कुशासन कम करने, डेंगू मलेरिया से बचाव के उपाय करने, साफ-सफाई और पार्क का रखरखाव करने की दिशा में कोई काम नहीं किया।

पूर्वी दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष मनोज त्यागी ने कहा कि डेंगू-मलेरिया सहित अन्य बीमारियों पर निष्पक्ष चर्चा की मांग करने पर आम आदमी पार्टी के पार्षदों को निलंबित किया गया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के पार्षदों ने आम आदमी पार्टी की महिला पार्षदों पर अपशब्द कहे जो कि बेहद ही शर्मनाक है। जिस तरह से पहले कोर्ट ने हमें सदन में शामिल करने का आदेश दिया था। उसी तरीके से दोबारा से कोर्ट हमारे पक्ष में निर्णय देगी।

ट्रेड फेयर में दिखा हरियाणा के विकास व संस्कृति का समन्वय

मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सांस्कृतिक संध्या में पेश की प्रदेश के विकास की तस्वीर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नई दिल्ली में प्रगति मैदान में आयोजित 40 वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में हरियाणा राज्य दिवस पर आयोजित %सांस्कृतिक संध्या% में मुख्य अतिथि के रूप हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि परिवारों के संदर्भ में विभिन्न प्रकार की उपयोगी जानकारियों के आधार पर 'परिवार पहचान-पत्र' जैसे उपयोगी कार्यक्रम को कार्यान्वित करने वाला हरियाणा देश का प्रथम राज्य है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को प्रगति मैदान आयोजित 40 वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में हरियाणा मंडप का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाएं प्रधानमंत्री

नई दिल्ली में प्रगति मैदान में आयोजित 40 वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में हरियाणा मंडप में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल।

नरेंद्र मोदी के दिखलाए मार्ग 'सबका साथ-सबका विकास,सबका विश्वास- सबका प्रयास' पर अग्रसर है। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मुख्यमंत्री परिवार अंत्योदय उत्थान' योजना के अंतर्गत उत्थान व कल्याण का कार्यक्रम तय किया गया है। हरियाणा राज्य के 01लाख रुपये से कम आय वाले 01 परिवारों की आय 02 लाख रूपये तक किए जाने के लिए रोजगार कार्यक्रम चलाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हरियाणा राज्य दिवस पर आयोजित 'सांस्कृतिक संध्या' में कलाकार ने शानदार हरियाणवी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की।

इस दौरान राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जागंडा, हरियाणा व्यापार मेला प्राधिकरण की मुख्य प्रशासक व महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रधान सचिव डॉ. जी अनुपमा, हरियाणा व्यापार मेला प्राधिकरण की प्रशासक सोफिया दहिया व सीएम विंडो कार्यक्रम के प्रभारी अनिल राव भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में हरियाणा के पैरालंपिक के पदक विजेता खिलाडी मनीष नरवाल, सुमित आंतिल, योगेश कथूनिया व सिहंराज अधाना भी मौजूद रहे।

द ग्रेट खली ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

खली को बिजली, पानी, स्कूल और अस्पताल पर किया गया काम पसंद आया : केजरीवाल

● पंजाब के युवाओं के नशीले पदार्थों के चंगुल में फंसने की खली ने सीएम से जताई चिंता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

डब्ल्यूडब्ल्यूई फेम के पहलवान द ग्रेट खली ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर केजरीवाल ने कहा कि खली ने देश दुनिया में भारत को गौरवांवित किया है।

उन्हें दिल्ली में बिजली, पानी, स्कूल और अस्पताल पर किया गया काम पसंद आया। उनकी सरकार एथलीटों को सहयोग देने के लिए कई योजनाएं चला रही है। प्ले एंड प्रोग्रेस स्कीम के तहत युवा एथलीटों को उनके पोषण, किट और प्रशिक्षण आदि के लिए तीन लाख रुपए की वित्तीय सहायता दे रही है। खली ने मुख्यमंत्री की अगुवाई में दिल्ली में

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात के दौरान डब्ल्यूडब्ल्यूई फेम के पहलवान द ग्रेट खली

हुए ऐतिहासिक विकास की जमकर सराहना की और समाज की बेहतरी के लिए सरकार के प्रयासों का समर्थन करने के लिए रुचि और इच्छा दिखाई। केजरीवाल के साथ बातचीत के दौरान खली ने अपने गृह राज्य पंजाब में युवा खिलाड़ियों के सामने आने वाली कठिनाइयों पर चिंता जाहिर की।

साथ ही युवाओं में नशीले पदार्थों के बढ़ते खतरे के संदर्भ में पंजाब की व्यथा के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि पंजाब के युवा अवैध मादक द्रव्यों का सेवन करने का लालच देने के बाद ड्रग माफिया के चंगुल में फंस जाते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किस तरह पंजाब के युवा बहुत ही कठिन चुनौती का सामना कर रहे हैं और लंबे समय से चली आ रही इस समस्या के कारण संघर्ष कर रहे हैं। नशीले पदार्थों के सेवन से अब तक अनगिनत युवाओं की जिंदगी बर्बाद हो गई है।

अयोध्या की रामलीला में दिखेगी कला और संस्कृति की झलक

गुरुग्राम में पत्रकार वार्ता के दौरान अयोध्या की रामलीला के कलाकार।

गुरुग्राम। अयोध्या की रामलीला का पर्यावरण प्रदूषण के चलते सरकार द्वारा जारी किए गए निर्देशों पर स्थान बदला गया है। सेक्टर-46 स्थित एचएसवी गलोबल स्कूल में होने वाली यह रामलीला अब झाड़सा के सामुदायिक केंद्र में होगी। गुरुवार को रामलीला के अहम किरदारों और रामलीला के अध्यक्ष ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी।

अयोध्या की रामलीला के अध्यक्ष सुभाष मलिक (बॉबी) ने कहा कि हमें बड़ा गर्व है कि अयोध्या की रामलीला जो विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है। अयोध्या के बाद अब यह रामलीला गुरुग्राम में होने जा रही है। प्रदूषण के चलते सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश मिला है, जिसके कारण अयोध्या की रामलीला की जगह बदली गई है। झाड़सा के सामुदायिक केंद्र में यह रामलीला दोपहर 21 नवम्बर 2021 को दोपहर 2 से सायं 6 बजे तक होगी। रामलीला में राम की भूमिका निभा रहे कलाकार राहुल बुच्चर ने कहा कि रामलीला के माध्यम से हम एक संस्कृति को दिखा रहे हैं।

सुधार के बावजूद वायु गुणवत्ता बहुत खराब

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार सुबह आठ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 344 दर्ज किए जाने के साथ ही वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में रही।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, गुरुवार को एक्यूआई में बुधवार की तुलना में मामूली सुधार आया है, जो कल 375 था। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि रविवार तक वायु गुणवत्ता में कोई खास सुधार नहीं आएगा।

वायु प्रदूषण के बारे में जानकारी देने वाले सीपीसीबी की 'समीर ऐप' के अनुसार, एक्यूआई गुरुवार सुबह आठ बजे फरीदाबाद में 354, गाजियाबाद में 364, ग्रेटर नोएडा में 324, गुरुग्राम में 325 और नोएडा में 333 रहा।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार को शहर में अभी तक का सबसे कम न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

स्वस्थ जीवनशैली करती है कैंसर से बचाव : विशेषज्ञ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर में बीमारी की जांच व इलाज के बारे मे दी जानकारी

राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी), रोहिणी नई दिल्ली, के दो अहम विशेषज्ञों ने कैंसर की जांच एवं इलाज से जुड़ी नई पद्धतियों, इनोवेशन और तरीकों पर जानकारी साझा करते हुए इस बात पर जोर दिया है कि कैंसर से बचने के लिए स्वास्थ जीवनशैली महत्वपूर्ण है।

आरजीसीआईआरसी के मेडिकल ओंकोलॉजी डायरेक्टर डॉ. विनीत तलवार ने पर्यावरण और कैंसर के बीच संबंधों पर शोध आधारित व्याख्यान और आरजीसीआईआरसी के सीनियर कंसल्टेंट, हेमेटो ओंकोलॉजी एंड बीएमटी, डॉ. नरेंद्र अग्रवाल ने ब्लड कैंसर प्रबंधन के नए आयामों पर जानकारी साझा की।

डॉ. विनीत तलवार ने कहा कि, बिगड़ते पर्यावरण और दोषपूर्ण जीवनशैली के कारण देश में कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। पर्यावरण की रक्षा और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से विशेष रूप से पंजाब जैसे राज्य में कैंसर के मामलों को कम करने में मदद मिल सकती है, जहां कैंसर ने चिंताजनक रूप ले लिया है। धूम्रपान, वायु प्रदूषण, डीजल के धुएं से फेफड़ों के कैंसर की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। प्लास्टिक कारखानों में, जहां बेंजीन कंपाउंड्स का उपयोग किया जाता है, वहां काम करने वालों में मूत्राशय के कैंसर का खतरा होता है। इसी तरह फंगल टॉक्सिन्स के संपर्क में आने वालों में लिवर कैंसर का खतरा अधिक होता है। डॉ. नरेंद्र अग्रवाल ने रक्त कैंसर के प्रबंधन पर नई जानकारियां साझा कीं।

संक्षिप्त समाचार

आज धूमधाम से मनाया जाएगा प्रकाश पर्व

गुरुग्राम। सिख पंथ के संस्थापक गुरु नानक देव जी की जयंती यानि कि प्रकाश पर्व का आयोजन शुक्रवार को साईबर सिटी क्षेत्र स्थित गुरुद्वारों तथा ग्रामीण क्षेत्रों स्थित गुरुद्वारों में भी धूमधाम से मनाया जाएगा। गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटियों द्वारा प्रकाश पर्व की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गुरुद्वारों को दुल्हन की तरह से रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। शहर के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रवक्ता का कहना है कि गुरु नानकजी के 552वें प्रकाश पर्व को लेकर अखंड पाठ गुरुद्वारों में रखे हुए हैं। ये पाठ भी चल रहे हैं। नगर कीर्तन का आयोजन भी किया जा रहा है। नगर कीर्तन का आयोजन भी होगा। प्रकाश पर्व की प्रात: सभी गुरुद्वारा गुरुवाणी और शबद कीर्तन का आयोजन भी किया जाएगा। पूरे दिन शबद कीर्तन व अरदास का आयोजन चलता रहेगा। उसके पश्चात लंगर का आयोजन होगा, जिसमें सिख समुदाय के ही नहीं, अपितु अन्य समुदायों के लोग भी बड़ी संख्या में लंगर छकेंगे। विशाल लंगर की व्यवस्था सभी गुरुद्वारों में की गई है। प्रकाश पर्व को लेकर सिख समुदाय में धार्मिकता देखने को मिल रही है। समुदाय के लोग अपने परिजनों के साथ गुरुद्वारा पहुंच रहे हैं।

सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की दिल्ली के अस्पताल में मौत

सोहना। सड़क दुर्घटना में घायल 48 वर्षीय व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक को गांव के ही युवक ने तेजी से अपनी बाइक से टक्कर मारी थी। पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बालूदा निवासी दिनेश ने सोहना सिटी थाना में अपने ही गांव के निवासी गोविन्द उर्फ साहित के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। दिनेश ने पुलिस को बताया कि उसके ताऊ का लड़का जोगिन्द्र मंगलवार की शाम को गांव से सोहना जा रहा था। सोहना की तरफ से गांव का ही निवासी गोविन्द उर्फ साहिल अपनी बाइक पर आ रहा था। जिसने शराब पी हुई थी। शराब के नशा में जोगिन्द्र की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे जोगिन्द्र बाइक समेत सड़क पर गिर गया। जोगिन्द्र को गंभीर हालत में पहले सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। उसके बाद नूंह के नल्लड़ अस्पताल में तथा वहां से भी डॉक्टरों द्वारा रेफर करने के बाद दिल्ली के एम्स ट्रामा सेंटर पर दाखिल कराया। जहां पर जोगिन्द्र ने गुरुवार की सुबह उपचार के दौरान दमतोड़ दिया। जोगिन्द्र की मौत गोविन्द उर्फ साहिल द्वारा बरती गई लापरवाही से हुई।

आपसी रंजिश में बेजुबान पर गाड़ी चढ़ाकर जान ले ली

सोहना। भोंडसी थाना के गांव अलीपुर में दो गुटों की आपसी रंजिश में पालतू कुत्ता को गाड़ी से कुचलकर मार देने का आरोप है। कुत्ता के मालिक ने आरोपी पर पहले भी कई बार जान लेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अलीपुर निवासी चमन डागर ने पुलिस को बताया कि गांव के ही निवासी अजय डागर से उनकी जमीन विवाद को लेकर रंजिश चल रही है। बुधवार की रात करीब पौने नौ बजे वह अपनी कार को लेकर बाहर से घर जा रहा था। उसने करीब आधा किलोमीटर पहले गांव के निवासी अजय डागर को उसकी गाड़ी में बैठा हुआ देखा। उसके साथ उसके दोस्त भी बैठे हुए थे। जिसने अपनी गाड़ी को उसकी कार का पीछा करने लगा। उसने जैसे ही अपने घर का गेट खोला। उसका पालतू कुत्ता गेट खोलने के साथ ही घर से बाहर निकल आया। उसने जैसे पीछे मुड़कर देखा तो अजय डागर तेजी से अपनी गाड़ी को उसकी तरफ ला रहा था। अजय डागर उसे जान से खत्म करने के इरादे से लेकर आया। लेकिन वह भागकर अपनी कार में बैठ गया। इस दौरान अजय डागर ने उसके कुत्ता को कुचल दिया। जिसके चीखने व चिल्लाने की आवाजें उसे सुनाई दीं। वह जल्दी से कार से बाहर निकला तो उसके कुत्ता की मौत हो चुकी थी। चमन डागर ने बताया कि अजय ने रंजिश के चलते उसके कुत्ता को कुचल कर मार दिया।

नगर परिषद के आम चुनाव की हलचल शुरू

सोहना। नगर परिषद के होने वाले आम चुनाव को लेकर परिषद कार्यालय में हलचल होनी शुरू हो गई है। आम चुनाव के लिए परिषद के म्यूनिसिपल इंजीनियर सुशील ठाकरान को नॉडल अधिकारी नियुक्त किया है। आम चुनाव के लिए परिषद कार्यालय को 26 नवंबर को ईवीएम मशीन चुनाव आयोग से सौंप दी जाएगी। प्रदेश में शहरी पंचायतों के चुनाव जल्द होने की संभावना है। जिसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। जिसको निष्पक्षता से सम्पन्न कराने के लिए शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने ईवीएम मशीनें वितरित करने के फरमान दे दिए हैं। जिसके तहत चुनाव आयोग का पंचकुला में स्थित राज्यस्तरीय कार्यालय से परिषद को 26 नवम्बर को ईवीएम मशीनें दी जाएंगी। चुनाव आयोग की तरफ से परिषद के आम चुनाव के लिए एसडीएम जितेन्द्र कुमार गर्ग को प्रशासक तथा परिषद के इंजीनियर सुशील ठाकरान को नॉडल अधिकारी की जिम्मेदारियां सौंप दी गई है। जिनकी देखरेख में चुनाव प्रक्रिया की सभी गतिविधियां होंगी। इसके अलावा बिल्डिंग इंस्पेक्टर मनोज सिवाच व अजय लिपिक को ईवीएम लाने की जिम्मेवारी दी गई है।

बिल किसी का और भुगतान किसी से ले रहा है बिजली निगम

गुरुग्राम। गांव बिजवासन के बिजली उपभोक्ता रामवीर ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से पालम विहार स्थित बिजली निगम के एसडीओ को लीगल नोटिस भिजवाया है, जिसमें आरोप लगाए गए हैं कि उसके बिजली के बिल में 3 लाख 8 हजार 587 रुपये जोड़ दिए हैं। अब उससे कहा जा रहा है कि इसका भुगतान करें। जानकारी के अनुसार गांव बजघेड़ा के शीशपाल के नाम से पालम विहार क्षेत्र में एक कनेक्शन था, जिसका बकाया बढ़ते-बढ़ते 15 लाख 42 हजार 934 रुपये हो गया था। बिजली निगम ने वर्ष 2019 की 30 मई को बिजली का कनेक्शन काट दिया था। उनका कहना है कि फिर इसी जगह एक नया बिजली का कनेक्शन गीता के नाम दे दिया गया। गीता शीशपाल की पुत्रवधू है। इसके बाद उक्त धनराशि को 5 भागों में बांटकर 3 लाख 8 हजार 587 रुपये भरने के आदेश दिए गए। जिन लोगों को ये रुपये भरने थे, उनमें रामवीर, राहुल, दलवीर, सुनील व ब्रह्म शामिल हैं। यह पांचों बिजली कनेक्शन उस जगह पर नहीं हैं, जहां पर शीशपाल का कनेक्शन था।

शहर के गुरुद्वारों में गुरुपर्व को लेकर किए विशेष इंतजाम

कविता। फरीदाबाद

शहर के सभी गुरुद्वारे जगमग लाइटों से सजाए गए हैं। पायनियर टीम ने शहर के कुछ मुख्य गुरूद्वारा कमेटी के सदस्यों से बात की तो मालूम हुआ कि गुरूद्वारों में गुरुपर्व को लेकर एक महीने पहले से ही तैयारियां पूरी कर रखी थीं। जिसमें एनएच-एक स्थित गुरुद्वारा सिंहसभा, एपएच-पांच स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा, गुजरात ट्रेन गुरुद्वारा मुख्य है। एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में खराब सड़कों के कारण गुरुद्वारा कमेटियों द्वारा नगर कीर्तन न निकालने का निर्णय लिया है।

क्यों मनाते हैं गुरुपर्व

गुजरात ट्रेन गुरुद्वारा कमेटी के प्रमुख ग्रंथी ने बताया कि सिख धर्म के संस्थापक व प्रथम गुरु नानक देवजी के जन्म के उपलक्ष में गुरु पर्व मनाया जाता है। गुरु नानक देव जी के जन्मोत्सव की खुशी में

गुरुपर्व की तैयारियां पूरी, आज निकलेगा नगर कीर्तन

खराब सड़कों के कारण कुछ जगह केवल कीर्तन व लंगर

गुरुपर्व मनाया जाता है। इसे गुरु नानक जयंती या गुरु नानक प्रकाशोत्सव के नाम से भी जाना जाता है। गुरु नानकजी का जन्म 15 अप्रैल, 1469 को पाकिस्तान के तलवंडी में हुआ था। जिसे अब ननकाना साहिब नाम से जाना जाता है।

गुरुपर्व कार्तिक पूर्णिमा को मनाया जाता हैं। उन्होंने बताया कि गुरू नानक देवजी की पिता का नाम कल्याण दास उर्फ कल्लू और माता का नाम तृप्ता देवी था। इस मौके पर एक माह से गुरूद्वारों से लोग भजन कीर्तन करते हुए प्रभात फेरी

निकालते हैं। गुरुद्वारों में गुरुग्रंथ साहिब का अखंड पाठ होता है। गुरु पर्व के अवसर पर धर्म-ग्रंथों को सजाया व शबद-कीर्तन किया जाता है। इसके उपरांत निशान साहिब व पंच प्यारों की झांकियां निकाली जाती है। सामूहिक भोज अर्थात लंगर का आयोजन किया जाता है।

एक महीने पहले तैयारियां : एनएच-एक स्थित गुरूद्वारा सिंहसभा के प्रधान मंजीत सिंह ने बताया कि गुरूपर्व को लेकर उन्होंने एक महीने पहले से ही तैयारी की हुई है। एक महीने से नगर कीर्तन चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 60 सालों से प्रभात फेरी और नगर कीर्तन निकले जा रहे है। स्वतंत्रता सेनानियों ने गुरूद्वारे का निर्माण अपने हाथों से करवाया था। गुरूपर्व के मौके पर सुबह पांच बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। सुबह दस बजे नगर कीर्तन गुरूद्वारा से निकाला जाएगा। जो पूरे शहर की परिक्रमा के बाद वापस गुरुद्वारे में लौटेगा। इस दौरान चार- पांच चौक पर पहुंच कर नगर किर्तन तीन नम्बर से दो नम्बर होता हुआ वापस एक नम्बर पहुंचेगा।

खराब हैं सड़कें : जवाहर कालोनी स्थित गुरुद्वारे के प्रधान कुलवंत सिंह ने बताया कि सभी सड़कें खराब हैं, ऐसे में यहां नगर कीर्तन निकाल पाना असंभव है। जिसे देखते हुए गुरुद्वारे को सजाया गया है और गुरूद्वारे में ही सुबह 10 बजे कीर्तन होगा। जिसके बाद लंगर शुरू हो जाएगा।

कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व

फरीदाबाद। हिंदू धर्म में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व है। दरअसल इस दिन गंगा स्नान, दीपदान, दान, भगवान की पूजा, आरती, हवन आदि का बहुत महत्व है। इस दिन किसी भी धार्मिक कार्य का सौ गुना फल प्राप्त होता है। इस बार कार्तिक पूर्णिमा 19 नवंबर को है। इस दिन लोग गंगा नदी में स्नान करते हैं। दान और दीपदान करते हैं जिसका विशेष महत्व माना गया है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा कार्तिक पूर्णिमा कहलाती है जिसे त्रिपुरी पूर्णिमा या गंगा स्नान के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से पूरे साल जितना गंगा स्नान का फल प्राप्त होता है। इस दिन गंगा स्नान के बाद दीप दान का पुण्य-फल दस यज्ञों के बराबर होता है। इस दिन गंगा स्नान के बाद दान करना चाहिए। इस दिन मौसमी फल (संतरा, सेब, शरीफा आदि), उड़द दाल, चावल और उबली चीजों का दान शुभ माना गया है।

कूड़ा डालने के विवाद में बुजुर्ग व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या

हत्या के आरोप में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों पर केस दर्ज

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा

बीके अस्पाल में खड़े मृतक दया राम के शोकाकुल परिजन।



मृतक की फाईल फोटो।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

नहरपार इलाके के गांव वजीरपुर में बुधवार को हुए झगड़े में हुई एक बुजुर्ग की हत्या के मामले में पुलिस ने पिता पुत्र समेत तीन लोगों के खिलाफ किया है। समाचार लिखे जाने तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया है।

थाना खेड़ीपुल पुलिस के मुताबिक गांव बजीरपुर निवासी श्रीराम और 75 वर्षीय जयनारायण उर्फ जैनी पड़ोसी थे। दोनों के मकानों की दीवार सटी हुई हैं। लेकिन श्रीराम और उसके बेटे दीपक ने अपने मकान का गेट उनके मकान की दीवार तक लाकर खड़ा कर दिया। इसके अलावा श्रीराम अपने मकान का कूड़ा उनके मकान की दीवार से सटा कर एकत्रित करता था।

आरोप है कि नहीं दोनों बाप-बेटे घर से कूड़ा उठा कर जयनारायण के मकान के निकट लाकर जलाते थे। इस सब का जयनारायण द्वारा लगातार विरोध किया जाता था। आरोप है कि विरोध करने पर श्रीराम और उनका बेटा दीपक अभद्र व्यवहार करते थे। इस बात को लेकर कुछ दिन पहले भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। जयनारायण ने श्रीराम को समझाते हुए भाईचारे से रहने की सीख दी। लेकिन श्रीराम अक्सर देख लेने की धमकी देता था। बुधवार को भी इन सब बातों को लेकर दीपक और जयनारायण के बीच झगड़ा हो गया था।

थोड़ी ही देर में बहसबाजी मारपीट में बदल गई। दीपक द्वारा मारपीट करने पर जयनारायण जमीन पर गिर गए। इसी बीच दीपक के बेटे अतुल ने भी उनके साथ मारपीट की। उसी दौरान श्रीराम के भाई दयाराम का बेटा मोहित भी मौके पर पहुंच गया। शोर शराबा सुनकर जयनारायण के बेटा सुनील भी घर से निकल कर मौके पर पहुंच गया। उधर ग्रामीण देवेंद्र सिंह उर्फ देवी भी मौके पर आ गए। सुनील ने पिता जयनारायण को बचाने का प्रयास किया। आरोप है कि हमलावरों ने सुनील के साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। बाद में ग्रामीणों द्वारा बीच बचाव करने पर किसी तरह मामला शांत हुआ। दीपक एडवोकेट है और दिल्ली साकेत कोर्ट में प्रैक्टिस करता है। जयनारायण को अस्पताल ले जाया गया। जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

डीएवी मैनेजमेंट में आईक्यूएसी की बैठक का आयोजन

डीएवी इंस्टीटयूट आफ मैनेजमेंट में आईक्यूएसी की बैठक में भाग लेते उद्योगपति व समाज सेवी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, फरीदाबाद में आईक्यूएसी ने अपनी चौथी बैठक (2020-21) और पहली बैठक (2021-22) का आयोजन डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, फरीदाबाद के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ ने 17 नवंबर को सत्र 2020-21 की अपनी चौथी बैठक आयोजित की।

शिव रमन गौर, निदेशक उच्च शिक्षा, डीएवी कॉलेज प्रबंध समिति (अनुपस्थिति में), महेश चोपड़ा, सचिव, डीएवी कॉलेज प्रबंध समिति (अनुपस्थिति में), राजीव चावला, सदस्य शासी निकाय, जेपी मल्होत्रा, उद्योगपति, डॉ. वीरेंद्र भसीन, स्थानीय समाज के प्रतिनिधि और कई हितधारक जैसे पूर्व छात्र और छात्रों के माता-पिता माता-पिता, कई गणमान्य व्यक्ति विचार-विमर्श में शामिल हुए।

डॉ अनामिका भार्गव, एसोसिएट प्रोफेसर और आईक्यूएसी समन्वयक, डीएवीआईएम और डॉ सरिता कौशिक, एसोसिएट प्रोफेसर और एनएएसी समन्वयक, डीएवीआईएम, ने प्रारंभिक विचार-विमर्श सहित बैठक का संचालन किया और बैठकों के लिए एजेंडा प्रस्तावित किया। डॉ. सतीश आहूजा, प्रधान निदेशक ने डीएवीआईएम की वर्ष 2020-21 की उपलब्धियों और कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की।

सत्र 2021-22 की पहली बैठक दोपहर के सत्र में आयोजित की गई। संस्थान की बेहतरी के लिए उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों के बहुमूल्य इनपुट के साथ वर्तमान तिमाही के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। गणमान्य व्यक्तियों द्वारा निम्नलिखित सुझाव दिए गए, राजीव चावला ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए और अधिक उद्यमिता कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया। जेपी मल्होत्रा ने सभी छात्रों के साथ-साथ संकाय से टीकाकरण प्रमाण पत्र एकत्र करने का सुझाव दिया ताकि तदनुसार उचित अनुवर्ती बनाए रखा जा सके।

बकाया शुल्क न जमा कराने वालों से सख्ती से निपटने के आदेश

टैक्स वसूली की धीमी गति पर जताया निगमायुक्त असंतोष

अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते निगमायुक्त यशपाल यादव।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

नगर निगम आयुक्त यशपाल यादव ने निगम के विभिन्न स्त्रोतों से हो रही आय पर विचार विमर्श के लिये संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त, सभी संयुक्त आयुक्त, मुख्य योजनाकार, वरिष्ठ आर्किटेक्ट तथा क्षेत्रीय एवं कराधान अधिकारी उपस्थित थे।

सर्वप्रथम बैठक में पी.पी.टी द्वारा विभिन्न स्त्रोतों से होने वाली आय की वार्षिक मांग और अब तक की हुई वसूली के बारे में विवरण दर्शाये गये। इन विवरणों का अध्ययन करने के बाद आयुक्त ने प्रत्येक क्षेत्र एवं कराधान अधिकारी द्वारा उनके क्षेत्र में की गई वसूली के बारे गंभीरता से विचार किया तथा नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा की गई वसूली बिल्कुल भी संतोषजनक नहीं है और उनकों अपने काम में सुधारने के सख्त आदेश दिये। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक बकायादार को अपने-अपने बकायाजात चाहे वह संपत्तिकर हो या पानी, सीवर तथा विकास शुल्क आदि हो उन सब को तुरन्त नोटिस जारी किये जायें और अदायगी न करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाये तथा इस पर होने वाले खर्चे को भी बकायादारों से वसूल किया जाये। यह स्पष्ट करते हुए आयुक्त ने सभी अधिकारियों को सचेत किया कि 31 मार्च 2022 तक तमाम बकायाजात की संबंधित अधिकारी द्वारा वसूली सुनिश्चित करनी है।

बैठक में आयुक्त ने स्पष्ट किया कि कोई भी कर्मचारी अगर काम नहीं करता तो उनके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाये और आवश्यकतानुसार उनको अनिवार्य सेवानिवृति के बारे भी सोचा जाये।

बैठक में लंबित विभागीय जाचों का तुरन्त निबटारा करने, फरीदाबाद 311 ऐप पर प्रतिदिन की हाजरी सुनिश्चित करने, छूटी हुई ईकाइयों को व्यापार लाईसेंस जारी करने आदि के बारे भी आदेश दिये। आयुक्त ने पट्टे/किराये पर दी गई दुकानों के बकायाजात की वसूली के बारे भी सभी संबंधित अधिकारियों को आदेश दिये कि यदि वे अपने- अपने बकायाजात सरकार की नीति के अनुसार नहीं जमा कराते तो उनके पट्टे आदि रद्द किये जायें और ऐसी सभी इकाईयों को नगर निगम अपने कब्जे में लेकर नीलाम करें।

25 हजार का इनामी शराब तस्कर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

क्राइम ब्रांच 65 की पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जहरीली शराब के निर्माता व कारोबारी ब्रह्मपाल को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। हरियाणा पुलिस की ओर से आरोपी पर 25,000 हजार का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी ब्रह्मपाल दिल्ली के करावल नगर का रहने वाला है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष आरोपी द्वारा उपलब्ध कराये गये नकली व जहरीली शराब से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। छायंसा थाना में इस घटना की शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी के बारे में गहन छानबीन शुरू कर दी थी। पुलिस को इस दौरान आरोपी ब्रह्मपाल के बारे में पता चला कि वह अपने दोस्त के साथ मिलकर नकली शराब पर मंहगी ब्रांडेड शराब का लेवल तथा हॉलमार्क लगाकर फरीदाबाद के विभिन्न इलाकों में सप्लाई करता है। फिर एक के बाद एक मामलों का

नकली शराब बनाने और बेचने के आरोप में गिरफ्तार युवक के साथ खड़े पुलिस के जवान।

पता चला और मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा आरोपी पर 25,000 का इनाम घोषित कर दिया गया। बता दें कि आरोपी के विरूद्ध सदर बल्लभगढ़, छायंसा तथा डबुआ थाना में उत्पाद अधिनियम, कॉपीराइट अधिनियम के अलावा अन्य संगत धाराओं में मामला दर्ज है। केस दर्ज होने के बाद से आरोपी ब्रह्मपाल पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए इधर-उधर छिपता फिर रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर उससे पूछताछ के लिए दो दिनों की रिमांड पर लिया था।

मानव रचना को मिली डिस्टेंस और ऑनलाइन कोर्स की मान्यता

देश के किसी भी कोने से छात्र मानव रचना से जुड़ सकेंगे

मानव रचना कालेज में आनलाइन कोर्स को लांच करते कालेज के कुलपति प्रशांत भल्ला उपकुलपति डा. अमित भल्ला व अन्य लोग।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज को यूजीसी द्वारा सेंटर फॉर डिस्टेंस और ऑनलाइन एजुकेशन की मान्यता दी गई है। अब देश के किसी भी कोने से छात्र घर बैठे ही मानव रचना के बीबीए, बीए ऑनर्स ईकोनॉमिक्स, बीसीए, एमसीए, एमबीए और एमकॉम कोर्स में दाखिला ले सकते हैं। दाखिला प्रक्रिया सोमवार 22 नवंबर 2021 से ऑनलाइन शुरू होगी।

सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन के डायरेक्टर और एमआरआईआईआरएस के वीसी डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया ऑनलाइन शिक्षा में मानव रचना ने कई उद्योगों जैसे माइक्रोसॉफ्ट, जेबिया, क्विकहील, टैलेंट एज, बीएसई और कई अन्य बड़े संगठनों के साथ भागीदारी की है। उन्होंने कहा, इन प्रोग्राम्स के अंतर्गत दिव्यांग, महिलाओं, सरकारी कर्मचारी, मानव रचना के एलुम्नाई और स्टेट एंड अबव लेवल पर खेलने वाले खिलाड़ियों को स्कॉलरशिप दी जाएगी।

डॉ. प्रशांत भल्ला ने कहा, मानव रचना के लिए यह वास्तव में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है और मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज को यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त ऑनलाइन डिग्री प्रोग्राम की शुरुआत के साथ 25वें वर्ष में एक नई यात्रा शुरू हो रही है। ऑनलाइन स्पेस आज हर किसी के सीखने और व्यक्तियों को कुशल और नौकरी के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। शिक्षा की शक्ति के माध्यम मानव रचना एक नई पथ में प्रवेश कर रहा है, जहां हम देश में कहीं भी शिक्षार्थियों के समुदाय तक पहुंचने का प्रयास करेंगे।

आपको बता दें, इन ऑनलाइन कार्यक्रमों में नामांकित होने वाले छात्रों को लोकप्रिय मंच एसडब्ल्यूएवाईएम पर होस्ट किए गए एलएमएस का एक्ससे मिलेगा और इससे शिक्षार्थियों किसी भी डिवाइस पर किसी भी समय हमारे विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन की गई डिजिटल सामग्री तक पहुंच पाएगा। छात्र एलएमएस पर होस्ट किए गए स्व-गतिशील पाठ्यक्रमों के माध्यम से एचडी वीडियो और असाइनमेंट देख सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

चाइल्ड हेल्पलाइन ने चलाया दोस्ती सप्ताह अभियान

सेक्टर-15ए स्थित आर्य कन्या सदन में बच्चों के साथ सेल्फी खिंचवाते पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा।

फरीदाबाद। चाइल्ड हेल्प लाइन फरीदाबाद ने एमसीएफ कमिश्नर यशपाल यादव को एसओएस ग्रीन फील्ड की योगिता दोस्ती बंधन बांधा व पुलिस कमिश्नर के साथ मिलकर मनाया। चाइल्ड लाइन से दोस्ती सप्ताह जिसके अंतर्गत एसओएस चिल्ड्रेन विलेज से गौरी व अमृता बच्ची ने पुलिस कमिश्नर को दोस्ती बंधन बांधकर पुलिस को चाइल्ड लाइन का दोस्त बनाया और दोनो अधिकारियों ने बच्चों को उनकी शिक्षा के प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों की मदद के लिए 24/7 रहने के लिए आश्वासन दिया और चाइल्ड लाइन को दोस्ती सप्ताह की शुभकामनाएं दी। चाइल्ड लाइन इसी तरह बच्चों की मदद के लिए काम करती रही है और इसके पश्चात टीम ने सेक्टर-15 ए आर्य कन्या सदन में 75 वे अमृत महोत्सव के साथ चाइल्ड लाइन दोस्ती सप्ताह भी मनाया। बच्चों से आर्ट क्राफ्ट कराई और बच्चों अलग अलग प्रकार की स्लोगन बनाये और टीम ने बच्चों को 1098 व कोरोना से बचाव के बारे में बताया।

प्रदूषण की रोकथाम को उद्योगों ने बनाई कोर कमेटी

पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण को लेकर लघु उद्योग भारती के कार्यालय में आयोजित बैठक में भाग लेते उद्योगपति।

फरीदाबाद। लघु उद्योग भारती, फरीदाबाद ने पर्यावरण की दृष्टि से बढ़ते हुए प्रदूषण की रोकथाम के लिये अपनी कोर टीम की एक आपातकालीन बैठक अपने जिला कार्यालय में आयोजित की। जिसमें ये निर्णय लिया गया कि एक पहल की जाए और सभी उद्योग अपने अपने क्षेत्र में कुछ दिन पानी के छिड़काव टेंकर या पाइप इत्यादि से कराएं और अपने उद्योग के सामने की सड़क पर भी पाइप से छिड़काव कराएं। इससे ना सिर्फ एक सकारात्मक माहोल उद्योगों के पक्ष में बनेगा, बल्कि पर्यावरण में भी काफी सुधार होगा। हम अपने सभी सदस्यों से यही अपील करते हैं। कोविड 19 टीकाकरण अभियान के तहत प्रशासन के द्वारा चलाई जा रही मुहिम की सराहना करते हुए, लघु उद्योग भारती, फरीदाबाद अपने सभी सदयों से अनुरोध करता है कि अपने उद्योगों व इनसे जुड़े हुए सभी व्यक्तियों का पहली व दूसरी डोज़ (टीकाकरण) सुनिश्चित करें, ताकि सरकार का ये अभियान जल्द से जल्द पूर्ण हो। और यदि आवश्यकता हुई, तो प्रशासन के साथ मिलकर जल्द ही एक टीकाकरण कैम्प की भी व्यवस्था की जायेगी। इस मौके पर लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष, रवि भूषण खत्री, महासचिव, राकेश कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष, अमृतपाल सिंह कोचर, उपाध्यक्ष, आरके चावला एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पुन: मनोनीत सदस्य, अरुण बजाज भी उपस्थित रहे।

दो शातिर महिला चोर गिरफ्तार

फरीदाबाद। पुलिस उपायुक्त अपराध नरेन्द्र कादयान के दिशा निर्देशो पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच प्रभारी सुमेर सिंह की टीम ने दोनों महिला आरोपियों को फरीदाबाद के सेक्टर-10 से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुन्जन और जमना निवासी कल्याण पुरी दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की आरोपी महिलाओं को थाना सारन के चोरी के मुकदमे में गिरफ्तार किया है आरोपी महिलाओं ने थाना सारन में एक सोने की चेन चोरी करने की घटना को अंजाम दिया था आरोपी महिलाओं को गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर सेक्टर-10 के पार्क हॉस्पिटल के पास से गिरफ्तार किया गया है।



यहाँ फ़ैशन पे चर्चा है नहीं है भूख पर चर्चा अगर होती भी है तो होती है बस मुख़्तसर चर्चा ज़रूरी मुद्दों पर चर्चा की अब उम्मीद क्या उनसे सियासी करते हैं बस फ़ायदे को देखकर चर्चा

पुलिस प्रेजेंस डे : जनता को कराया सुरक्षा का अहसास

पुलिस की आंख-कान-नाक बनकर वारदातों की सूचना दें

संदिग्धों को पकड़वाने में सहयोग करने के लिए किया जागरुकः पुलिस प्रवक्ता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पुलिस महानिदेशक पंचकूला के निर्देश अनुसार नागरिकों में सुरक्षा का भाव पैदा करने के लिए पुलिस द्वारा पूरे हरियाणा में पुलिस प्रेजेंट डे मनाया गया। फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा के मार्गदर्शन में जिले में भारी मात्रा के अंदर पुलिस बल ग्राउंड लेवल पर तैनात रहा। सभी जोन के डीसीपी व एसीपी की निगरानी में पुलिस प्रेजेंस डे को सफल बनाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान अपराधियों की धरपकड़ के लिए नागरिकों को सचेत रहकर संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना पुलिस को देने के लिए जागरूक किया गया। पुलिसकर्मियों द्वारा आमजन को हिदायत दी गई की चोरी करने वाले संदिग्ध प्रकार के व्यक्ति भी हमारे समाज के बीच हमारे आस-पास ही रहते हैं और मौका मिलते ही है चोरी की वारदात को अंजाम दे देते हैं। इसलिए आवश्यक है कि हम अपने आसपास रहने वाले संदिग्ध प्रकार के व्यक्तियों पर नजर रखें। उनके द्वारा किसी भी प्रकार की गतिविधि में शामिल होने की सूचना प्राप्त होते ही इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें ताकि पुलिस समय रहते चोरी की वारदात घटित होने से पहले ही उसे रोक सके। चोरी की वारदात को रोकने के लिए आम जनता का अहम योगदान रहता है इसलिए आमजन पुलिस की आंख कान और नाक बने ताकि पुलिस को समय पर सूचना मिलती रहे और पुलिस चोरों की नकेल कस सके।

पुलिस प्रेजेंस डे के दौरान चैकिंग करती पुलिस।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज पुलिस प्रेजेंस डे मनाया गया। जिसमें अधिक से अधिक मात्रा में पुलिस बल ग्राउंड लेवल पर मौजूद था। जिन्होंने इस विशेष अभियान के तहत संदिग्ध वाहनों की चेकिंग करते हुए आमजन को पुलिस का सहयोग करने के लिए जागरूक किया। भारी बल पुलिस बल के आमजन के बीच मौजूद रहने से जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास और भी स्दृढ होता है वहीं संदिग्ध व्यक्ति बिल में दुबककर बैठ जाते हैं।

प्रदूषण का कहर
सरकार की जिम्मेदारी

ऐसा लगता है जैसे दिल्ली के ऊपर फैला स्मोग किसी सरकार की जिम्मेदारी नहीं है और हम स्थितियां सुधरने के लिए प्रकृति की ओर देख रहे हैं। जिस तरह किसी ने जेसिका की हत्या नहीं की उसी तरह कोई भी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र पर फैले खतरनाक, भयानक और हानिकारक वायु प्रदूषण की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि हवा की गति और तापमान में कमी के कारण प्रदूषण का स्तर और खराब हो सकता है। हवा न चलने तथा तापमान गिरने के कारण राष्ट्रीय राजधानी पर छाया स्मोग और धुंध आसानी से नहीं छंटेगी। वायु गुणवत्ता 'अत्यधिक खराब' श्रेणी में आ गई है और लोग ताजा हवा के लिए तड़प रहे हैं। बच्चों व दिव्यांगों में श्वसन तंत्र संक्रमण एक पखवाड़े में तेजी से बढ़े हैं। प्रदूषण का खतरनाक स्तर अब स्वस्थ लोगों के लिए भी गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक गुरुवार को 499 था। सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र और राज्य सरकारों, आईएमडी तथा विभिन्न प्रदूषण निगरानी संस्थाओं की खिंचाई की है कि वे इस संकट से निकालने का रास्ता नहीं तलाश सकी हैं। यथार्थ है कि इससे बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं है। जैसे एक समय बरसात क्रिकेट में टीम इंडिया की सहायता के लिए आती थी, उसी तरह वैज्ञानिक और अधिकारी भी उसकी राह देख रहे हैं। वे अब लोगों को संकट से मुक्ति दिलाने के लिए प्रकृति की ओर देख रहे हैं। हवा में तेज और स्थाई गति की प्रतीक्षा दिल्ली और उसके निकटवर्ती क्षेत्रों में एक सप्ताह से की जा रही है ताकि प्रदूषण घटे तथा धुंध छंटे और लोग अगली बार ऐसा होने तक सब कुछ भूल जाएं।

सर्वोच्च न्यायालय ने दीपावली पर दगाए जाने वाले पटाखों की प्रकृति के बारे में कठोर निर्णय दिया था। लेकिन वास्तव में हरित पटाखों की ब्रांड पहचानने के बारे में कोई प्रयास नहीं किया गया। इस मामले में पुलिस की गतिविधियां लगभग शून्य थीं। ऐसे में पटाखे धड़ल्ले से खरीदे-बेचे और प्रयोग किए गए क्योंकि एक राजनीतिक विचारधारा का मानना था कि कानून धर्म और परंपरा के रास्ते में आड़े नहीं आ सकता है। लोगों ने पिछले एक साल रहे कोविड-19 व लाकडाउन के बाद जी खोल कर पटाखे दगाए। दीपावली के अगले सवेरे दृश्यता लगभग शून्य थी, लेकिन किसी को इसकी चिन्ता नहीं थी। ऐसे आदेश जारी करने से लोकतंत्र या स्वास्थ्य को कोई लाभ नहीं होता है जिनका क्रियान्वयन न हो सके। सर्वोच्च न्यायालय और सरकारों ने पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों द्वारा पराली जलाने पर बहुत कुछ कहा है। सरकारें अभी 'राजनीतिक' बहस कर रही हैं कि पराली जलाने से क्या प्रदूषण बढ़ा है। निश्चित रूप से इसके कारण प्रदूषण बढ़ा है। आधिकारिक स्रोतों के अनुसार मंगलवार को पंजाब व हरियाणा से 1,820 स्थानों पर पराली जलाने की खबरें आईं जिन्होंने दिल्ली के पीएम 2.5 स्तर में 8 प्रतिशत योगदान किया। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने शहर में ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही कार्यालयों और स्कूलों को बंद करने के आदेश दिए हैं। लेकिन उसने 'राष्ट्रीय महत्व' के निर्माणस्थलों को इससे बाहर रखने का राजनीतिक रूप से सही निर्णय किया, जैसे इन गतिविधियों से हवा में धूल और प्रदूषण नहीं पैदा होता है। अब हमें एक नए खतरे का सामना करना पड़ रहा है। तापमान घटने पर कस्बाई व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर बायोमास जलाने से स्मोग और बढ़ेगा। कार्यपालिका की विशाल मशीनरी जैसे खामोश बैठ गई है और उस दिन की प्रतीक्षा कर रही है जब हवा की गति तेज होगी तथा पराली जलाने की घटनायें स्वत: बंद हो जाएंगी।

मजबूत नहीं भारत-मालदीव संबंध

भारत मालदीव में चीन को पछाड़ने में कामयाब रहा है, लेकिन आंतरिक राजनीतिक गतिशीलता और धार्मिक अतिवाद के कारण स्थिति बहुत अस्थिर है।

अशोक के मेहता
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)

मालदीव 90,000 वर्ग किमी में दुनिया का नौवां सबसे छोटा देश है, भौगोलिक रूप से चार लाख लोगों के साथ फैला हुआ है, जो इसके 1,192 द्वीपों में से 200 में रहते हैं, जिनमें से कुछ का उपयोग कृषि और पर्यटन के लिए किया जाता है। चैनल 8 में इसका प्रमुख स्थान अदन की खाड़ी और होर्मुज से मलक्का जलडमरूमध्य तक शिपिंग मार्गों पर कमांड को सक्षम बनाता है। मालदीव सुन्नी शफी स्कूल से संबंधित है जिसमें इस्लाम केंद्रीय है और शरिया पर आधारित कानून हैं। इसे इराक और सीरिया में इस्लामिक स्टेट (आईएस) को प्रति व्यक्ति सबसे अधिक मालदीवियों का निर्यात करने का संदिग्ध गौरव प्राप्त है, लेकिन सभी को मृत माना जाता है। आईएस के फ्रंट संगठन, इधारा खिदमत-ए-खल्क ने एक पैर जमाने की स्थापना की और स्लीपर अभी भी हो सकते हैं। इसकी अर्थव्यवस्था पर्यटन आधारित है, जो सकल घरेलू उत्पाद में 56 प्रतिशत का योगदान करती है।

मालदीव 2018 से 'चीन से हारे' माने जाने से पहले 'इंडिया फर्स्ट' नीति का पालन करता है। बीजिंग अभी भी मालदीव में भारी निवेश कर रहा है और फाइनलू द्वीप का मालिक है, जहां वह होटल बना रहा है। पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन ने इसके लिए संविधान में बदलाव किया था। मालदीव ने चीन के साथ पहले एफटीए पर हस्ताक्षर किए और उस पर 1.4 बिलियन डॉलर का बकाया है। बीजिंग एटोल की तलाश में है - जहां भूमि सुधार में चीनी विशेषज्ञता रणनीतिक पदों के लिए जगह जोड़ती है। मालदीव में चीन के मोतियों की माला का प्रभावी ढंग से प्रदर्शन किया गया, जैसा कि समुद्री रेशम मार्ग का विस्तार था। यह चीनी दबाव के कारण था कि माले हवाई अड्डे के निर्माण के लिए भारत का जीएमआर अनुबंध रद्द कर दिया गया था। ठेका मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति नशीद ने दिया था, जिसका झुकाव भारत की ओर है। लेकिन विपक्षी दलों के बीच चीन का मजबूत आधार है।

आंतरिक घटनाक्रम यह निर्धारित करेगा कि मालदीव चीन होगा या भारत पहले। जबकि यामीन भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में है, मालदीव की मुख्य विपक्षी प्रगतिशील पार्टी एमडीपी के अध्यक्ष सोलिह पर मालदीव को भारत को बेचने के लिए ताना मार रही है और 'इंडिया आउट' अभियान शुरू किया है। सोलिह और नशीद के बीच दरार एक शक्ति संघर्ष है क्योंकि बाद में पिछले महीने बर्लिन और लंदन से आतंकवादी हत्या के प्रयास के बाद इलाज के बाद लौटा था। नशीद, जिन्होंने सोलिह को धार्मिक चरमपंथ को बढ़ावा देने में बहुत देर होने से पहले %बिल्कुल सही% करने के लिए कहा है, वह भी संसदीय प्रणाली की वकालत करते रहे हैं। एमडीपी के भीतर एकता (संभावित विभाजन की खबरें थीं) सितंबर 2023 के चुनावों के परिणाम को प्रभावित करेगी।

आंतरिक घटनाक्रम यह निर्धारित करेगा कि मालदीव चीन होगा या भारत पहले। जबकि यामीन भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में है, मालदीव की मुख्य विपक्षी प्रगतिशील पार्टी एमडीपी के अध्यक्ष सोलिह पर मालदीव को भारत को बेचने के लिए ताना मार रही है और 'इंडिया आउट' अभियान शुरू किया है।

विपक्ष भारत को एडु एटोल में एक वाणिज्य दूतावास की अनुमति देने के लिए सरकार पर हमला कर रहा है, इसे भारतीय जासूसों के लिए सुरक्षित घर कहा जाता है। अड्डू स्थित दो ध्रुव हेलीकॉप्टरों को वापस लेने से भारत के इनकार ने हंगामा खड़ा कर दिया था। 30,000 की आबादी और एक रणनीतिक चौकी के साथ दूसरा सबसे बड़ा शहर है। भारत की उपस्थिति पर मालदीव की संवेदनशीलता को जमीन पर जूते के रूप में व्याख्यायित किया जाता है। भारतीय मीडिया में एडु वाणिज्य दूतावास के फैसले ने सबसे पहले मालदीव के लोगों को परेशान किया। भारत एक पुलिस प्रशिक्षण सुविधा और तटरक्षक बंदरगाह का निर्माण कर रहा है। सोलिह सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए भारत के साथ समझौतों का विवरण साझा नहीं करती है। %इंडिया फर्स्ट% नीति ने भारत विरोधी बयानबाजी और यहां तक कि भारतीय उच्चायोग को विस्फोट करने की धमकी दी है।

भारत-मालदीव संबंध उतार-चढ़ाव के साथ प्राचीन हैं। माले पर कब्जा करने वाले प्लॉट भाड़े के सैनिकों को रोकने के लिए भारत का ऑपरेशन कैक्टस (1988), नई दिल्ली को सुनामी 2004 के दौरान पहली प्रतिक्रिया देने वाला, 2014 के जल संकट के दौरान पेयजल उपलब्ध कराने वाले भारतीय नौसैनिक जहाज और महामारी के दौरान चल रही चिकित्सा और वैक्सीन की आपूर्ति कुछ मुख्य आकर्षण हैं। लगभग 85 प्रतिशत आबादी अब डबल-जेब्ड है। 34 द्वीपों में 800 मिलियन डॉलर की परियोजनाओं को क्रियान्वित करने के साथ भारत सबसे बड़ा दाता बन गया है। कुल निवेश का मूल्य अब महत्वपूर्ण 1.3बिलियन डॉलर है। ग्रेटर मेल कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट मालदीव में अब तक का सबसे बड़ा भारतीय उद्यम है। इसमें 6.4 किमी का पुल और सेतु शामिल है जो तीन आबादी वाले द्वीपों को जोड़ेगा। देशों के बीच एक हवाई बुलबुला बनाया गया है, जिसमें पांच शहरों से 60 सीधी उड़ानें शामिल हैं जिनमें भारतीय पर्यटक अधिकतम हैं और चीनी लगभग शून्य हैं। कोविड द्वारा अर्थव्यवस्था को 33.2 प्रतिशत तक अनुबंधित करने के बाद इसने प्राप्तियों में 104.5 प्रतिशत की वृद्धि की है।

रक्षा सहयोग द्विपक्षीय संबंधों के लिए केंद्रीय है। धार्मिक उग्रवाद के माहौल में राजनीतिक अनिश्चितता से कट्टरपंथ की संभावना बढ़ेगी। हथियारों और नशीली दवाओं की तस्करी, आतंकवाद, समुद्री डकैती और पर्यावरण की नाजुकता खतरे हैं। भारत के साथ रक्षा प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर करने के अलावा, मालदीव ने हाल ही में मैरीटाइम रिसर्च एंड कोऑर्डिनेशन सेंटर के लिए अमेरिका और जापान को प्रतिबद्ध किया है। भारत-मालदीव-श्रीलंका समुद्री समझौते में जल्द ही मॉरीशस, सेशेल्स और बांग्लादेश शामिल होंगे। निगरानी और समुद्री बचाव कार्यों के लिए भारतीय डोर्नियर, ध्रुव हेलीकॉप्टर और तटीय रडार उपयुक्त रूप से स्थित हैं। मालदीव के सैन्यकर्मी भारत में प्रशिक्षण लेते हैं। मालदीव ने हाल ही में यूएस पैसिफिक कमांड के साथ इंडो-पैसिफिक इंटेलिजेंस कॉन्फ्रेंस की मेजबानी की और इसमें 17 देशों ने भाग लिया, जहां मालदीव के चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज, मेजर जनरल अब्दुल्ला शामल ने गैर-पारंपरिक सहित सैन्य चुनौतियों का सामना करने के लिए सहायता और विशेषज्ञता प्रदान करने के लिए भारत की प्रशंसा की। मालदीव का एक अधिकारी अब गुड़गांव के मैरीटाइम फ्यूजन सेंटर में तैनात है।

दिलचस्प बात यह है कि भारत ने गान द्वीप पर तत्कालीन ब्रिटिश रणनीतिक आधार पर एक डीपीआर प्रस्तुत की है जिस पर चीन की नजर लंबे समय से है। चीन से बाहर होने के बाद भारत फिर से कारोबार में आ गया है। लेकिन राजनीतिक गतिशीलता और धार्मिक अतिवाद के प्रसार के कारण स्थिति अस्थिर है। मालदीव के विपक्ष और चीनी अवसरवाद के सामने अपनी प्रधानता बनाए रखने के लिए भारत को अपने पत्ते सावधानी से खेलने होंगे।

पद्म पुरस्कारों की पारदर्शी प्रक्रिया

कुमार चेलप्पन
(लेखक दि पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)

कोविड-19 महामारी में कमी आने के बाद केरल और तमिलनाडु में नए किस्म की बीमारी पैदा हुई है जिसे पद्म बुखार कहा जा सकता है। इन राज्यों में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर घोषित होने वाले नागरिक पुरस्कारों-पद्म श्री, पद्म भूषण व पद्म विभूषण के लिए भारी आकर्षण व्याप्त है। केरल और तमिलनाडु में ही हमें ऐसे लोग मिलते हैं जिनमें डाक्टर या पद्म पुरस्कार विजेता बनने की भयानक इच्छा पाई जाती है। हालांकि, पूर्व मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि ने स्कूली पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी थी, पर वे चाहते थे कि लोग उनको 'डाक्टर कलैगनार' कह कर संबोधित करें।

इन पुरस्कारों के माध्यम से पहचान पाने की इच्छा के प्रति भारी आकर्षण है। मुख्यत: नव धनाड्य लोग इन पुरस्कारों की इच्छा रखते हैं जिनमें कोई नकद पुरस्कार या आर्थिक लाभ नहीं है। हालांकि, पद्म पुरस्का विजेताओं को सार्वजनिक कार्यक्रमों में खास व्यवहार मिलता है जिससे उनका महत्व बढ़ता है।

पद्म पुरस्कार उन सभी क्षेत्रों में उपलब्धियों को स्वीकार करते हैं जहां सार्वजनिक सेवा का तत्व शामिल होता है। इस संबंध में भारत सरकार की घोषणा में कहा गया है, 'भारत रत्न की संस्तुति प्रधानमंत्री द्वारा भारत के राष्ट्रपति से की जाती है। लेकिन भारत रत्न के लिए किसी औपचारिक संस्तुति की आवश्यकता नहीं है। पद्म पुरस्कार पद्म पुरस्कार समिति की संस्तुतियों पर दिए जाते हैं जिसका गठन प्रधानमंत्री हर साल करते हैं। यह नामांकन प्रक्रिया जनता के लिए खुली है। यहां तक कि अपना ही नामांकन भी किया जा सकता है।' 2015 के बाद से केन्द्र सरकार ने पुरस्कार के लिए चयन प्रक्रिया व नियमों में परिवर्तन किया है।

पहले राज्य सरकारों से नामों की सूची भेजने के लिए कहा जाता था जिनमें से केंद्र पद्म सम्मान के लिए लोगों का चयन करता था। लेकिन यह प्रक्रिया पारदर्शी नहीं थी। माकपा के सहयोगी रनजीत द्वारा 2010 में निर्देशित मलयालम फीचर फिल्म 'प्रानचीयट्टन एंड द सेंट' में पद्म पुरस्कार पाने के प्रयासों का वर्णन है। प्रानचीयट्टन केरल के थ्रिशूर शहर में रहने वाला एक अशिक्षित पर स्वशिक्षित उद्यमी है। पद्म पुरस्कार पाने के उसके प्रयास इस मजाकिया फिल्म की कथा हैं। प्रानचीयट्टन एक दलाल को 1.5 करोड़ रुपये देता है जो उससे पद्म श्री पुरस्कार दिलाने का वादा करता है।

कहने की आवश्यकता नहीं है कि प्रानचीयट्टन को सूची में स्थान नहीं मिलता है और दलाल पैसा लेने के बाद गायब हो जाता है। कहा जाता है कि यह कहानी जीवन की एक सत्य घटना पर आधारित है जिसमें थ्रिशूर के एक व्यक्ति ने पद्म पुरस्कार पाने के लिए 4.5 करोड़ रुपये खर्च किए थे।

पद्म पुरस्कारों के साथ अनेक 'करें' और 'न करें' जुड़े हैं। पुरस्कार प्राप्त लोग इन पुरस्कारों का उल्लेख अपने लेटर पैड या विजिटिंग कार्डों में कर सकते हैं। पद्म पुरस्कारों के साथ किसी प्रकार की कोई नकद धनराशि नहीं दी जाती है। पुरस्कृत लोगों को रेलवे आरक्षण टिकट कन्फर्मेशन में कोई वरीयता नहीं मिलती है न ही उनके प्रति कोई विशिष्ट सामाजिक व्यवहार किया जाता है। पद्म पुरस्कार विजेताओं को केवल दिवंगत होने पर सम्मान मिलता है। राज्य सरकार पुरस्कृत लोगों के अंतिम संस्कार के समय उनको पूर्ण सम्मान देने के लिए बाध्य है। पुलिसजन उनको बंदूकों से आखिरी सलामी देते हैं तथा बैंड मातमी धुन बजाता है। चाहे पुरस्कृत व्यक्ति का अंतिम संस्कार चिता जला कर हो या उसे दफ्न किया जाए, पुलिस उसकी सलामी में गोलियां दागती है। इसे आधिकारिक रूप से 'महान बेटों व बेटियों' के 'उल्लेखनीय' जीवन का अंत माना जाता है। केरल में थ्रिशूर के एक बड़े बिजनेसमैन बॉबी चेम्मानूर ने एक टेलीवीजन साक्षात्कार में कहा था कि उनको एक 'उच्च पदस्थ व्यक्ति' द्वारा पद्म श्री पुरस्कार का प्रस्ताव दिया गया था।

उन्होंने बताया, 'लेकिन जब मुझसे शुरुआती 50 लाख रुपये खर्च का भुगतान करने को कहा गया तो मेंने इनकार कर दिया। मैं जनता द्वारा मिले सम्मान और पहचान से ही खुश था।' विश्वविख्यात अर्जेन्टाइना के फुटबाल खिलाड़ी डियागो माराडोना को थ्रिशूर आमंत्रित कर चेम्मानूर ने सबको आश्चर्यचकित कर दिया था। वर्ष 2015 से पद्म पुरस्कारों का चयन उनको भारत सरकार की वेबसाइट पर मिले वोटों-नामांकनों पर आधारित होता है। जनता का कोई भी व्यक्ति नागरिक सम्मानों के लिए अपने पसंद के किसी व्यक्ति का नामांकन कर सकता है और इसके लिए राज्य सरकार की 'दयालुता' की प्रतीक्षा करने की कोई आवश्यकता नहीं है। अधिकतम नामांकन प्राप्त करने वाले को पद्म पुरस्कार मिलने की उम्मीद होती है। अभी यह पता नहीं कि इस प्रक्रिया में गलतियां संभव हैं या नहीं, लेकिन 2016 से पुरस्कारों के मामले में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। एक महिला आदिवासी चिकित्सक, एक अन्य महिला कलरीपयट्टु खिलाड़ी, एक लोक गायिका, एक दृष्टि दिव्यांग प्राथमिक स्कूल शिक्षक तथा एक हरिजन गांधीवादी को पद्म पुरस्कार विजेताओं की सूची में शामिल किया गया जिनके बारे में पहले किसी ने नहीं सुना था।

मजेदार बात है कि पुरस्कार विजेताओं का अतीत में चयन करने वाले एक सर्वोच्च सेवानिवृत्त नौकरशाह राष्ट्रपति के पूर्व सचित पेजावर मुरारी थे। उन्होंने तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों-वीपी सिंह, चंद्रशेखर व पीवी नरसिम्हाराव के समय पुरस्कार आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाई थी तथा पद्म पुरस्कारों के बारे में उनकी राय अंतिम होती थी। वे चेन्नै के अपने घर में अपनी मनपसंद पुस्तकों के साथ रहते हैं और उनकी पत्नी सीता उनकी देखभाल करती हैं। अस्सी साल पार कर चुके मुरारी अभी काफी मजबूत हैं और उनके होंठ भी नहीं कांपते हैं। यह पूछने पर वे ठहाका लगाते हैं कि 'सर, आपको पद्म पुरस्कार पाने की इच्छा नहीं है?' पी. मुरारी को अब किसी प्रकार के सम्मान की आवश्यकता नहीं है।

आप की बात

फसलों का हरित टीका

भारत देश मे कोरोना महामारी से निपटने के लिये दो दो टीके बना कर सारी दुनियां को चकित कर दिया। वही बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञानी डॉ प्रशांत सिंह और उनकी टीम ने पौधों के लिये एक ऐसा टीका विकसित किया है। वैज्ञानिकों ने इसे हरित टीके का नाम दिया है। जो पौधों में बीमारियों और जीवाणुओं के हमले से बचाएगा। इस हरित टीके से पौधों में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस टीके के एक बार देने से दस पीढ़ियों तक रोग और जीवाणुओं के हमले से फसलें सुरक्षितरहेगी। इसका प्रयोग गेंहू और जौ के पौधों पर हो चुका है। इस टीके की खोज से किसानों को फसलों को कीड़ो और रोगों से बचाने के लिये कीटनाशकों और रासायनिक खादों की जरूरत नही पड़ेगी। जिससे किसानों को आर्थिक लाभ होगा। लोगों को रसायन रहित स्वास्थ्यवर्धक सब्जियां और खाद्यान्न मिलेगा। जिससे लोग बीमार कम होंगे। डॉ प्रशान्त के अनुसार मनुष्यो और वनस्पतियों में प्राकृतिक रूप से एक प्रतिरक्षण प्रणाली मौजूद रहती है। इस टीके से पौधे की रोग के प्रति मजबूत होती है। इससे पौधा किसी तरह के रोग और जीवाणुओं के हमले से अपनी सुरक्षा करने में भी सक्षम हो जाएगा।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव

भड़काऊ कांग्रेसी राजनीति

हमेशा जब जब चुनावी माहौल आता है मणिशंकर जैसे कांग्रेसी जैसे लोग आज अपने बयानों से देश में धार्मिक भावनाएं भड़काने का काम करते है। मणिशंकर जैसे और भी लोग हैं दिग्विजय सिंह, राशिद अल्वी, सलमान खुर्शीद, शशि थरूर आदि समय-समय पर ऐसे बयान देते हैं जिससे हमेशा हिंदुओं का अपमान होता है धर्म का अपमान होता है,देश का अपमान होता है जबकि दिग्विजय सिंह, मणिशंकर अय्यर और शशि थरूर स्वयं भी हिंदू हैं और बड़े गर्व से अपने आप को हिंदू कहते हैं तब दुख होता है कि वह इस तरह से धर्म को अपमानित करने वाले वाक्य क्यों कहते हैं। सत्ता के लालच में, सत्ता पाने के लिए सत्ता में बने रहने के लिए हमेशा इनके बयान इसी तरह के होते हैं जिससे इनकी दुकानदारी चलती रहे। इन दिनों एक बार फिर मणिशंकर अय्यर ने कहा है कि देश में मुगल देश में आक्रांता के रूप में नहीं आए थे, अपने धर्म का प्रचार भी नहीं कर रहे थे। वे केवल देश का भला कर रहे थे इस बात को कोई पसंद नहीं करेगा। यह वही मणि शंकर है जिन्होंने शाहीन बाग आंदोलन के समय में पाकिस्तान में जाकर कहा था 'आप हमारी मदद करो, हम देश से बीजेपी का शासन हटाना चाहते हैं।'

- **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

दिल्ली में प्रदूषण

दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। स्विस निजी एजेंसी आईक्यूएयर ने इसे दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बताया है। पोलूशन की वजह से एक हफ्ते के लिए स्कूल बंद कर दिए गए हैं एवं वर्क फ्रॉम होम का पैटर्न लागू किया गया है। दिल्ली से सटे हरियाणा के कुछ जिलों में भी यही हालात है। अंधाधुंध भौतिक विकास आज मानव के लिए प्राणघातक सिद्ध हो रहा है। वायुमंडल के शुद्धिकरण के लिए शीघ्र ही प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई तो कोरोना काल जैसे हालात पैदा हो सकते हैं। जन जागरूकता एवं जनता के सहयोग तथा सरकार के सक्रिय प्रयासों से हालात नियंत्रित किए जाने चाहिए। कोरोना प्रोटोकॉल का पालन भी एहतियात के तौर पर जनसामान्य को जारी रखना चाहिए। बच्चे बुजुर्ग तथा सांस रोगों से पीड़ितों के लिए प्रदूषण की वर्तमान स्थिति जानलेवा सिद्ध हो सकती है। सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देकर, उद्योगों में एयर फिल्टर का उपयोग करके, कृषि अवशेषों को जलाने की बजाए पशु आहार एवं खाद के रूप में इस्तेमाल करके प्रदूषण से बचा जा सकता है।

- **ललित महालकरी,** इंदौर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।

फरमाया

पराली के कारण वायु प्रदूषण के लिए किसानों को खलनायक का लेबल देने वाले किसानों से माफी मांगें।

- **राकेश टिकैत**
किसान नेता

अमेरिका में कुछ लोगों का इरादा चीन को नियंत्रित करने के लिए ताइवान का इस्तेमाल करने का है। यह चलन बहुत खतरनाक है और आग से खेलने जैसा है।

- **शी जिनपिंग**
चीनी राष्ट्रपति

हमें बच्चों को मानवता का महत्व समझाने के लिए गरीबों को चीजें दान करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

- **मोहन भागवत**
आरएसएस प्रमुख

बुंदेली धरती पर फसलों को अब मिलेगा भरपूर पानी

चार लाख से अधिक लोगों की प्यास भी बुझेगी | अर्जुन सहायक नहर परियोजना का लोकार्पण करेंगे पीएम मोदी

● सिंचित होगी बांदा, हमीरपुर और महोबा की 44381 हेक्टेयर भूमि

● महोबा के लोगों को मिलेगा 20 मिलियन घन मीटर पेयजल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बुंदेलखंड। शौर्य और संस्कार की धरती। यहां नदियां भी हैं और बड़े-बड़े जलाशय भी। बस नहीं था तो पानी, खासकर बारिश के पानी का बेहतर प्रबंधन। यही वजह थी कि यहां के खेत भी प्यासे रहे और लोग भी। आजादी के बाद पहली बार योगी सरकार ने इस विडंबना को दूर करने का गंभीरता से प्रयास किया।

इसमें अन्य परियोजनाओं के साथ अर्जुन सहायक नहर परियोजना की महत्वपूर्ण भूमिका है। करीब एक दशक पहले 2009-10 शुरू यह परियोजना शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों लोकार्पित हो जाएगी। इस परियोजना से न केवल बुंदेलखंड हरा-भरा होगा बल्कि महोबा, हमीरपुर और बांदा जिले की करीब 44381 हेक्टेयर भूमि भी सिंचित होगी। साथ ही 15104 हेक्टेयर सिंचन क्षमता की पुनर्स्थापना होगी। इसके अलावा कबरई बांध से महोबा को 20 मिलियन घन मीटर पेयजल भी उपलब्ध होगा। अर्जुन सहायक परियोजना चार लाख लोगों की प्यास बुझाएगी। वर्ष 2009-10 में 850 करोड़ रुपये की लागत से शुरू की गई अर्जुन सहायक परियोजना को वर्ष 2015 में पूरा होना था। पिछली सरकारों में धन आवंटन में हुई देरी से परियोजना के पूरी होने में देरी हुई बल्कि इसकी लागत बढ़कर 2655.36 करोड़ रुपए हो गई। इस परियोजना से महोबा, हमीरपुर और बांदा के 168 ग्रामों के 149755 किसान लाभान्वित होंगे।

प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर ड्राप, मोर क्रॉप और हर खेत को पानी के नारे को साकार करने के लिए सरकार ने 2018 से इसके लिए जरूरत के अनुसार बजट आवंटित करना शुरू किया। साथ ही शासन स्तर से नियमित मॉनिटरिंग के बाद से इसके काम में तेजी आई।

अपेक्षाकृत कम बारिश होने के कारण अक्सर सूखे की मार झेलने वाले बुंदेलखंड के लिए ऐसी परियोजनाएं जरूरत भी हैं। इसीलिए बुंदेलखंड पर योगी सरकार का सर्वाधिक फोकस भी है। अपनी इसी प्राथमिकता के मद्देनजर सरकार ने एक मार्च 2020 से 31 मार्च 2021 के दौरान रसिन बांध परियोजना चित्रकूट बंडई बांध परियोजना ललितपुर को पूरा किया। इनसे क्रमश: संबधित जिलों की 2290 और 3025 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि सिंचित हुई। पंप कैनाल ललितपुर के टॉप पर 2.50 क्षमता के सोलर प्लांट से बिजली का उत्पादन भी हो रहा है।

इन परियोजनाओं का भी शुभारंभ करेंगे पीएम

- 54.28 करोड़ की लागत तथा महोबा जिले में 1050 हेक्टेयर सिंचन क्षमता सृजित करने वाली रतौली बांध परियोजना।
- 512.74 करोड़ रुपये की लागत तथा ललितपुर जिले में 3800 हेक्टेयर सिंचन क्षमता सृजित करने वाली भावनी बांध परियोजना।
- 18.24 करोड़ रुपये की लागत से हमीरपुर में 600 हेक्टेयर सिंचन क्षमता सृजित करने वाली मझगांव एवं चिल्ली स्प्रिंकलर सिंचाई परियोजना।
- सिंचाई के अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग, खनिज विभाग, पर्यटन विभाग व माध्यमिक शिक्षा विभाग महोबा की 24.13 करोड़ रुपये की लागत वाली 5 अन्य परियोजनाएं।

कार्तिक पूर्णिमा और गुरुनानक जयन्ती पर गवर्नर, सीएम व स्पीकर ने दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरूनानक जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि कार्तिक पूर्णिमा का भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व है। यह पर्व लोगों को प्रकृति से जोड़ता है और नदियों के महत्व को भी स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि गुरूनानक देव की शिक्षाएं आत्मिक शांति, भक्ति, समर्पण, तपस्या और सामाजिक सद्भाव की ओर उन्मुख करती हैं। सीएम योगी ने कार्तिक पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक परम्परा में इस अवसर का विशेष महत्व है। भगवान विष्णु ने इसी दिन मत्स्य अवतार लेकर प्रलय के अंत तक सप्त ऋषियों एवं वेदों की रक्षा की जिससे पुन: सृष्टि का निर्माण सम्भव हो सका। इसके साथ ही भगवान शंकर ने इसी दिन त्रिपुरासुर नामक राक्षस का अंत किया। उन्होंने कहा कि यह पर्व मानव मात्र को प्रकृति से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने लोगों से कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर समस्त अनुष्ठानों में कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन करने की अपील की है। विधानसभा के अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरु नानक जयन्ती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख समृद्धि की कामना की है। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा है कि सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी के सामाजिक सदभाव के सन्देश में समस्त जनमानस का कल्याण निहित है।

मायावती के आवास पहुंच राज्यपाल ने जताई संवेदना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बसपा सुप्रीमो मायावती की मां रामरती देवी के निधन के उपरांत प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को उनके आवास पर जाकर संवेदना जताई। इस दौरान राज्यपाल ने मायावती से कुशलक्षेम के बारे में भी जानकारी ली। इस मौके पर राज्यसभा सांसद एवं बसपा राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्र जी भी उपस्थित रहे। आपको बता दें कि बीते 13 नवम्बर 2021 को मायावती की माता रामरती का लगभग 92 वर्ष की आयु में का स्वर्गवास हो गया था।

अतीक, मुख्तार व खानदान के विकास तक ही सीमित थी सपा की सोच: सिद्धार्थ

● भाजपा जिस काम का शिलान्यास करती है उसका उद्घाटन भी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता और कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि अखिलेशजी सूरज को हथेली से नहीं ढका जा सकता है। विकास हुआ है तो दिखेगा ही। आपको भले न दिखे पर जनता को दिख रहा है। पहली बार वह प्रदेश का समग्र विकास देखकर खुश भी है। उन्होंने आरोप लगया कि सपा की सरकारें अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी जैसे दुर्दांत अपराधियों और माफियाओं का विकास करती रही हैं। खानदान के विकास का रास्ता बनाती रही। बेगुनाहों का खून बहाने वाले आर्तकियों की अदालतों में पैरवी करती रहीं। आपके विकास की सोच ही एकांगी थी। आप तो एक वर्ग के वोट की फसल के जरिए येन केन प्रकारेण सत्ता में बने रहने के लिए इनके तुष्टिकरण की राष्ट्रघाती राजनीति करते रहे। इसके लिए किसी भी हद तक गिरने में आपको हिचक नहीं। उन्होंने कहा किआज जब योगी सरकार सबसे गरीब आदमी के चेहरे पर संतोष की मुस्कान ला रही है। सबका साथएसबका विकास का नारा साकार हो रहा है। बिना भेदभाव के पूरी पारदर्शिता के साथ हर पात्र को विकास की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सोच से पूरी तरह नकारात्मक हो चुके अखिलेश यादव को यह सब नहीं सुहा रहा। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि बीजेपी जिस काम का शिलान्यास करती है उसका उदघाटन भी करती है। यह हो रहा है। लोग देख भी रहे हैं। यही अखिलेश यादव की चिंता की असली वजह भी है। इसी के चलते सपा सुप्रीमो आये दिन अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं। सपा की सरकारों को जनविरोधी बताते हुए सरकार के प्रवक्ता ने सवालिया अंदाज में कहा कि सपा को वर्ष 1989, 1993, 2002 और 2012 में प्रदेश की सेवा का मौका मिला लेकिन अखिलेश यादव को बताना चाहिए कि उन्होंने प्रदेश को अराजकता, भ्रष्टाचार और माफियाराज के अलावा और क्या दिया?

नियंत्रित हुआ जीका

कानपुर, लखनऊ की स्थिति में सुधार

● यूपी में जीका संक्रमित बस 55 मरीज, 85 हो चुके स्वस्थ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बेहतर सर्विलांस और त्वरित ट्रीटमेंट की नीति से प्रदेश में जीका वायरस पर प्रभावी नियंत्रण बन गया है। अब तक संक्रमित पाए गए 140 मरीजों में से 85 उपचारित होकर स्वस्थ हो गए हैं जबकि 55 का इलाज जारी है। जीका टेस्टिंग से जुड़े विशेषज्ञों की मानें तो जीका की टेस्ट पॉजिटिविटी दर में बीते तीन दिनों से लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को टीम-9 की बैठक में कोविड और जीका संक्रमण की समीक्षा करते हुए पॉजिटिविटी दर में गिरावट पर संतोष जताया और सर्विलांस को और तेज करने की जरूरत भी बताई। सीएम ने कहा कि कुछ दिनों पूर्व तक कानपुर में जीका के बहुतायत मरीज मिल रहे थे लेकिन लगातार कोशिशों से अब न केवल कानपुर बल्कि लखनऊ और उन्नाव में भी स्थिति नियंत्रित है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। सीएम के निर्देशानुसार जीका के मरीज की पुष्टि होते ही संबंधित इलाके को कंटेनमेंट जोन में तब्दील कर आवश्यक एहतियात बरते जा रहे हैं। वहां दवाओं के छिड़काव, जांच सहित अन्य बचाव की गतिविधियां की जा रही हैं। सीएम योगी ने सभी जनपदों में स्वच्छता, सैनिटाइजेशन और फॉगिंग का कार्य पूरी सक्रियता से करने का निर्देश दिया है। इस काम में निगरानी समितियों का पूर्ण सहयोग लिया जा रहा है।

मानव तस्करों की दिल्ली एयरपोर्ट पर मदद करने वाला सहारनपुर से गिरफ्तार

● एटीएस ने कोर्ट में किया पेश, 10 दिनों की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बांग्लादेश के नागरिकों को अवैध रूप से भारत लाकर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर उन्हें भारतीय बनाकर मानव तस्करी के माध्यम से विदेश भेजने वाले गिरोह का दिल्ली एयरपोर्ट पर सहयोग करने वाले अजय घिल्डियाल को एटीएस ने सहारनपुर से गिरफ्तार किया। घिल्डियाल 2016 से इन्दिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट दिल्ली में एयर इंडिया में कस्टमर सर्विस का काम करता था। एटीएस के आईजी जीके गोस्वामी ने बताया कि अभियुक्त के पुलिस कस्टडी रिमांड के लिए विशेष न्यायालय लखनऊ से अनुरोध किया गया। जिसके पश्चात न्यायालय द्वारा 19 नवंबर 2021 से 10 दिवस पुलिस कस्टडी रिमांड स्वीकृत किया गया है। पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर अभियुक्त से उसके बैंक खातों, मोबाइल डाटा का विधिवत विश्लेषण एव उसके संबंध में से पूछताछ तथा इन्दिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इसके अन्य सहयोगियों के संबंध में एवं इनके कार्य प्रणाली के संबंध में पूछताछ की जाएगी। साथ ही पूर्व में गिरफ्तार व पुलिस कस्टडी रिमांड पर चल रहे अभियुक्त विक्रम सिंह का भी पुलिस कस्टडी रिमांड विशेष न्यायालय द्वारा विशेष आग्रह पर 2 दिवस बढ़ाया गया है। विक्रम सिंह व अजय घिल्डियाल को आमने सामने कर इनके पूरे गिरोह के संबंध में एवं इनकी कार्यप्रणाली की पूर्ण जानकारी की जायेगी। पूर्व में गिरफ्तार इस गिरोह के अभियुक्तों से की गयी पूछताछ के आधार पर इनकी दिल्ली में मदद करने वाला अभियुक्त विक्रम सिंह 10 नवंबर 2021 को गाजियाबाद से गिरफ्तार हुआ था।

अंतरराष्ट्रीय अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का भंडाफोड़, संचालक गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

यूपी एटीएस द्वारा नोएडा पुलिस व दूरसंचार विभाग दिल्ली के साथ एक संयुक्त अभियान में नोएडा सेक्टर 63 क्षेत्र में स्थापित एक अंतरराष्ट्रीय अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का भंडाफोड़ किया गया। भारी मात्रा में टेलीफोन एक्सचेंज से सम्बंधित उपकरण बरामद करने के साथ ही टेलीफोन एक्सचेंज संचालक को गिरफ्तार किया गया। नोडल अधिकारी टाटा टेली सर्विसेज लिमिटेड ने एसटीएफ को जानकारी दी कि फ्रॉड मैनेजमेंट टीम द्वारा यह सूचना दी गयी थी कि बी 126 सेक्टर 63 में टाटा कंपनी द्वारा दिये गए कनेक्शन जो भाटा सुलेमा रशीद अली बडौदरा गुजरात के नाम से आईटी कंपनी का कॉल सेंटर खोलने के लिए दिया गया था परंतु इनके द्वारा उक्त चैनलों सेटअप बॉक्स को कंपनी द्वारा प्रदान की गयी लाइन में छेड़छाड़ करके सीपीयू के द्वारा एयरटेल व जियो का इंटरनेट कनेक्शन जोड़कर अवैध रूप से विदेशी इंटरनेट कॉल्स को टीटीएस के जरिये लोकल कॉल दिखाकर भारत में स्थानान्तरित किया जा रहा है। जिससे राजस्व का नुकसान व देश की सुरक्षा को भारी खतरा उत्पन्न हो रहा है। इस सूचना पर एटीएस यूपी ए नोएडा पुलिस व डीओटी दिल्ली द्वारा मौके पर चेक किया गया तो इनकी कंपनी द्वारा दिये गये कनेक्शन को अवैध रूप से टेलीफोन एक्स्चेंज के रूप में प्रयोग कर संचालित करना पाया गया। जो भारतीय टेलीफोन अधिनियम-1885 के तहत अपराध है। इस सेटअप में विदेशी कॉल इंटरनेट के माध्यम से आती है। जिस वजह से भारतीय सुरक्षा एजेंसी यह पता नहीं कर पाती कि कॉल कौन कर रहा है और कहां से कॉल आ रहीं है। उक्त टेलीफोन एक्सचेंज का संचालन बिट्टू कुमार पुत्र अमोद मिश्रा द्वारा किया जा रहा था।

धोखाधड़ी करने वाली योजनाओं पर लगेगा अंकुश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में भारतीय रिज़र्व बैंक की 11 वीं राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक मे अनिगमित इकाइयों एवं उनके द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के बारे में चर्चा की गई तथा उन पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने पर विचार विमर्श किया गया। इकाइयों द्वारा आम जनता से धोखाधड़ी करने वाली विभिन्न योजनाओं से संबन्धित प्रकरणों पर चर्चा की गई।

महानिदेशक संस्थागत वित्त शिव सिंह ने बताया कि वित्तीय धोखाधड़ी एवं साइबर क्राइम के रुझानों को देखते हुये इनके रोकथाम पर गहन विचार-विमर्श किया गया। इस तरह की धोखाधड़ी को रोकने के लिए वित्तीय जागरूकता के पहलों के महत्व पर ज़ोर दिया गया। बैठक में जमा की अनधिकृत स्वीकृति के संबंध में विनियमकों एवं प्रवर्तन अधिकारियों के द्वारा सक्रिय एवं निवारक कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया गया। बैठक में भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ वित्त विभाग, गृह विभाग, राजस्व विभाग, सहकारिता विभाग, आर्थिक अपराध शाखा, साइबर क्राइम सेल, सेबी इत्यादि के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

लखनऊ में हुआ सपा की चौथे चरण की विजय रथ यात्रा का समापन

● 2022 के चुनाव में भाजपा सत्ता से कोसों दूर है: राजेंद्र चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की गाजीपुर से लखनऊ तक चौथे चरण की विजय रथ यात्रा मऊ, आजमगढ़, जौनपुर, अम्बेडकरनगर, सुल्तानपुर, अमेठी, अयोध्या, बाराबंकी होते हुए बृहस्पतिवार की सुबह 4:30 बजे लखनऊ पहुंची।

सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि जनसमर्थन के ज्वार में विजय रथ के पहिए बिना रुके बुधवार दिनभर और रात भर चलते ही रहे। विशाल जनसमुदाय के उत्साह में यह यात्रा 4 घंटे में 60 किलोमीटर ही चल पाई। खुले आसमान के नीचे रात गहरा गई थी, ठंड ने अपने पंख फैला दिए थे तो भी लोगों का जोश और उत्साह बेकाबू था। जनसमर्थन से अभिभूत अखिलेश यादव भी लोगों का अभिवादन करते रहे। उन्होंने कहा कि 350 किलोमीटर तक एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ घंटों इंतजार करते लाखों लोगों की संख्या इस बात का संकेत है कि 2022 के चुनाव में भाजपा सत्ता से कोसों दूर है। 17 नवम्बर को 12:30 बजे गाजीपुर से शुरू समाजवादी विजय रथ यात्रा ने 16 घंटों में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर 350 किलोमीटर का सफर तय किया और 4:30 बजे लखनऊ में चौथे चरण की यात्रा का समापन हुआ लेकिन जैसा कि अखिलेश यादव ने कहा है यह यात्रा अभी थमने वाली नहीं है समाजवादी सरकार बनने तक जारी रहेगी। राजेंद्र चौधरी ने कहा कि दस जनपदों की अपनी इस यात्रा के दौरान अखिलेश यादव ने किसानों, गरीबों, नौजवानों के दु:ख दर्द से अपने को जोड़ते हुए भाजपा की किसान, नौजवान विरोधी नीतियों का फर्दाफाश किया।

पुलिस अभिरक्षा में मरने वाले अरुण बाल्मीकि के परिजनों से मिलीं प्रियंका

● अरुण वाल्मीकि को न्याय देने के लिए उप्र सरकार ने कुछ नहीं किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने बृहस्पतिवार को अपने लखनऊ आवास पर आगरा में पुलिस कस्टडी में मारे गए सफाई कर्मचारी अरुण बाल्मीकि की पत्नी, मां और भाई से मुलाकात की और न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। उनकी पूर्व घोषणा के मुताबिक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में परिजनों को तीस लाख रुपए की सहायता राशि का चेक प्रदान किया। प्रियंका गांधी ने कहा कि अरुण बाल्मीकि के परिवार को न्याय देने के लिए यूपी की योगी सरकार ने कुछ भी नहीं किया लेकिन

मैं न्याय की आवाज को दबने नहीं दूंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पीड़ितो को सरक्षण देने के बजाय उन पर ही आक्रमण करती है। गौरतलब है कि 19 अक्टूबर 2021 को आगरा में पुलिस की हिरासत में अरुण बाल्मीकि की मृत्यु हो गयी थी। परिजनों ने पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगाया था और प्रियंका गांधी ने आगरा जाकर परिवार के प्रति संवेदना जताते हुए उनकों न्याय दिलाने की लड़ाई में पूरा साथ देने का वादा किया था। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की ओर से तीस लाख रूपये की सहायता राशि देने का वादा किया था। अजय कुमार लल्लू ने अरुण बाल्मीकि के परिजनों को 30 लाख रुपए का चेक सौंपते हुए योगी सरकार पर गम्भीर सवाल उठाए। लल्लू ने कहा कि अरुण के घरवालों का आरोप है कि पुलिस ने थाने में ले जाकर अरुण के साथ मार पीट की जिसके कारण उसकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने अरुण के परिजनों को बुलाया और कहा कि अरुण वाल्मीकि एकाएक गिर गए हैं और उन्हें अस्पताल ले जाना है। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने स्पष्ट रूप से बताया कि उनकी मृत्यु हो चुकी है। लल्लू ने कहा कि अफसोस की बात है कि है कि सरकार ने जांच कार्यवाही की बात की लेकिन आज तक पुलिस के किसी भी अधिकारी व कर्मचारी पर कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। न ही उनके खिलाफ कोई विभागीय कार्यवाही हुई। न ही कोई जांच अब तक आगे बढ़ पाई है। परिवार के लोगों को प्रताड़ित किया गया डराया‌ए धमकाया गया। परिवार के लोग लगातार न्याय की मांग करते रहे।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रोजगार की गाड़ी भरेगी फर्राटा

इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से मिलेगा लाखों को रोजगार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कोरोना संक्रमण इस सदी का सबसे बड़ा वैश्विक संकट। संक्रमण रोकने के लिए देश व्यापी लॉक डाउन लगा। सारी आर्थिक गतिविधियां ठप्प पड़ गईं। इसका सर्वाधिक असर रोज कमाने खाने वालों पर पड़ा। रोजी-रोजगार के लिए यहां के लोग बड़ी संख्या में दूसरे प्रदेशों में रहते हैं। इनमें से 40 लाख लोगों की प्रदेश सरकार ने सुरक्षित और ससम्मान घर वापसी कराई। वापस आने वालों में से सर्वाधिक सघन आबादी के कारण पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोग ही अधिक थे।

ऐसे में यहां के स्थानीय और प्रवासी श्रमिकों के लिए रोजी रोजगार की व्यवस्था उस समय प्रदेश सरकार के लिये बड़ी चुनौती थी। ऐसे में पूर्वांचल एक्स्प्रेस-वे इसका माध्यम बना। कोरोना काल में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल से कोविड प्रोटोकाल का अनुपालन करते हुए इस पर काम जारी रहा। इस दौरान 60 लाख से अधिक मानव दिवस सृजित हुए थे। इसमें स्थानीय और दूसरे प्रदेशों से आये श्रमिकों को इसके निर्माण में रोजगार मिला। अब जब यह बनकर तैयार हो गया। बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे राष्ट्र को समर्पित किया है। ऐसे में इस एक्सप्रेसवे के जरिए पूरे क्षेत्र में रोजगार की बहार आना तय है। इसके उदघाटन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा था कि अभी तो इस एक्सप्रेसवे के निर्माण में करीब 22 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। आने वाले समय में इसी के जरिए इस क्षेत्र में लाखों करोड़ रुपये के निवेश आएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई बार सार्वजनिक रूप से यह कह चुके हैं कि प्रदेश में बनने वाले हर एक्सप्रेसवे के किनारों पर उस क्षेत्र के खास उत्पादों, कृषि जलवायु क्षेत्र और बाजार की मांग के अनुसार ओद्योगिक गलियारे बनाए जाएंगे। भविष्य में इनके समानांतर सेमी स्पीड बुलेट ट्रेन भी चलाई जाएगी। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर इस बाबत आठ इंडस्ट्रियल कॉरिडोर चिन्हित किए गए हैं। यहां होने वाले उत्पाद पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट्स के जरिए देश-दुनिया में कम समय में सुरक्षित तरीके से पहुंच जाएंगे। इससे ब्रांड यूपी की पहचान और धमक भी बढेगी। इनके उत्पादन से लेकर ग्रेडिंग, पैकिंग, लोडिंग, अनलोडिंग के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार मिलेगा।

इन्हीं वजहों से निर्माणाधीन बुंदेलखंड, गोरखपुर लिंक, पूर्वांचल-बलिया लिंक और गंगा एक्सप्रेसवे के जरिए भी आने वाले समय में उस क्षेत्र के लोंगों को रोजी.रोजगार मिलेगा। कोरोना के वैश्विक संकट और आर्थिक मंदी के बीच प्रदेश सरकार द्वारा बनाया गया पूर्वांचल एक्सप्रेसवे एक ऐसी उपलब्धी है जो योगी सरकार को खास बनाती हैं। कुछ समय पहले तक सूबे में बेहतर हुई कानून व्यवस्था को प्रदेश सरकार की मुख्य उपलब्धि माना जाता था परन्तु अब पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और सुधरती हुई अर्थव्यवस्था के माध्यम से युवाओं के लिए उद्योगों के माध्यम से रोजगार के अवसर भी पैदा हो रहें हैं। सीएम योगी के कार्यकाल में प्रतिव्यक्ति आय बढ़ना, निर्यात में इजाफा होने और इलेक्ट्रानिक्स एवं अन्य उद्योगों के क्षेत्र में संसार की नामी कंपनियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए रजामंद करने से आज यूपी में निवेश की तस्वीर तेजी से बदल रही है। जल्दी ही इस एक्सप्रेसवे के समीप टेक्सटाइल, इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग और मैन्युफैक्चरिंग में यूपी में कई नई महत्वपूर्ण इकाइयां आएंगी जो रोजगार के नए अवसर प्रदान करेंगी।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 19 नवम्बर, 2021

सदन में बढ़ती अनुशासनहीनता की प्रवृत्ति को रोकना होगा

● जनप्रतिनिधियों में स्वअनुशासन का विकास करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सभी राजनीतिक दलों के साथ चर्चा करनी होगी

भाषा। शिमला

संसद के शीतकालीन सत्र शुरू होने से कुछ दिन पूर्व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को कहा कि सदन में बढ़ती अनुशासनहीनता, व्यवधान, हंगामे की बढ़ती प्रवृत्ति को हमें रोकना पड़ेगा तथा जनप्रतिनिधियों में स्व-अनुशासन का विकास करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सभी राजनीतिक दलों के साथ चर्चा करनी होगी। बिरला की अध्यक्षता में अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण और उस पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान व्यवधान नहीं किया जाएगा।

हिप्र की राजधानी शिमला में पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि जनता की बढ़ती आशाएं और आकांक्षाएं विधान मंडलों के माध्यम से ही पूरी हो सकती है तथा सदन के माध्यम से ही सरकार की जवाबदेही तय हो सकती है। जनप्रतिनिधियों को जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति करने के लिए प्रेरित करना हमारा पुनीत कर्तव्य है तथा सदन की गरिमा और मर्यादा को बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। बिरला ने कहा, सदन में बढ़ती अनुशासनहीनता, व्यवधान, हंगामे की बढ़ती प्रवृत्ति को हमें रोकना पड़ेगा।यह आवश्यक है कि विधान मंडलों के सदन निर्बाध रूप से चले। इसके लिए सभी राजनैतिक दलों के नेताओं से चर्चा करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि देश में विधाई निकायों में सुचारू रूप से कामकाज सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा किए जाने की जरूरत है।

सभी विधान मंडलों की नियम प्रक्रियाएं एक जैसी हों, सदन सुचारू बिना व्यवधान के चले... इसके लिए

हमें अच्छी परंपराएं और परिपाटियाँ स्थापित करनी होंगी। बिरला ने कहा, सदन में व्यवधान, शोरगुल करने, तख्ती दिखाने की प्रतिस्पर्धा नहीं होनी चाहिए। प्रतिस्पर्धा विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार कर लोगों की जिन्दगी बेहतर बनाने की होनी चाहिए। विधान मंडलों की बैठकों की संख्या को बढ़ाने के लिए हम कार्य योजना बनाएं जिससे सदस्यों को प्रमुख मुद्दों को उठाने के लिए अधिकतम समय और अवसर उपलब्ध होंगे। बदलते परिदृश्य में सूचना प्रौद्योगिकी से विधान मंडलों के आधुनिकीकरण की आवश्यकता है।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि हम एक राष्ट्र- विधाई निकायों का एक प्लेटफार्म को निश्चित समय में तैयार करेंगे तथा विधान मंडल के पुरानी चर्चा तथा अन्य संसाधनों को एक स्थान पर उपलब्ध कराएंगे। बिरला ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष में संसदीय समितियों का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है और संसदीय समितियों के कामकाज में भी व्यापक परिवर्तन करने की आवश्यकता है। पीठासीन अधिकारी वर्ष में एक बार संसदीय समितियों द्वारा किए गए कार्यों का मूल्यांकन करें तथा समिति को आवश्यक सुझाव दें। ताकि लंबित विषय समयबद्ध तरीके से पूरे हों। आवश्यकता है कि संसदीय समितियां सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों को प्रभावी बनाएं तथा कार्यपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित करें।

संसद चर्चा के लिए, कागज फाड़ने और नाचने के लिए नहीं : अनुराग ठाकुर

शिमला। संसद के शीतकालीन सत्र से पहले परोक्ष रूप से विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बृहस्पतिवार को कहा कि संसद चर्चा के लिए है, नाचने तथा कागज फाड़ने के लिए नहीं है। ठाकुर ने यह भी कहा कि भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर संसद में चर्चा के लिए राष्ट्रीय और मानवीय हितों के 75 विषय चुने जाने चाहिए। अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) के समापन सत्र को संबोधित करते हुए ठाकुर ने संसद और विधानसभाओं में गुणवत्तापूर्ण चर्चा की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि चर्चा का स्तर सुधारने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। संसद के पिछले कुछ सत्रों में विपक्षी दलों के व्यवधान का सीधा उल्लेख किए बिना ठाकुर ने कहा, संसद चर्चा के लिए है, कागज फाड़ने तथा मेज पर चढ़कर नाचने के लिए नहीं है। यह काम तो सड़कों पर किया जा सकता है।

पटना में गुरु नानक गुरु पर्व की पूर्व संध्या पर गुरुद्वारा श्री गुरु का बाग साहिब में पवित्र जुलूस निकालते हुए सिख श्रद्दालु।

केरल देवस्वोम मंत्री ने सबरीमला मंदिर के पवित्र जल का अपमान करने से जुड़ी आलोचनाओं को खारिज किया

तिरुवनंतपुरम। सबरीमला मंदिर के पवित्र जल का कथित रूप से अपमान करने को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचना झेल रहे केरल के देवस्वोम मंत्री के. राधाकृष्णन ने बृहस्पतिवार को आलोचनाओं को खारिज किया और कहा कि भगवान के पैसे चुराने वालों को उनसे डरना चाहिए और चूंकि उन्होंने कोई चोरी नहीं कि इसलिए उन्हें कोई डर नहीं है। मंत्री ने कहा कि कुछ चीजें हैं जिनका सेवन उन्होंने जीवन में कभी नहीं किया है और आस्था के नाम पर भी वह उनका सेवन नहीं करेंगे। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों द्वारा उनकी आलोचना किए जाने के संबंध में प्रतिक्रिया पूछने पर मंत्री ने पत्रकारों से उक्त बातें कहीं। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने आरोप लगाया है कि वार्षिक तीर्थयात्रा के लिए इस सप्ताह की शुरुआत में मंदिर खुलने पर मंत्री ने सबरीमला मंदिर के गर्भगृह के समक्ष हाथ नहीं जोड़े।

आलोचकों का यह भी कहना है कि मंत्री ने पुजारी द्वारा सेवन के लिए दिए गए पवित्र जल का सेनेटाइजर की तरह इस्तेमाल करके तीर्थम का अपमान किया है। गौरतलब है कि पवित्र जल का सेवन नहीं करके उसे दोनों हाथों में मलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। मंदिर की परंपरा के अनुसार, श्रद्धालुओं को पवित्र जल का सेवन करना होता है और बचा हुआ जल अपने सिर पर छिड़कना होता है। राधाकृष्णन ने कहा, मैं रोज अपनी मां का सम्मान करने के लिए हाथ नहीं जोड़ता। इसका मतलब क्या है, क्या मैं अपनी मां का सम्मान नहीं करता? बचपन से मेरा अपना तरीका है। मैं इस जल (तीर्थम) का सेवन नहीं करता। अगर कोई आस्था के नाम पर कहे, तब भी मैं इसका सेवन नहीं करूंगा। मंत्री ने कहा कि उनकी अपनी सोच है, लेकिन वह दूसरों की आस्था को गलत नहीं कहेंगे।

उत्तराखंड में सीएम पद के प्रत्याशी कोठियाल गंगोत्री से चुनाव लड़ेंगे

भाषा। देहरादून

उत्तराखंड में आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यमंत्री पद के प्रत्याशी कर्नल (सेवानिवृत्त) अजय कोठियाल आगामी विधानसभा चुनाव में उत्तरकाशी जिले की गंगोत्री सीट से चुनावी समर में उतरेंगे। उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने उत्तरकाशी में एक जनसभा के दौरान यह घोषणा की। सिसोदिया ने कहा कि इसी के साथ पवित्र गंगा नदी के उद्गम स्थल गंगोत्री से उत्तराखंड में स्वच्छ राजनीति के युग की शुरूआत होगी। उत्तराखंड में सत्ता में अब तक रहीं कांग्रेस और भाजपा की सरकारों को अपने वादे पूरा न करने का दोषी ठहराते हुए आप नेता ने कर्नल कोठियाल के लिए प्रदेश की जनता से एक मौका मांगा।

गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि के होने के बावजूद कोठियाल प्रदेश में काफी लोकप्रिय हैं जिन्होंने 2013 में आई केदारनाथ आपदा के बाद अपने सैन्य अनुभव को स्थानीय लोगों की मदद के लिए इस्तेमाल किया। वह पहले उत्तरकाशी में नेहरू पर्वतरोहण संस्थान के प्राचार्य भी रह चुके हैं। गंगोत्री का चुनावी इतिहास बहुत दिलचस्प है और यहां से जिस पार्टी का उम्मीदवार विजई होता है, प्रदेश में सरकार उसी की बनती है।

राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि कोठियाल को गंगोत्री सीट से चुनावी समर में उतारने का निर्णय चारों धामों के तीर्थ पुरोहितों में देवस्थानम बोर्ड को लागू करने से भाजपा सरकार के प्रति उपजी नाराजगी को आप के पक्ष में भुनाने का प्रयास भी है। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के कार्यकाल के दौरान गठित देवस्थानम बोर्ड को भंग करने की तीर्थ पुरोहित लंबे समय से मांग कर रहे हैं और उनका मानना है कि यह उनके पारंपरिक अधिकारों का हनन है।

कोलकाता में वेतन संबंधी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रैली निकालती हुईं नर्स।

तीर्थ पुरोहित संगठन उत्तराखंड की 15 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारेगा

ऋषिकेश। देवस्थानम बोर्ड का विरोध कर रहे चारधाम तीर्थ पुरोहितों के एक संगठन ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि वह उत्तराखंड में होने वाले विधानसभा चुनावों में 15 सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े करेंगे। चारधाम तीर्थ पुरोहित हक हकूकधारी महापंचायत समिति की यहां आम बैठक के बाद उसके अध्यक्ष कृष्णकांत कोटियाल ने संवाददाताओं से कहा, हम प्रदेश में 15 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेंगे लेकिन वे रणनीतिक रूप से कई सीटों के परिणाम पर अपना प्रभाव डालेंगे। उन्होंने बताया कि समिति पत्राचार अभियान चलाकर जनता को भी देवस्थानम बोर्ड के बारे में जागरूक करेगी। हम यजमानों को बताएंगे कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने कैसे ढाई हजार साल पुरानी सर्वमान्य परम्परा को समाप्त कर हम पर देवस्थानम एक्ट थोपा है। कोटियाल ने यह भी कहा कि अगर सरकार ने देवस्थानम बोर्ड को जल्द समाप्त नही किया तो गैरसैंण में होने वाले आगामी सत्र में विधानसभा का घेराव भी किया जाएगा।

वीर दास को मप में कार्यक्रम करने की इजाजत नहीं : नरोत्तम मिश्रा

भोपाल। मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कॉमेडियन वीर दास को प्रदेश में कार्यक्रम (परफॉर्म) करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मध्य प्रदेश के गृह मंत्री ने एक सवाल के जवाब में यह बात कही। आई कम फ्रॉम टू इंडियाज में की गई टिप्पणियों के लिए दास के खिलाफ पुलिस में कई शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। उन्होंने कहा, हम ऐसे मसखरे को परफॉर्म नहीं करने देंगे। अगर वह माफी मांगते हैं तो हम इस पर विचार करेंगे। मिश्रा ने कहा कि कुछ मसखरे हैं जो भारत को बदनाम करने की कोशिश करते हैं और कपिल सिब्बल तथा अन्य कांग्रेसी नेता उनके समर्थक हैं।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता	प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता	प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	दीप चंद सिंह, छाया सिंह, नई बस्ती, सरफाबाद, सेक्टर–72, सेक्टर–74, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा खाता नंबर – एलबीएनओडी00001995423	फ्लैट नंबर ए 4 303 तृतीय तल, टावर ए 4, गार्डेनिया एम्स ग्लोरी, प्लॉट नंबर जीएच–01, सेक्टर–46, नोएडा	03–07–2021 रू. 3,59,027/–	31–12 –2020
2.	सुरेश कुमार, सुनीता, मनोज कुमार आर्य, फ्लैट नंबर जीएफ–4, प्रथम तल, नीति खंड–1/46, इंदिरापुरम, गाजियाबाद। खाता नंबर – एलबीडीईएल00000990720	फ्लैट नंबर जीएफ–4, प्रथम तल, नीति खंड–1/46, इंदिरापुरम, गाजियाबाद	14–07–2021 रू. 4,07,407.79/–	11–01 –2021
3.	पाल धनश्याम रामानंद, कमला देवी, 570 सेक्टर–10, बल्लभगढ़, फरीदाबाद। खाता नंबर – एलबीडीईएल00002096486	फ्लैट नंबर ई/5, प्रथम तल, योगी दर्शनामलि सिल्वासा, वलसाड–396230	03–07–2021 रू. 4,36,104/–	31–01 –2021
4.	मुमताज, मोहम्मद शाहरूल, मुमताज, सी–318, भू तल, सेक्टर–5, दक्षिण पुरी, डा. अम्बेडकर नगर, दिल्ली खाता नंबर – एलबीडीईएल00003930226	फ्लैट नंबर 1612, 16वां तल, गैलेक्सी रॉयल, ब्लॉक–गोकुल, प्लॉट नंबर जीसी–03जे जीएच–03, सेक्टर–16 सी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश	05–07–2021 रू. 3,41,952/–	31–01 –2021
5.	पूनम विजयकुमार मिश्रा, विजयकुमार देवनाथ मिश्रा, 12 डी, मेश, न्यू नेवी नगर, कोलाबा, मुंबई। खाता नंबर – एलबीडीईएल00004913462	फ्लैट नंबर 402, चतुर्थ तल, कॉस्मो सिटी, सिल्वासा खानवेल रोड, दादरा नागर हवेली नंबर 537 538, सिल्वासा	14–07–2021 रू. 3,35,081/–	31–01 –2021
6.	सुमीत सूरी, पाली सूरी, ई–49, कपिल विहार, सेक्टर–21 सी, फरीदाबाद। खाता नंबर – एलबीएफडीबी00001198548	122, ब्लॉक–1, सनराइज टावर, सीजीएचएसजीएच–7, सेक्टर–45, फरीदाबाद, हरियाणा	14–07–2021 रू. 3,54,582.09/–	31–01 –2021
7.	पुष्पेन्द्र कुमार, सोमलता, 1268, संजय कालोनी, अर्थला, गाजियाबाद। खाता नंबर – एलबीडीईएल00001977058	फ्लैट नंबर बी54–01, भू तल, आसरा टाइप–2, यूपीएवीपी, गाजियाबाद	14–07–2021 रू. 3,90,959.69/–	31–01 –2021
8.	नरेन्द्र कुमार, सुनीता रानी, मकान नंबर 1015, सेक्टर–14, फरीदाबाद। खाता नंबर – एलबीडीईएल00001980116	प्लॉट नंबर 137, ब्लॉक डी, सेक्टर–11, फरीदाबाद	03–07–2021 रू. 3,54,103.5/–	31–01 –2021
9.	संजीव कुमार, सुनंता गंभीर, मकान नंबर 1312, ब्लॉक बी, गौड़ ग्लोबल विलेज, क्रॉसिंग रिपब्लिक, निकट एनएच–24, गाजियाबाद। खाता नंबर – एलबीएनओडी00002035091	बीएस001डी1202, 12वां तल, टावर –1, बुद्ध सर्किट स्टूडियोज, सेक्टर–25, जेपी ग्रीन्स स्पोर्ट्स सिटी, यीडा ग्रेटर नोएडा नोएडा	03–07–2021 रू. 2,58,358/–	31–12 –2020
10.	मधु बिड़लान, सुनील बिड़ला, सी–507, ईस्ट किदवई नगर, एनडीएमसी, दिल्ली खाता संख्या :– एलबीडीईएल00002029729	अपा. नंबर 302, तृतीय तल, टावर बी–4, रूद्र पैलेस हाइट्स, प्लॉट नंबर जीएच–02 बी, सेक्टर–1, नोएडा एक्सटेंशन ग्रेटर नोएडा नोएडा	05–07–2021 रू. 4,70,493/–	31–05 –2018
11.	संजय जैन, मीनू जैन, संजय जैन, 72/15, ब्लॉक एफ पांडव नगर, दिल्ली खाता नंबर – एलबीडीईएल00002044281	यूनिट नंबर केएसआई0152504, कासा आइजल्स, जेपी ग्रीन्स, 453 एकड़, ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, सेक्टर–128, नोएडा, उत्तर प्रदेश	05–07–2021 रू. 2,81,507/–	31–01 –2021
12.	संजीव के क्षितिज, नीना क्षितिज, 17 डी 535, कोणार्क एन्क्लेव, वसुंधरा, गाजियाबाद। खाता नंबर – एलबीएनओडी00001796424	प्लॉट नंबर 94, भू तल, हैबीटैट फ्लोर जयपुरिया एन्क्लेव, कौशाम्बी, गाजियाबाद।	14–07–2021 रू. 2,64,505/–	31–01 –2021
13.	अर्चना मिश्रा, अविनाश मिश्रा, मकान नंबर 852, सेक्टर–23, फरीदाबाद खाता नंबर – एलबीएनओडी00005198782	फ्लैट नंबर 1011, 10वां तल, टावर एफ, पीयूष हाइट्स, सेक्टर–89, फरीदाबाद	23–07–2021 रू. 2,13,572/–	31–12 –2020
14.	सुमीत सूरी, पाली सूरी, ई–49, कपिल विहार, सेक्टर–21 सी, फरीदाबाद। खाता नंबर – एलबीएफडीबी00001426566	122, ब्लॉक–1, सनराइज टावर, सीजीएचएसजीएच–7, सेक्टर–45, फरीदाबाद, हरियाणा	14–07–2021 रू. 2,86,369.69/–	31–01 –2021
15.	समीर नाथ झा, तनूजा झा, 1521, 14वां तल, गौड़ ग्रीन विस्टा, न्याय खंड–1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश खाता :– एलबीएनओडी00001974008	फ्लैट नंबर 1521, 14वां तल, ब्लॉक डी, गौड़ ग्रीन विस्टा, फेज–2, सम्राट 5, एनएच–24, न्याय खंड–1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश	31–07–2021 रू. 2,13,902/–	11–03 –2021
16.	शैलेन्द्र कुमार, लक्ष्मी सिंह कुशवाहा, एरा–79, द्वितीय तल, फ्लैट नंबर 2, मेन रोड, पाकेट 10–बी, जासोला, ओखला साउथ दिल्ली, दिल्ली खाता नंबर – एलबीडीईएल00004557680	मकान नंबर 263, ब्लॉक–एलआईजी फेज–2, तात्याटोपे नगर, कानपुर	11–08–2021 रू. 2,15,184/–	31–01 –2021
17.	संजीव खोसा, कन्हैया लाल खोसा, फ्लैट नंबर एस–2, प्लॉट नंबर सी–179, रामप्रस्थ, विवेक विहार के सामने, साहिबाबाद, गाजियाबाद। खाता नंबर – एलबीडीईएल00000389406	फ्लैट नंबर टी–2, प्लॉट नंबर सी–179, एसएफ (आरआर साइड), ब्लॉक–सी, रामप्रस्थ, गाजियाबाद।	14–07–2021 रू. 2,22,510.92/–	21–01 –2021
18.	अश्वनी कुमार, गुजन कुमार, सी–43, सूर्य नगर, निकट राम मंदिर, गाजियाबाद, खाता नंबर – एलबीएनओडी00001078776	जी–1, प्लॉट सी–43, सूर्य नगर, गाजियाबाद	14–07–2021 रू. 2,22,929.72/–	31–01 –2021
19.	यशपाल, सोनिया, मकान नंबर 155/8, माडल टाउन गुरूग्राम, हरियाणा। खाता नंबर – एलबीडीईएल00001140423	प्लॉट नंबर 11, खसरा नंबर 1522/1, अशोक पुरी, गुरूग्राम	03–07–2021 रू. 2,18,480.98/–	31–01 –2021
20.	दीपांशु मल्होत्रा, परवीन कुमारी, बी–23 ए, तृतीय तल, काल्काजी, दिल्ली खाता नंबर – एलबीडीईएल00003279056	ए–502, टावर–ए, रहेजा महेश्वरा सेक्टर–11 एवं 14, सोहना रोड, गुरूग्राम	31–07–2021 रू. 1,68,406/–	31–01 –2021
21.	यशपाल, सोनिया, मकान नंबर 155/8, माडल टाउन गुरूग्राम, हरियाणा। खाता नंबर – एलबीडीईएल00001140419	प्लॉट नंबर 11, खसरा नंबर 1522/1, अशोक पुरी, गुरूग्राम	03–07–2021 रू. 2,09,056/–	31–01 –2021
22.	जितेन्द्र सिंह गुप्ता, संगीता गुप्ता, 787, ज्ञान लोक कालोनी, सराय नसरूल्ला, बुलंदशहर, खुर्जा, बुलंदशहर, खाता संख्या :– एलबीएनओडी00002924445	फ्लैट नंबर 10002, 10वां तल, टावर ए, गौड़ सिटी 2, 14वां एवेन्यू प्लॉट नंबर जीसी 14 तथा जीएच–03, सेक्टर–16सी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा	23–07–2021 रू. 1,84,275/–	31–01 –2021
23.	तनु अग्रवाल, ओमैक्स कंस्ट्रक्शन लि., पलाश रंजन अग्रवाल, ई–65, काल्काजी, प्रथम तल, नई दिल्ली। खाता नंबर – एलबीडीईएल00001202747	एफएफ–3, प्रथम तल, सेक्टर–6, वैशाली, गाजियाबाद।	03–07–2021 रू. 2,32,878.76/–	31–01 –2021
24.	सैलेश कुमार, सीमा श्रीवास्तव, फ्लैट नंबर 2बी, 011, जीसी ग्रैंड वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद खाता :– एलबीडीईएल00000523535	फ्लैट नंबर एस–2, प्लॉट नंबर 296, सेक्टर–4, वैशाली, गाजियाबाद	14–07–2021 रू. 1,89,594/–	30–09 –2020
25.	सुषमा कुमारी, अंकुश, मकान नंबर 110, टावर–बी, 5वां एवेन्यू, गौड़ सिटी–1, सेक्टर–4, नोएडा–201009 खाता नंबर – एलबीएनओडी00005079316	फ्लैट नंबर 110, प्रथम तल, टावर बी, 5वां एवेन्यू, प्लॉट नंबर जीएच–01, गौड़ सिटी–1, सेक्टर–04, ग्रेटर नोएडा, नोएडा	14–07–2021 रू. 1,49,050/–	06–03 –2021
26.	गुलाब सिंह, सविता देवी, फ्लैट नंबर 433, अशोक एन्क्लेव पार्ट–3, सेक्टर–35, निकट सराय, फरीदाबाद। खाता नंबर – एलबीडीईएल00000945884	प्लॉट नंबर 433, अशोक एन्क्लेव –3, ग्राम सराय ख्वाजा, फरीदाबाद।	03–07–2021 रू. 1,93,203.5/–	28–02 –2021
27.	देवेन्द्र सिंह, सुषमा राज, डब्ल्यू 2–13, अपर ग्राउंड फ्लोर, ब्लॉक–बी, ओम विहार फेज–3, उन्नति केमिस्ट, उत्तम नगर, वेस्ट दिल्ली, दिल्ली खाता नंबर – एलबीजीयूआर00004856664	यूनिट नंबर 98, स्पेज ट्राइस्टार– शॉप्स, ग्राम घोरका, सेक्टर–92, गुरूग्राम	14–07–2021 रू. 1,33,641/–	31–01 –2021
28.	ऋषि कुमार सलूजा, बृंदा मुदगिल, एस 6 203, एल्डीको आमंत्रण, सेक्टर–119, नोएडा, निकट त्रिपाठी अस्पताल, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर खाता नंबर – एलबीएनओडी00004935537	फ्लैट नंबर ई–1405, 14वां तल, अपेक्स गोल्फ एवेन्यू टावर ई, निकट सेक्टर–टेक जैड सी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा	14–07–2021 रू. 1,32,385/–	31–01 –2021
29.	प्रेम कुमार भारद्वाज, नीतू कुमारी, मकान नंबर 629, प्रथम तल, शक्ति खंड–3, इंदिरापुरम, गाजियाबाद खाता नंबर – एलबीएनओडी00001864253	मकान नंबर 629, प्रथम तल, शक्ति खंड–3, इंदिरापुरम, गाजियाबाद	03–07–2021 रू. 2,95,768/–	31–01 –2021
30.	मधु शर्मा, कवच शर्मा, सोनिया गुजराल, मकान नंबर सी–1/328, सेक्टर–17, रोहिणी, दिल्ली। खाता नंबर – एलबीडीईएल00003241704	डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर 328, तृतीय तल, ब्लॉक सी, पाकेट 1, सेक्टर–17, रोहिणी, दिल्ली।	14–07–2021 रू. 2,13,590/–	31–01 –2021
31.	आकाश मिश्रा, इन्द्रा मिश्रा, फ्लैट नंबर बी 1/26, एसएफ–2, डीएलएफ अंकुर विहार, गाजियाबाद खाता नंबर – एलबीएनओडी00004979181	फ्लैट नंबर 140199, 12वां तल, टावर–5, 14वां एवेन्यू प्लॉट नंबर जीसी 12 तथा जीसी 14 जीएच 03, सेक्टर–16सी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा–201307	28–06–2021 रू. 1,27,494/–	31–01 –2021
32.	मधु शर्मा, सोनिया गुजराल, सी 1/328, मुस्कान अपार्टमेंट्स, सेक्टर–17, रोहिणी, दिल्ली खाता नंबर – एलबीएफडीबी00001624203	डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर 328, तृतीय तल, ब्लॉक सी, पाकेट 1, सेक्टर–17, रोहिणी, दिल्ली।	14–07–2021 रू. 1,34,023/–	31–01 –2021
33.	गौरव गुप्ता, नीरा गुप्ता, मकान नंबर 166, सेक्टर–18, ओल्ड फरीदाबाद, खाता नंबर – एलबीएफडीबी00005077155	फ्लैट नंबर सी 502, फ्लोरिडा – टावर सी, फ्लोर 5, सेक्टर–82, फरीदाबाद	05–07–2021 रू. 1,02,008/–	31–12 –2020
34.	जितेन्द्र सिंह गुप्ता, संगीता गुप्ता, सी/ओ नेपाल सिंह ग्राम तथा पीओ सलारपुर, नोएडा, खाता संख्या :– एलबीएनओडी00002133661	फ्लैट नंबर 10002, 10वां तल, टावर ए गौड़ सिटी 2, , 14वां एवेन्यू प्लॉट नंबर जीसी 14, जीएच–03, सेक्टर–16सी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा –201307	23–07–2021 रू. 87,886.5/–	31–01 –2021
35.	प्रकाश, विनोद, यू–26–सी 2/3, कमरा नंबर 603, यू ब्लॉक डीएलएफ फेज–3, गुरूग्राम खाता नंबर – एलबीजीयूआर00005035684	फ्लैट नंबर टी 15–206, द्वितीय तल, अरावली होम्स, टावर 15, सेक्टर–4, गुरूग्राम	05–07–2021 रू. 82,463/–	31–01 –2021
36.	मधु अरोड़ा, वरूण अरोड़ा, जसवीन अरोड़ा, अंकित अरोड़ा, 81–आर, न्यू कालोनी, गुरूग्राम खाता नंबर – एलबीडीईएल00002062885	विला नंबर 34, ट्यूलिप आइवरी, सेक्टर–70, गुरूग्राम	31–07–2021 रू. 3,56,558/–	12–01 –2021
37.	संजीव खोसा, कन्हैया लाल खोसा, फ्लैट नंबर एस–2, प्लॉट नंबर सी–179, रामप्रस्थ, विवेक विहार के सामने, साहिबाबाद, गाजियाबाद। खाता नंबर – एलबीडीईएल00000563624	फ्लैट नंबर टी–2, प्लॉट नंबर सी–179, एसएफ (आरआर साइड), ब्लॉक–सी, रामप्रस्थ, गाजियाबाद।	05–07–2021 रू. 70,331.12/–	21–01 –2021
38.	प्रीति भसीन, विकास भसीन, एफ–86, लाजपत नगर–1, भू तल, फ्रंट साइड, दिल्ली खाता नंबर – एलबीडीईएल00001950434	यूनिट नंबर एएमएन 0250105, अमन जेपी ग्रीन्स, नोएडा	05–07–2021 रू. 54,565/–	11–03 –2021
39.	सैलेश कुमार, फ्लैट नंबर 2बी, 011, जीसी ग्रैंड वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद खाता :– एलबीजीयूआर00001872965	फ्लैट नंबर एस–2, एमआईजी, प्लॉट नंबर 296, सेक्टर–4, वैशाली, गाजियाबाद	14–07–2021 रू. 49,502/–	30–09 –2020
40.	सुनील कुमार, सुषमा यादव, मकान नंबर 60, ग्राम डूंडाहेड़ा, तहसील गुरूग्राम, गुरूग्राम खाता नंबर – एलबीजीयूआर00002146579	जे एफएफ 04, हाई स्ट्रीट शॉप्स, कैपिटल हाई स्ट्रीट प्लॉट नंबर ए 56 और ए 57, भिवाड़ी, राजस्थान	05–07–2021 रू. 40,534/–	31–01 –2021

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 19 नवम्बर, 2021
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

वानखेड़े ने पहली पत्नी के रिश्तेदार को मादक पदार्थ के मामले में गलत तरीके से फंसायाः मलिक

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नवाब मलिक ने एनसीबी के जोनल निदेशक समीर वानखेड़े के विरुद्ध ताजा आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि वानखेड़े ने अपनी पहली पत्नी के रिश्तेदार को मादक पदार्थ के एक मामले में गलत तरीके से फंसाया ताकि उसका परिवार अधिकारी के खिलाफ न बोल सके। राकांपा के नेता मलिक ने यहां संवाददाताओं से कहा कि वानखेड़े ने भारतीय पुलिस सेवा के एक अधिकारी के बेटे को भी मादक पदार्थ के मामले में फंसाया और उसे गिरफ्तार करवाया। मलिक ने कहा कि आईपीएस अधिकारी के साथ वानखेड़े का कोई विवाद था जिसके चलते उन्होंने ऐसा किया। मलिक ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री और राकांपा सदस्य अनिल देशमुख का पुरजोर समर्थन करते हुए कहा कि केंद्रीय एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर उन्हें फंसाया गया।

देशमुख को प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया था और अभी वह न्यायिक हिरासत में हैं। बुधवार को राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने भी कहा था कि देशमुख के साथ अन्याय हो रहा है। मलिक ने भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी वानखेड़े के विरुद्ध आरोप लगाने का सिलसिला बृहस्पतिवार को भी जारी रखा। वानखेड़े अपनी पहली पत्नी शबाना कुरैशी को 2016 में तलाक दे चुके हैं और उन्होंने अभिनेत्री क्रांति रेडकर से 2017 में शादी की थी। मंत्री ने कहा, वानखेड़े ने सोचा कि उनकी पहली पत्नी उनके खिलाफ बोल सकती है इसलिए उन्होंने मादक पदार्थ बेचने वाले एक व्यक्ति के जरिए ड्रग्स रखवाया और उसके (पहली पत्नी) रिश्तेदार को राज्य पुलिस के नारकोटिक्स रोधी प्रकोष्ठ द्वारा गिरफ्तार करवा दिया। मलिक ने कहा, उनकी पहली पत्नी को धमकी दी गई थी कि अगर उन्होंने वानखेड़े के खिलाफ बोला तो पूरे परिवार को मादक पदार्थ बेचने के अपराध में गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पिछले महीने एक क्रूज पर एनसीबी के छापा पड़ने के बाद से मलिक वानखेड़े पर हमला बोलते रहे हैं।

वानखेड़े के पिता की याचिका पर 22 नवंबर को आदेश पारित करेगा उच्च न्यायालय

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि एनसीबी के क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े के पिता ज्ञानदेव वानखेड़े की याचिका पर 22 नवंबर को आदेश पारित किया जाएगा। याचिका में महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक के खिलाफ अंतरिम राहत की मांग के साथ ही कहा गया है कि मंत्री को मादक पदार्थ रोधी एजेंसी के अधिकारी और उनके परिवार के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपमानजनक सामग्री डालने से रोका जाए। न्यायमूर्ति माधव जामदार की एकल पीठ ने बृहस्पतिवार को मलिक और ज्ञानदेव वानखेड़े द्वारा सौंपे गए अतिरिक्त दस्तावेजों का संज्ञान लिया, जो एनसीबी के अधिकारी के जाति प्रमाण पत्र को लेकर चल रहे विवाद से संबंधित हैं। अदालत ने स्कूल नामांकन फार्म एवं स्कूल परित्याग प्रमाण पत्र का भी संज्ञान लिया जिसे मलिक ने सौंपा है। राकांपा नेता ने दावा किया कि यह समीर वानखेड़े का है और वह जन्म से मुस्लिम हैं। ज्ञानदेव वानखेड़े ने इसके जवाब में दस्तावेज पेश किए जिसमें उनके बेटे के जन्म का प्रमाण पत्र और उनकी जाति का प्रमाण पत्र शामिल है जिसमें कथित रूप से दिखाया गया है कि वास्तव में वह अनुसूचित जाति के हैं। उच्च न्यायालय ने दोनों पक्षों को निर्देश दिया कि 22 नवंबर को आदेश पारित हो जाने तक वे नया दस्तावेज पेश करने से बचें। मलिक का आरोप है कि समीर वानखेड़े जन्म से मुस्लिम हैं लेकिन अनुसूचित जाति श्रेणी से होने का दावा कर उन्होंने केंद्र सरकार की नौकरी हासिल की। लेकिन वानखेड़े ने उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों से इंकार किया है। वानखेड़े के पिता ने इस महीने की शुरुआत में उच्च न्यायालय में मानहानि की याचिका दायर कर आग्रह किया कि मलिक को उनके एवं उनके परिवार के खिलाफ सोशल मीडिया में अपमानजनक बयान जारी करने से रोका जाए। उन्होंने सवा करोड़ रुपए की क्षतिपूर्ति की भी मांग की है।

सेंसेक्स 372 अंक और टूटा

● लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी निफ्टी भी 17,800 अंक से नीचे फिसला

भाषा। मुंबई

वैश्विक बाजारों के नकारात्मक रुख तथा पेटीएम के शेयर की कमजोर शुरुआत से बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला लगातार तीसरे दिन जारी रहा और सेंसेक्स 372 अंक का गोता लगा गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 372.32 अंक यानी 0.62 प्रतिशत के नुकसान से 59,636.01 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 133.85 अंक यानी 0.75 प्रतिशत के नुकसान से 17,764.80 अंक पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 3.28 प्रतिशत टूट गया। टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, एलएंडटी, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक और मारुति के शेयर भी नीचे आए।

वहीं दूसरी ओर एसबीआई, पावरग्रिड, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लि. का शेयर बाजार में सूचीबद्धता के दिन 27 प्रतिशत तक टूट गया जिससे निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। पेटीएम का 18,300 करोड़ रुपए का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) देश के इतिहास का सबसे बड़ा निर्गम है। पिछले सप्ताह पेटीएम के आईपीओ को 1.89 गुना अभिदान मिला था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, देश के सबसे बड़े आईपीओ के नुकसान के साथ सूचीबद्ध होने और नरम वैश्विक रुख के बीच मुद्रास्फीति के बढ़ते दबाव से घरेलू धारणा प्रभावित हुई।

उन्होंने कहा कि वाहन कंपनियों के शेयर भी दबाव में थे क्योंकि दोपहिया वाहनों की कमजोर मांग तथा सेमीकंडक्टर की कमी की वजह से आपूर्ति प्रभावित होने से उद्योग की त्योहारी बिक्री कम रही है। रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि बाजार में मंदड़िया रुख जारी है। कमजोर वैश्विक रुख से भी यहां धारणा प्रभावित हुई और बाजार नीचे आ गए। उन्होंने कहा कि इसके अलावा पेटीएम के शेयर की कमजोर शुरुआत से भी बाजार पर दबाव कायम हो गया। कैपिटलवाया ग्लोबल रिसर्च में वरिष्ठ शोध विश्लेषक लिखिता चेपा ने कहा, घरेलू धारणा एशियाई बाजारों के नकारात्मक संकेतों तथा मुद्रास्फीतिक दबाव से प्रभावित हुई।

शुक्रवार को गुरु नानक जयंती पर शेयर बाजारों में अवकाश रहेगा। साप्ताहिक आधार पर इस हफ्ते सेंसेक्स 1,050.68 अंक यानी 1.73 प्रतिशत नीचे आया है। वहीं निफ्टी साप्ताहिक आधार पर 337.95 अंक यानी 1.86 प्रतिशत टूटा है। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप में 1.68 प्रतिशत तक का नुकसान रहा। अन्य एशियाई बाजारों में चीन के शंघाई कम्पोजिट, हांगकांग के हैंगसेंग, जापान के निक्की और दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में भी नुकसान रहा। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजार लाभ में थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट कच्चा तेल 0.46 प्रतिशत फिसलकर 79.91 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया चार पैसे की बढ़त के साथ 74.24 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

एमएसएमई को सहयोग देने के लिए सिडबी का गूगल से करार

मुंबई। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने एमएसएमई को प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों पर एक करोड़ रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान करने से जुड़े सामाजिक प्रभाव ऋण कार्यक्रम शुरू करने के लिए गूगल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (जीआईपीएल) के साथ साझेदारी की है। सिडबी ने बृहस्पतिवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि गूगल के साथ इस साझेदारी में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को कोविड-19 महामारी से संबंधित संकट के समाधान के लिए 1.5 करोड़ डॉलर (लगभग 110 करोड़ रुपए) के कोष का प्रावधान किया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया कि इसके तहत, सिडबी द्वारा 25 लाख रुपए से। करोड़ रुपए के बीच के ऋण के साथ सूक्ष्म उद्यमों (5 करोड़ रुपए तक का कारोबार) पर लक्षित एक ऋण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। सिडबी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिवसुब्रमण्यम रमन ने कहा, हमें इस समझौते से क्षेत्र को ऋण प्रदान करने के उनके प्रयासों के मजबूत होने की उम्मीद है और वे इसके रचनात्मक प्रभाव को देखने के लिए बहुत उत्सुक हैं जिसे हम एक साथ प्राप्त कर सकते हैं।

त्योहारी मौसम में वाहनों की खुदरा बिक्री 18 फीसदी घटी: फाडा

भाषा। नई दिल्ली

सेमीकंडक्टर की किल्लत होने से आपूर्ति बाधित होने के कारण इस बार त्योहारी मौसम पर वाहनों की खुदरा बिक्री 18 फीसदी तक गिर गई।

मोटर वाहन डीलरों के महासंघ फाडा ने बृहस्पतिवार को कहा कि वाहन बिक्री के लिए सबसे मुफीद माने जाने वाले त्योहारी मौसम में भी इस साल खुदरा बिक्री कम रही। फाडा के मुताबिक, इस साल 42 दिनों के त्योहारी मौसम में कुल 20,90,893 वाहनों की खुदरा बिक्री हुई जबकि पिछले साल के त्योहारी मौसम में 25,56,335 वाहन बिके थे। फाडा ने कहा कि तिपहिया एवं वाणिज्यिक वाहनों को छोड़कर इस साल के त्योहारी मौसम में बाकी सभी वाहन संवर्गों की बिक्री कम हुई है। इनमें यात्री वाहन, दोपहिया और ट्रैक्टर भी शामिल हैं। त्योहारी मौसम में पंजीकृत होने वाले यात्री वाहनों की कुल संख्या 3,24,542 रही जो वर्ष 2020 के त्योहारी मौसम की तुलना में 26 फीसदी तक कम है। इसी तरह दोपहिया वाहनों की बिक्री भी 18 फीसदी घटकर 15,79,642 इकाई पर आ गई। एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 19,38,066 दोपहिया वाहन था। ट्रैक्टरों की खुदरा बिक्री भी अक्टूबर-नवंबर के त्योहारी मौसम में 23 फीसदी गिरकर 56,841 पर आ गई जो पिछले साल 73,925 इकाई रही थी। इसके उलट तिपहिया एवं वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री इस बार बढ़ी है। इस त्योहारी मौसम में 52,802 तिपहिया वाहनों की बिक्री हुई जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 34,419 था। इसी तरह वाणिज्यिक उपयोग वाले वाहनों की बिक्री भी दस फीसदी की बढ़त के साथ 77,066 रही जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 70,361 वाहनों का था। फाडा के अध्यक्ष विनकेश गुलाटी ने कहा कि यह पिछले एक दशक का सबसे खराब त्योहारी मौसम साबित हुआ है। उन्होंने कहा, "सेमीकंडक्टर की किल्लत होने से हम मांग होने के बावजूद अपेक्षित संख्या में वाहनों की आपूर्ति नहीं कर सके। खासकर एसयूवी, कॉम्पैक्ट एसयूवी और लग्जरी वाहनों की आपूर्ति पर ज्यादा असर देखा गया है"। हालांकि गुलाटी ने कहा कि एंट्री-लेवल वाली कारों की मांग बनी रही। उन्होंने कहा कि महामारी की वजह से पहले से ही परेशान ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहिया वाहनों की मांग कम रहने की बड़ी वजह पेट्रोल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी रही। यहां तक कि पूछताछ के लिए आने वाले ग्राहक भी कम रहे।

चालू वित्त वर्ष में अब तक जारी किए गए 1.19 लाख करोड़ रुपए के आयकर रिफंड

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष में एक अप्रैल से 15 नवंबर के बीच 1.02 करोड़ से अधिक करदाताओं को 1.19 लाख करोड़ रुपए से अधिक का आयकर रिफंड जारी किया गया है। आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। आयकर विभाग ने ट्वीट किया, सीबीडीटी (केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड) ने। अप्रैल 2021 से 15 नवंबर 2021 तक 1.02 करोड़ से अधिक करदाताओं को 1,19,093 करोड़ रुपए से अधिक का रिफंड जारी किया। 1,00,42,619 मामलों में 38,034 करोड़ रुपए का आयकर रिफंड जारी किया गया है और 1,80,407 मामलों में 81,059 करोड़ रुपए का कॉर्पोरेट कर रिफंड जारी किया गया है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सिंगापुर के वरिष्ठ मंत्रियों से मुलाकात की

भाषा। सिंगापुर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को सिंगापुर के वरिष्ठ मंत्रियों से मुलाकात कर दोनों देशों के बीच साझेदारी को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की।

तीन दिवसीय यात्रा पर बुधवार को यहां पहुंचे जयशंकर ने सबसे पहले वरिष्ठ मंत्री और सामाजिक नीतियों के समन्वय मंत्री थरमन षणमुगरत्नम से मुलाकात की। जयशंकर ने ट्वीट किया, सिंगापुर के वरिष्ठ मंत्री और सामाजिक नीतियों के समन्वय मंत्री थरमन षणमुगरत्नम से मिलकर खुशी हुई। अंतरराष्ट्रीय आर्थिक स्थिति पर अच्छी चर्चा हुई। थरमन ने भी अपने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा, वैश्विक और क्षेत्रीय आर्थिक प्राथमिकताओं पर रचनात्मक चर्चा हुई और हमारे बीच के गहरे सहयोग पर चर्चा हुई। इसके बाद जयशंकर ने रक्षा मंत्री एनजी इंग हेन से मुलाकात की। जयशंकर ने ट्वीट किया, सिंगापुर के रक्षा मंत्री एनजी इंग हेन से मिलकर हमेशा की तरह खुशी हुई। उनसे रणनीतिक मामलों पर सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने गृह और कानून मंत्री काशीविश्वनाथन षणमुगम से भी मुलाकात की। जयशंकर ने ट्वीट में कहा, गृह और कानून मंत्री काशीविश्वनाथन षणमुगम से मिलकर अच्छा लगा। हमारी साझेदारी को मजबूत करने पर उनके विचारों की सराहना करता हूं।

भारतीय उच्चायोग ने बताया कि जयशंकर सिंगापुर के विदेश मंत्री डॉ विवियन बालकृष्णन से भी मुलाकात करेंगे। उनका शुक्रवार को सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग से भी मिलने का कार्यक्रम है। जयशंकर शुक्रवार को ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमिक फोरम में ग्रेटर पावर कॉम्पिटिशन: द इमर्जिंग वर्ल्ड ऑर्डर पर होने वाली एक परिचर्चा में भी शामिल होंगे।

सरकार ने केयर्न की पेशकश स्वीकार की

भाषा। नई दिल्ली

● मुकदमे वापस लेने पर रिफंड किए जाएंगे 7,900 करोड़ रुपए

केंद्र सरकार ने केयर्न एनर्जी की पेशकश स्वीकार करते हुए पिछली तारीख से कराधान विवाद को खत्म करने की राह आसान कर दी है। केयर्न को भारत के खिलाफ दायर अपने सभी मुकदमे वापस लेने पर जमा कर का रिफंड किया जाएगा। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

केयर्न ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि वह भारत सरकार के खिलाफ दायर मुकदमों को वापस लेने को तैयार है। पिछली तारीख से कराधान के प्रावधान को समाप्त करने वाला नया कानून आने के बाद केयर्न ने यह सहमति जताई थी। अब सरकार ने केयर्न की पेशकश को स्वीकार कर लिया है और उसे फॉर्म-2 भी जारी कर दिया है जिसमें कंपनी से वसूली गई राशि के रिफंड की प्रतिबद्धता जताई गई है। घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि फॉर्म-2 जारी होने के बाद केयर्न अंतरराष्ट्रीय अदालतों में इस कर विवाद को लेकर दायर सारे मामले वापस लेने की प्रक्रिया शुरू करेगी। तीन-चार हफ्तों में यह काम पूरा होते ही कंपनी को सरकार के पास कर राजस्व के रूप में जमा 7,900 करोड़ रुपए रिफंड कर दिए जाएंगे। केयर्न के प्रवक्ता ने इस बारे में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है लेकिन वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की है कि सरकार ने कंपनी की तरफ से दिए गए वचन को स्वीकार कर लिया है। सरकार ने एक आकर्षक निवेश स्थल के तौर पर भारत की छवि को बचाने के लिए गत अगस्त में नया कर कानून लागू किया था जिसमें विदेशी मूल वाली कंपनियों पर पिछली तारीख से कर लगाने के प्रावधान को हटा दिया गया। इस इस तरह केयर्न के अलावा वोडाफोन, सनोफी और सबमिलर पर कुल 1.1 लाख करोड़ रुपए की बकाया कर देनदारी भी खत्म हो गई। इन कंपनियों से सरकार करीब 8,100 करोड़ रुपए का कर इस प्रावधान के तहत वसूल चुकी थी। इसमें से 7,900 करोड़ रुपए अकेले केयर्न एनर्जी से ही वसूले गए थे। नया कानून आने के बाद केयर्न की तरह बाकी कंपनियां भी लंबित मुकदमे वापस लेने और ब्याज एवं जुर्माने की मांग छोड़ने पर इस राशि को वापस ले सकती हैं। सरकार ने पिछले महीने नए कानून को अधिसूचित कर दिया था जिसमें 2012 के पिछली तारीख से कराधान प्रावधान को निरस्त करने के साथ ही कंपनियों से वसूली गई राशि वापस लौटाने की बात कही गई है।

धन प्रेषण में दुनिया के सबसे बड़े प्राप्तकर्ता भारत में 2021 में 87 अरब डॉलर भेजे गए: विश्व बैंक

वाशिंगटन। विश्व बैंक के अनुसार, धन प्रेषण के मामले में दुनिया के सबसे बड़े प्राप्तकर्ता भारत में 2021 में विदेशों से 87 अरब डॉलर भेजे गए, जिसमें से 20 प्रतिशत से अधिक निधि अमेरिका से भेजे गए। भारत में सबसे अधिक धन अमेरिका से भेजे गए। वाशिंगटन स्थित विश्व बैंक ने बुधवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत के बाद चीन, मैक्सिको, फिलीपींस और मिस्र का स्थान हैं।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में धन प्रेषण 2022 में तीन प्रतिशत बढ़कर 89.6 अरब डॉलर होने का अनुमान है, क्योंकि अरब देशों से लौटने वाले लोगों का एक बड़ा हिस्सा वापसी का इंतजार कर रहा है। विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है, प्रेषण के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता भारत में धन प्रवाह 4.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 87 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

कृषि एवं ग्रामीण कामगारों को खुदरा महंगाई से मिली थोड़ी राहत

भाषा। नई दिल्ली

कृषि एवं ग्रामीण कामगारों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई में सितंबर की तुलना में अक्टूबर में थोड़ी राहत देखी गई। श्रम मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को जारी एक बयान में कहा कि अक्टूबर में कृषि क्षेत्र के कामगारों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति 2.76 प्रतिशत रही, जबकि सितंबर में यह 2.89 फीसदी थी। इसी तरह ग्रामीण कामगारों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति की दर अक्टूबर में 3.12 प्रतिशत रही जो एक महीने पहले 3.16 प्रतिशत पर थी। इस तरह दोनों ही वर्गों के लिए खुदरा महंगाई में अक्टूबर का महीना थोड़ी राहत लेकर आया। अगर अक्टूबर, 2020 से तुलना करें, तो अक्टूबर, 2021 में स्थिति काफी सुधरी है। अक्टूबर, 2020 में कृषि कामगारों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति 6.59 प्रतिशत और ग्रामीण कामगारों के लिए 6.45 प्रतिशत रही थी।

अगर खाद्य महंगाई की बात करें, तो सितंबर की तुलना में अक्टूबर, 2021 में कृषि एवं ग्रामीण कामगारों के लिए यह क्रमश: 0.39 प्रतिशत और 0.59 प्रतिशत रही थी। सितंबर में यह आंकड़ा क्रमश: 0.50 प्रतिशत और 0.70 प्रतिशत था। अक्टूबर में कृषि एवं ग्रामीण कामगारों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 14 अंक की बढ़त के साथ क्रमश: 1081 और 1090 अंक पर पहुंच गया। इसके पीछे खाद्य उत्पादों की बढ़ी कीमतों का हाथ रहा। इस महीने सब्जियों एवं फल, गेहूं-आटा, दाल, प्याज, मांस-मछली, सरसों तेल, चीनी, गुड़ और मिर्च के भाव में तेजी देखी गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में सबसे ज्यादा वृद्धि जम्मू- कश्मीर में देखी गई, जबकि सबसे ज्यादा गिरावट मणिपुर में रही।

इक्रा ने दूसरी तिमाही के लिए वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.9 फीसद किया

भाषा। मुंबई

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के लिए देश के वृद्धि दर के अनुमान को बढाकर 7.9 प्रतिशत कर दिया है। सितंबर में सरकारी खर्च में उछाल को देखते हुए रेटिंग एजेंसी ने अपने अनुमान में यह बदलाव किया है। इक्रा ने इससे पहले चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में वास्तविक वृद्धि दर के 7.7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में निचले आधार प्रभाव की वजह से वृद्धि दर 20 प्रतिशत से अधिक रही थी। वही भारतीय रिज़र्व बैंक ने वित्त वर्ष 2021-22 में वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, कोविड-19 की दूसरी लहर के थमने और टीकाकरण में तेजी के बाद औद्योगिक और सेवा क्षेत्र की गतिविधियां तेज हुई हैं।

डब्ल्यूटीओ में खास एवं अलग बर्ताव पर विकसित देशों का रुख अनुचित: गोयल

भाषा। नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि गरीब एवं विकासशील देशों के साथ खास एवं अलग बर्ताव को विकसित देशों द्वारा विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के सुधारों से जोड़ना अनुचित है। गोयल ने भारतीय उद्योग परिसंघ के एक कार्यक्रम में कहा कि आज दुनिया को भी यह देखना होगा कि कुछ देश सही मायने में वैश्विक व्यापार नियमों का पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से पालन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूटीओ को अपने कामकाज की समीक्षा करने की जरूरत है। डब्ल्यूटीओ की तरफ से गरीब एवं विकासशील देशों को व्यापार संबंधी कई प्रावधानों में छूट दी जाती है जिसे खास एवं भेदकारी बर्ताव कहा जाता है। ऐसा उनके लिए अधिक व्यापार अवसर पैदा करने के इरादे से किया जाता है। फिलहाल यह व्यवस्था है कि कोई भी देश खुद को विकासशील देश घोषित कर यह छूट ले सकता है। लेकिन अमेरिका ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि स्व-घोषणा से डब्ल्यूटीओ वार्ता नाकामी की तरफ बढ़ रही है और इस संगठन की प्रासंगिकता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं भारत का मत है कि इस मसले पर डब्ल्यूटीओ के भीतर गहन विचार-विमर्श की जरूरत है और सभी सदस्यों को आम सहमति से खास बर्ताव के मुद्दे पर कोई निर्णय लेना चाहिए। गोयल ने कहा, मुझे लगता है कि डब्ल्यूटीओ को अपने कामकाज के तरीके की समीक्षा करने की जरूरत है।

भारत में उल्लेखनीय निवेश करने के साथ 10 लाख रोजगार को समर्थन भी दे रहे हैं: एपल

भाषा। नई दिल्ली

बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी एपल भारत में उल्लेखनीय निवेश करने के साथ अपने कार्यबल, ऐप्स और आपूर्तिकर्ता भागीदारों के जरिए करीब दस लाख नौकरियों का समर्थन कर रही है। कंपनी की उपाध्यक्ष प्रिया बालासुब्रमण्यम ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। बेंगलुरु टेक समिट-2021 को संबोधित करते हुए बालासुब्रमण्यम ने कहा कि भारत में एपल पिछले दो दशकों से अधिक समय से कारोबार कर रही है उन्होंने कहा, इसके बाद से हमने बेंगलुरु और चेन्नई में स्थित अपने संयत्रों का विस्तार किया है, जहां से घरेलू बाजार और निर्यात के लिए आईफोन के कई मॉडलों का विनिर्माण किया है। बालासुब्रमण्यम ने कहा, हम अपनी आपूर्ति श्रृंखला के साथ अपने परिचालन के विकास तथा पहुंच के विस्तार और स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं के साथ जुड़ने के लिए भारत में महत्वपूर्ण निवेश कर रहे हैं।

हिंदुस्तान जिंक के 2002 के विनिवेश में कई अनियमितताएं थीं: सुप्रीम कोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2002 में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) के विनिवेश पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों और अभियोजकों की रिपोर्ट और सिफारिशों के आधार पर प्रथम दृष्टया जांच एजेंसी द्वारा एक नियमित केस दर्ज करने का मामला बनता है। न्यायालय ने कहा कि सीबीआई अधिकारियों की नियमित मामला दर्ज करने की सिफारिशों में कुछ विवरणों को प्रारंभिक जांच में बंद करने वाले स्व-निहित नोट द्वारा पर्याप्त रूप से हल नहीं किया गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि 1997-2003 के दौरान एचजेडएल विनिवेश से संबंधित गोपनीय सूत्र सूचना पर आधारित एक प्रारंभिक जांच (पीई) सीबीआई द्वारा 6 नवंबर, 2013 को दर्ज की गई थी और 6 मार्च, 2017 को इसे बंद कर दिया गया। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्न की पीठ ने कहा, 2002 में केंद्र सरकार के एचजेडएल के 26 प्रतिशत विनिवेश के संबंध में एक नियमित मामला दर्ज करने के लिए पर्याप्त सामग्री है। सीबीआई को एक नियमित मामला दर्ज करने और कानून के अनुरूप आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है। शीर्ष अदालत ने तीन प्रमुख अनियमितताओं का उल्लेख किया है जिसे हल नहीं किया गया। इसमें 25 प्रतिशत के बजाय 26 प्रतिशत के विनिवेश का निर्णय, बोली प्रक्रिया में अनियमितताएं और विनिवेश के लिए 26 प्रतिशत इक्विटी के मूल्यांकन में गड़बड़ियां शामिल हैं।

पेज एक का शेष

मोदी का...

के निपटान में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में उनकी सरकार आने के बाद से बैंकों की सेहत काफी सुधरी है। उन्होंने कहा, भारतीय बैंक देश की अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार करने के लिए अब मजबूत स्थिति में हैं। इससे भारत के आत्मनिर्भर बनने की राह आसान होगी। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने बैंकों से धन-संपत्ति एवं रोजगार के अवसर पैदा करने वालों को ऋण देने में सक्रियता दिखाने को भी कहा। उन्होंने कहा कि बैंकों को अपने साथ देश के भी बही-खाते को सुधारने के लिए सक्रियता से काम करना होगा। मोदी ने कहा कि बैंकों को कारोबार क्षेत्रों के फलने-फूलने में मदद के लिए अब पुरानी संस्कृति का त्याग कर कर्ज की मंजूरी देने वाले की सोच से खुद को अलग करना होगा। उन्होंने बैंकों को कारोबार जगत के साथ भागीदार का मॉडल अपनाने की सलाह भी दी। उन्होंने पिछले छह-सात वर्षों में अपनी सरकार द्वारा किए गए सुधारों से बैंकिंग क्षेत्र की स्थिति मजबूत होने की बात कही। उन्होंने कहा, हमने बैंकों की एनपीए समस्या का समाधान निकाला है, बैंकों में नई पूंजी डाली है, दिवाला संहिता लेकर आए हैं और ऋण वसूली न्यायाधिकरण को सशक्त किया है। उन्होंने बैंकरों को कंपनियों और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए उनकी जरूरत के हिसाब से समाधान मुहैया कराने को भी कहा। उन्होंने कहा, आप ग्राहकों के बैंक आने का इंतजार न करें। आपको उनके पास जाना होगा। प्रधानमंत्री ने बैंकों को बड़ी सोच एवं नवाचारी रवैए के साथ आगे बढ़ने की सलाह देते हुए कहा कि फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) को अपनाने में अगर देर करते हैं, तो हम पीछे छूट जाएंगे। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त, 2022 तक हरेक बैंक शाखा में कम-से-कम 100 ऐसे ग्राहक होने चाहिए जो अपना समूचा कारोबार डिजिटल ढंग से कर रहे हों। प्रधानमंत्री ने पिछले पांच वर्षों में बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) सबसे कम होने और बैंकों के पास समुचित नकदी होने का जिक्र करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के बावजूद बैंकिंग क्षेत्र चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में मजबूत बना रहा। इसकी वजह से अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने इस क्षेत्र का परिदृश्य भी सुधारा है।

कोर्ट ने...

अपराध शाखा ने उन्हें भगोड़ा घोषित करने की मांग करते हुए कहा कि आईपीएस अधिकारी को गैर जमानती वारंट जारी किए जाने के बाद भी उनका पता नहीं चल सका है। गोरेगांव पुलिस थाने में दर्ज इस मामले में पूर्व सहायक पुलिस इंस्पेक्टर सचिन वाजे भी आरोपी है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट एस बी भाजीपले ने बुधवार को सिंह के अलावा सह-आरोपियों विनय सिंह और रियाज भट को भी भगोड़ा अपराधी घोषित किया। रियल स्टेट डेवलेपर और होटलों के मालिक बिमल अग्रवाल ने आरोप लगाया था कि आरोपियों ने उसके दो बार और रेस्त्रां पर छापे न मारने की एवज में उससे नौ लाख रुपए वसूले थे और उसे उनके लिए 2.92 लाख रुपए के दो स्मार्टफोन खरीदने के लिए भी विवश किया था। उसने दावा किया था कि ए घटनाएं जनवरी 2020 और मार्च 2021 के बीच की हैं।

राजधानी में...

अनुसार इस साल 31 फीसदी प्रदूषण दिल्ली के अंदर का है और 69 फीसदी प्रदूषण बाहरी राज्यों से आया है। सफर के डेटा का विश्लेषण करके सीएसई ने जो रिपोर्ट जारी की है, यह रिपोर्ट 2016 के टेरी की तरफ से जारी डाटा से मेल खाती है। टेरी के डेटा में दिल्ली का प्रदूषण 36 फीसद था और आज वह प्रदूषण घट कर 31 फीसद हो गया है। इस रिपोर्ट में दिखाए गए चार्ट के अनुसार उस दौरान 14 फीसद बायोमॉस बर्निंग का प्रदूषण था। उसके बाद से लगातार पराली की घटनाएं बढ़ी हैं। सुप्रीम कोर्ट में भी बीते बुधवार को केंद्र सरकार ने इस बात को स्वीकार किया कि जो 4 फीसदी का डाटा दिया था, वह पूरे साल का डाटा है। इस समय प्रदूषण में पराली का योगदान करीब 35 से 40 फीसदी है।

पिछले पांच माह में दालों की खुदरा कीमतें स्थिर: सरकार

भाषा। नई दिल्ली

सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले पांच महीनों में दालों की खुदरा कीमतों में काफी स्थिरता आई है। चना, अरहर, उड़द और मूंग की कीमतों में या तो गिरावट आई है या आयात को बढ़ावा देने और जमाखोरी पर अंकुश लगाने के विभिन्न उपायों के कारण पिछले वर्ष की तुलना में ए स्थिर बनी हुई है।

एक सरकारी बयान के अनुसार, दालों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में भी पिछले पांच महीनों के दौरान निरंतर गिरावट आई है, जो जून, 2021 के 10.01 प्रतिशत से घटकर अक्टूबर, 2021 में 5.42 प्रतिशत रह गई है। अक्टूबर, 2020 में दलहन मुद्रास्फीति की दर 18.34 प्रतिशत थी। इसी तरह, दालों के लिए थोक बिक्री मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जून, 2021 में 11.56 प्रतिशत से घटकर अक्टूबर, 2021 में 5.36 प्रतिशत रह गई है। बयान में कहा गया है, जून, 2021 से पिछले पांच महीनों में दालों की खुदरा कीमतें काफी हद तक स्थिर हो गई हैं।

आज की तारीख में, चना, अरहर, उड़द और मूंग की कीमतों में या तो गिरावट आई है या पिछले साल की तुलना में स्थिर बनी हुई है। सरकार ने कहा कि दालों की खुदरा कीमतों में स्थिरता उसके द्वारा पूर्व सुनियोजित प्रयासों और सक्रिय उपायों के कारण हासिल की गई है। इन उपायों में 15 मई, 2021 से अरहर, उड़द और मूंग के आयात को प्रतिबंधित से मुक्त श्रेणी में किया जाना भी शामिल है। अरहर (अरहर) का आयात 2021-22 के अप्रैल-नवंबर के दौरान बढ़कर 4,27,796 टन हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 1,71,125 टन था। समीक्षाधीन अवधि के दौरान उड़द का आयात पहले के 2,25,548 टन से बढ़कर 3,56,178 टन हो गया, जबकि मूंग का आयात पहले के 22,051 टन से बढ़कर 1,36,007 टन हो गया। चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-नवंबर के दौरान मसूर का आयात घटकर 4,59,839 टन रह गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 8,33,315 टन था।

सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत दो जुलाई, 2021 को मूंग को छोड़कर सभी दालों पर स्टॉक सीमा लगा दी। घरेलू उपभोक्ताओं पर उच्च अंतरराष्ट्रीय कीमतों के प्रभाव को कम करने के लिए सरकार ने 27 जुलाई, 2021 से मसूर पर मूल आयात शुल्क और एआईडीसी (कृषि अवसंरचना और विकास उपकर) को घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया।

इंडोनेशियाई में हवाई अड्डे के विकास के लिए जीएमआर ने बोली जीती

भाषा। हैदराबाद

जीएमआर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की सहायक कंपनी जीएमआर एयरपोर्ट्स लिमिटेड (जीएएल) ने इंडोनेशिया के मेदान में कुआलानामु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास और संचालन के लिए बोली जीती है। जीएमआर ने बृहस्पतिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मेदान हवाई अड्डे के लिए बोली आमंत्रित करने वाली सरकारी कंपनी अंगकासा पुरा 2 ने हवाई अड्डे के लिए रणनीतिक साझेदारी के चयन के लिए सर्वोत्तम और अंतिम मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी कर ली है और जीएमआर एयरपोर्ट्स लिमिटेड को विजेता बोलीदाता घोषित किया है। मेदान इंडोनेशिया का चौथा सबसे बड़ा शहरी क्षेत्र है और उत्तरी सुमात्रा प्रांत की राजधानी है। जीएमआर इस परियोजना के लिए एपी2 के साथ 49:51 की साझेदारी करेगा। कंसोर्टियम कुआलानामु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को इंडोनेशिया के पश्चिमी अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में तब्दील करेगा। इस परियोजना के तहत कंपनी पर 25 वर्षों की अवधि तक हवाई अड्डे के संचालन, विकास और विस्तार की जिम्मेदारी होगी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला जीतने उतरेगा भारत

- मध्यक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद
- दूसरा टी-20 आज

भाषा। रांची

भारत शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत के साथ तीन मैचों की श्रृंखला अपने नाम करने के इरादे से उतरेगा लेकिन साथ ही उसे अपने मध्यक्रम के बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा ने अपनी जोड़ी की अच्छी शुरुआत करते हुए बुधवार को जयपुर में न्यूजीलैंड को पहले टी20 में पांच विकेट से हराया।

भारत की जीत में शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन और डेथ ओवरों में गेंदबाजों की नियंत्रित गेंदबाजी की अहम भूमिका रही। इस जीत के साथ भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सभी प्रारूपों में लगातार सात हार के क्रम को भी तोड़ दिया। ढाई हफ्ते के जरूरी ब्रेक से पहले रोहित रांची में ही श्रृंखला जीतना चाहेंगे जिससे कि कोलकाता में अंतिम मैच में युवा खिलाड़ियों को मौका दिया जा सके। मौजूदा श्रृंखला से विराट कोहली को आराम दिया गया है और उनकी गैरमौजूदगी में सूर्यकुमार यादव ने तीसरे नंबर बल्लेबाजी के मौके का पूरा फायदा उठाते हुए 42 गेंद में 62 रन बनाए। भारतीय टीम आसान जीत की ओर से बढ़ रही थी लेकिन श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत ने निराश किया जिससे मुकाबला थोड़ा करीबी हो गया। मेजबान टीम ने हालांकि बल्लेबाजी के दौरान कभी मैच से नियंत्रण नहीं खोया। लंबे समय के बाद भारत के लिए खेल रहे अय्यर लय में नहीं दिखे और उन्हें गेंद को बल्ले के बीच से खेलने में परेशानी हुई। बड़े शॉट नहीं लगने की स्थिति में वह एक या दो रन लेकर स्ट्राइक रोटेट करने के इच्छुक भी नहीं दिखे। श्रेयस आठ गेंद में पांच रन बनाने के बाद 19वें ओवर में टिम साउथी का शिकार बने। भारत के लिए मजबूत पक्ष सूर्यकुमार की बल्लेबाजी रही जिन्होंने मैदान में चारों तरफ शॉट खेलकर सवाई मानसिंह स्टेडियम में मौजूद दर्शकों का मनोरंजन किया। एक अन्य सकारात्मक पक्ष सीनियर गेंदबाजों भुवनेश्वर कमार और रविचंद्रन अश्विन का प्रदर्शन रहा। कुछ अनुभवहीन गेंदबाजों ने जहां रन लुटाए वहां इन दोनों ने सटीक लाइन और लेंथ के साथ गेंदबाजी की। पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप मुकाबले में खराब प्रदर्शन के बाद अंतिम एकादश से बाहर किए गए भुवनेश्वर को रोहित और राहुल के नेतृत्व में नए प्रबंधन ने मौका दिया है। भुवनेश्वर अपने करियर के सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। वह सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से आईपीएल के छह मैचों में 54 के औसत और 7.04 के इकोनॉमी रेट से तीन ही विकेट चटका पाए। जयपुर में हालांकि उन्होंने स्विंग का फायदा उठाते हुए 24 रन देकर दो विकेट चटकाए और सलामी बल्लेबाज डेरिल मिशेल को इनस्विंग होती गेंद पर बोल्ड किया। अश्विन ने भी 23 रन देकर दो विकेट हासिल किए। भारत ने डेथ ओवरों में अच्छी गेंदबाजी करते हुए 41 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड की टीम 15 से 20 रन कम बना पाई। निचला मध्यक्रम भी कप्तान रोहित के लिए चिंता का विषय है और ऐसे में देखना होगा कि क्या वह बल्लेबाजी क्रम में बदलाव कर सकते हैं। खिलाडियों को अधिक मौका देने की प्रतिबद्धता जता चुके रोहित के हालांकि सिर्फ एक मैच के बाद बल्लेबाजी क्रम में छेड़छाड़ की संभावना कम है। न्यूजीलैंड की पारी के अंतिम ओवर में मिशेल सेंटनर के शॉट पर भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को हाथ में चोट लगी थी और उनका खेलना संदिग्ध है। शाम के समय ओस की भूमिका अहम हो सकती है ।

रांची में भरा रहेगा स्टेडियम, भारी ओस चिंता का विषय

रांची। भारत और न्यूजीलैंड के बीच जेएससीए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम मे होने वाले दूसरे टी20 क्रिकेट मैच के दौरान भारी ओस गिरने की आशंका जताई जा रही है। झारखंड प्रदेश क्रिकेट संघ के सचिव संजय सहाय ने कहा कि राज्य सरकार से सौ फीसदी दर्शकों के प्रवेश की अनुमति मिलने के बाद उन्हे स्टेडियम भरा रहने की उम्मीद है। राज्य सरकार की अधिसूचना के मुताबिक दोनों टीके लगवा चुके लोगों या आरटी पीसीआर की नेगेटिव रिपोर्ट दिखाने वालों को स्टेडियम में प्रवेश मिलेगा। सहाय ने कहा , राज्य सरकार सौ फीसदी उपस्थिति की अनुमति दे दी है और हमें उम्मीद है कि भारत मे लंबे समय के बाद स्टेडियम पूरा भरा होगा। दीर्घाओं मे खाने पीने का सामान भी मिलेगा। हालात सामान्य हो रहे है लोग दो साल से लॉकडाउन से थक गए है और इस मैच को लेकर काफी रोमांच है। एक बार फिर सड़कों पर लोग दिखेंगे। उन्होंने हालांकि कहा कि कोरोना प्रोटोकॉल का पूरा पालन किया जाएगा। जगह जगह जांच होगी और दर्शकों को दोनों टीकों का प्रमाण पत्र या 48 घंटे के भीतर वाली नेगेटिव आरटी पीसीआर रिपोर्ट दिखानी होगी। करीब 39000 की क्षमता वाले स्टेडियम के टिकट 900 रुपए से लेकर 9000 रुपए के बीच है और आनलाइन बिक चुके है।

रांची में न्यूजीलैंड–भारत क्रिकेट मैच को स्थगित करने के लिए याचिका

रांची। भारत-न्यूजीलैंड टी20 क्रिकेट श्रृंखला के शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे मैच को स्थगित करने या सिर्फ स्टेडियम की क्षमता के आधे दर्शकों के साथ ही मैच कराने की अनुमति देने की मांग के साथ झारखंड उच्च न्यायालय मे याचिका दाखिल की गई है। झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता धीरज कुमार ने झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के जेएससीए स्टेडियम मे न्यूजीलैंड और भारत के बीच शुक्रवार को होने वाले श्रृंखला के दूसरे टी20 मैच मे शत प्रतिशत सीट दर्शकों के लिए खोले जाने के खिलाफ झारखंड उच्च न्यायालय मे जनहित याचिका दाखिल की है। अधिवक्ता ने शत प्रतिशत क्षमता के साथ क्रिकेट मैच के आयोजन की छूट दिए जाने का विरोध किया है। उन्होने कहा कि कोरोना संक्रमण को लेकर जब राज्य के मंदिर, सभी अदालतो सहित अन्य कार्यालय भी 50 प्रतिशत कर्मचारियो के साथ काम कर रहे है तो किस नियम के तहत राज्य सरकार ने क्रिकेट स्टेडियम को 100 प्रतिशत क्षमता के साथ उपयोग करने की छूट दी है?

अश्विन के खिलाफ रन बनाना बेहद मुश्किल: गुप्टिल

भाषा। जयपुर

न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल को भारत के रविचंद्रन अश्विन के खिलाफ रन बनाना काफी मुश्किल लगता है क्योंकि इस आफ स्पिनर का अपनी लाइन, लेंथ और गति पर शानदार नियंत्रण है। चार साल बाद सीमित ओवरों के क्रिकेट में वापसी करने के बाद से अश्विन ने लगातार प्रभावित किया है। टी20 विश्व कप में उन्होंने प्रभावी गेंदबाजी की और बुधवार को पहले टी20 मुकाबले में एक ही ओवर में न्यूजीलैंड के दो विकेट चटकाकर विरोधी टीम की रन गति पर अंकुश लगाया। उन्होंने अर्धशतक जड़ने वाले मार्क चैपमैन और टिम सीफर्ट को आउट किया। गुप्टिल ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, वह चतुर गेंदबाज है। उसका अपनी लाइन और लेंथ पर शानदार नियंत्रण है। वह खराब गेंद नहीं फेंकता। मुझे याद नहीं कि उसने अपने पूरे करियर में उसने कभी खराब गेंद फेंकी हों। उन्होंने कहा, उसका गति में बदलाव इतना कुशल और नियंत्रित होता है कि उसके खिलाफ रन बनाना बेहद मुश्किल हो जाता है। सलामी बल्लेबाज गुप्टिल ने 42 गेंद में 70 रन की पारी खेली लेकिन उनकी टीम को पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। रविवार को टी20 विश्व कप के फाइनल में हार के बाद न्यूजीलैंड की यह लगातार दूसरी शिकस्त है। गुप्टिल ने कहा, पिछले दो मैचों में हम खराब क्रिकेट नहीं खेले। बात बस इतनी सी है कि हम सही नतीजा हासिल नहीं कर सके। क्रिकेट इसी तरह चलता है। निश्चित तौर पर यह (कार्यक्रम) अलग तरह का है। दो दिन पहले विश्व कप फाइनल और फिर विमान में बैठे और अब हम यहां भारत में एक और श्रृंखला खेल रहे हैं। गुप्टिल ने चैपमैन के साथ दूसरे विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी की और न्यूजीलैंड का स्कोर छह विकेट पर 164 रन तक पहुंचाया। इस सलामी बल्लेबाज का हालांकि मानना है कि उन्होंने 10 रन कम बनाए।

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that Share Certificate Nos. 38471, 56798-56800 for 235 Equity Shares of Rs.10/- (Rupees ten only) each bearing Distinctive Nos. from 3845201 to 3845300 and 10498533 to 10498667 of M/s Eicher Motors Ltd having its registered office at 3rd Floor - Select Citywalk, A-3 District Centre, Saket, New Delhi, Delhi, 110017 registered in the name of Late Lucy Moras have been lost. Mr. Rahul Raj Moras has applied to the company for issue duplicate certificates. Any person who has any claim in respect of the said share certificate should lodge such claim with the company within 15 days of the publication of this notice.

क्विक न्यूज

अनुभवी फुटबॉल कमेंटेटर नोवी कपाड़िया का लंबी बीमारी के बाद निधन

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल का एनसाइक्लोपीडिया कहे जाने वाले मशहूर कमेंटेटर और दिल्ली यूनिवर्सिटी के पूर्व प्रोफेसर नोवी कपाड़िया का लंबी बीमारी के बाद गुरुवार को यहां निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। कपाड़िया अविवाहित थे और उनकी बहन की मृत्यु के बाद उनके परिवार मे कोई नही था। नौ फीफा विश्व कप कवर कर चुके कपाड़िया पिछले एक महीने से वेंटिलेटर पर थे।

मनिका के आरोपों की जांच के लिए अदालत की तीन सदस्यीय समिति

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा द्वारा राष्ट्रीय कोच पर लगाए गए मैच फिक्सिंग के प्रयासो के आरोपो की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश विक्रमजीत सेन की अध्यक्षता मे तीन सदस्ईय समिति का गठन किया है। समिति मे उच्चतम न्यायालय के एक और पूर्व न्यायाधीश ए के सिकरी और अर्जुन पुरस्कार तथा पद्मश्री प्राप्त एथलीट गुरबचन सिंह रंधावा भी है।

ब्रूक्स ने पुजारा को स्टीव उपनाम देने पर माफी मांगी

लंदन। समरसेट के तेज गेंदबाज जैक ब्रूक्स ने यॉर्कशर काउंटी टीम के प्रतिनिधित्व के दौरान को चेतेश्वर पुजारा को स्टीव नाम से बुलाने पर माफी मांगी है। अजीम रफीक के यॉर्कशर के खिलाफ संस्थागत नस्लवाद के आरोपो और उसकी जांच से इन दिनों इंग्लैड क्रिकेट विवादो मे घिरा है। ब्रुक्स 2018 मे समरसेट टीम से जुड़े। उन्होने 2012 मे किए गए अपने नस्लवादी ट्वीट के लिए भी माफी मांगी।

पादुकोण को बीडब्ल्यूएफ का लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार

नई दिल्ली। भारत के महान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण को बैडमिंटन विश्व महासंघ ने इस साल लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार के लिए चुना है। बीडब्ल्यूएफ ने पुरस्कार आयोग की सिफारिश पर उनका चयन किया। भारतीय बैडमिंटन संघ ने पुरस्कार के लिए उनका नाम भेजा था। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और विश्व चैम्पियनशिप पदक जीतने वाले पहले भारतीय पादुकोण को 2018 मे बीएआई का लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया गया था।

रूस पर ट्रैक एवं फील्ड पर लगा प्रतिबंध सातवें साल के लिए बढ़ाया गया

मोनाको। रूस पर ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धा मे प्रतिस्पर्धा पेश करने पर लगे प्रतिबंध को सातवे साल के लिए बढ़ा दिया गया है। विश्व एथलेटिक्स ने अपनी कांग्रेस मे निलंबन को बरकरार रखने के पक्ष मे मतदान किया। यह प्रतिबंध पहली बार नवंबर 2015 मे लगाया गया था। खेल की वैश्विक संचालन संस्था ने हालांकि मतदान के नतीजों की जानकारी नही दी।

ताशकंद को 25 एशियाई युवा पैरा खेलों की मेजबानी

नई दिल्ली। एशियाई पैरालंपिक समिति (एपीसी) ने गुरुवार को घोषणा की कि 2025 एशियाई युवा पैरा खेलो का आयोजन ताशकंद मे किया जाएगा। बोली प्रक्रिया के बाद ताशकंद को मेजबानी सौंपने का फैसला किया।

राजस्थान को नौ विकेट से हराकर विदर्भ सेमीफाइनल में

सैयद मुश्ताक अली ट्राफी

भाषा। नई दिल्ली

गेंदबाजों के कमाल के बाद बल्लेबाजों के धमाल से विदर्भ ने गुरुवार को यहां राजस्थान को नौ विकेट से हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद विदर्भ ने अपने गेंदबाजों की बदौलत राजस्थान को 20 ओवर में आठ विकेट पर 84 रन पर रोक दिया और फिर सलामी बल्लेबाज अथर्व ताइडे की 42 गेंद में नाबाद 40 रन की बदौलत 5.1 ओवर शेष रहते जीत दर्ज की।

विदर्भ ने 14.5 ओवर में एक विकेट पर 87 रन बनाए। राजस्थान ने शुरुआती दो ओवर में ही सलामी बल्लेबाजों यश कोठारी (01) और अरिजीत गुप्ता (00) के विकेट गंवा दिए जिससे टीम का स्कोर दो विकेट पर दो रन हो गया। तेज गेंदबाज दर्शन नालकंडे (आठ रन पर एक विकेट) ने इसके बाद कप्तान महिपाल लोमरोर (11) जबकि युवा तेज गेंदबाज यश ठाकुर (24 रन पर दो विकेट) ने दीपक हुड्डा (03) को पवेलियन भेजकर राजस्थान का स्कोर चार विकेट पर 18 रन किया। विदर्भ के गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए और राजस्थान के बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया। कमलेश नागरकोटी ने 48 गेंद में 39 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 80 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

मनीष पांडे ने रन आउट करने के बाद छक्का लगाकर कर्नाटक को अंतिम चार में पहुंचाया

नई दिल्ली। मनीष पांडे ने 20वे ओवर की आखिरी गेंद पर शानदार रन आउट करने के बाद सुपर ओवर मे छक्का लगाकर गुरुवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे बंगाल के खिलाफ कर्नाटक को रोमांचक जीत दिलाई। कर्नाटक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर मे पांच विकेट पर 160 रन बनाए, लक्ष्य का पीछा करते हुए बंगाल की टीम भी 20 ओवर मे आठ विकेट पर 160 रन ही बना सकी। सुपर ओवर मे बंगाल की टीम ने चार गेंद मे पांच रन पर दोनो विकेट गंवा दिए। कर्नाटक ने पांडे के छक्के से सुपर ओवर मे चार गेंद शेष रहते मैच को अपने नाम कर लिया। इससे पहले बंगाल ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करने के बाद कर्नाटक के बल्लेबाजो को खुलकर खेलने का मौका नही दिया। रोहन कदम (29 गेंद मे 30 रन) और पांडे (34 गेंद मे 29 रन) तेजी से रन बनाने मे जूझते दिखे। करुण नायर (29 गेंद मे नाबाद 55) ने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेल टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। उन्हें अभिनव मनोहर (नौ गेंद मे 19 रन) और अनिरुद्ध जोशी (10 गेंद मे 16 रन) का अच्छा साथ मिला, जिन्होने तेजी से रन जुटाए। नायर ने अपनी पारी मे चार चौके और तीन छक्के जड़े। बंगाल के लिए मुकेश कुमार, आकाश दीप, स्यान घोष, ऋतिक चटर्जी और शाहबाज अहमद ने एक-एक विकेट लिए। जीत के लिए 161 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगाल की टीम को श्रीवत्स गोस्वामी मे 10 गेंद मे 22 रन बनाकर तेज शुरुआत दिलाई लेकिन दूसरे सलामी बल्लेबाज अभिषेक दास खाता खोले बगैर पवेलियन लौट गए। ऋतिक चटर्जी ने 40 गेंद मे 51 और ऋतिक रॉय चौधरी ने 18 गेंद मे नाबाद 36 रन बनाकर टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया।

गुजरात को 30 रन से हराकर हैदराबाद सेमीफाइनल में

नई दिल्ली। तिलक वर्मा की 75 रन की आक्रामक पारी और गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन की मदद से हैदराबाद ने गुजरात को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में 30 रन से हरा दिया। पालम स्थित वायुसेना ग्राउंड पर खेले गए मैच में हैदराबाद ने वर्मा के 50 गेंद पर 75 रन की मदद से पांच विकेट पर 158 रन बनाए। इसके बाद विरोधी टीम को आठ विकेट पर 128 रन पर रोक दिया। हैदराबाद ने सलामी बल्लेबाज प्रज्ञय रेड्डी (1) का विकेट जल्दी गंवा दिया जिन्हें तेज गेंदबाज चिंतन गाजा ने आउट किया। फॉर्म में चल रहे कप्तान तन्मय (31) ने फिर पारी को आगे बढाया।

केरल को पांच विकेट से हराकर तमिलनाडु सेमीफाइनल में

नई दिल्ली। तमिलनाडु ने गुरुवार को यहां केरल को पांच विकेट से हराकर सैयद मुश्ताक अली टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बी साई सुदर्शन (31 गेंद में 46 रन), कप्तान विजय शंकर (33 रन, 26 गेंद) और आर संजय यादव (32 रन, 22 गेंद) की पारियों की मदद से गत चैंपियन तमिलनाडु ने 182 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.3 ओवर में पांच विकेट पर 187 रन बनाकर जीत दर्ज की। इससे पहले केरल ने विष्णु विनोद की 26 गेंद में सात छक्कों और दो चौकों की बदौलत 65 रन की पारी से चार विकेट पर 181 रन बनाए।

ज्योति ने दो कोरियाई तीरंदाजों को हरा, व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता

भाषा। ढाका

विश्व चैंपियनशिप की तीन बार की रजत पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेनाम ने कड़े लेकिन विवादास्पद फाइनल सहित दो दौर में कोरियाई चुनौती से पार पाते हुए गुरुवार को यहां एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप का महिला कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। सितंबर में यंकतून विश्व चैंपियनशिप में तीन रजत पदक जीतने वाली ज्योति ने 2015 की विश्व चैंपियन किम युन्ही को सेमीफाइनल में आसानी से 148-143 से हराया और फिर ओह यूह्युन को 146-145 से हराकर भारत के लिए प्रतियोगिता का पहला स्वर्ण पदक जीता।

अंतिम सेट से पहले दुनिया की छठे नंबर की खिलाड़ी ज्योति ने दो अंक की बढ़त हासिल कर ली थी। उन्होंने अंतिम सेट में एक बार 10 और दो बार नौ अंक जुटाए।

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, LOKENDRA NATH S/o Late Sh. HIRA LAL AGGARWAL, am the co-allotee/co-mutatee of DDA BUILT-UP FLAT NO.72 ON SECOND FLOOR CATEGORY-MIG, SITUATED AT BLOCK-I, NARAINA RESIDENTIAL SCHEME, COLONY NOW KNOWN AS NARAINA VIHAR, NEW DELHI - 110028, vide DDA's File No. F14(61)71/HB. The Original Documents viz (1) Demand Letter (2) Possession Slip and (3) All Bank Challans of the said property have been misplaced. An Information Report of this effect has been lodge in Police Station Crime Branch, Delhi vide LR No.925696/2021 on 13.11.2021 Any person(s) claiming any right, interest having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No. 8336973377 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director, LAB(H) or Director (H)-1, D- Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023 .

PUBLIC NOTICE

To be known to all that **Naresh Kumar** S/o **Late Sh.Ramjas R/o Flat No.7-C,Second Floor, Block-NU,Pitampura,Delhi Allottee/ Purchaser/**Owner of DDA Janta Flat No.7-C,on Second Floor, Block-NU, Situated At Pitampura, New Delhi.The Original Documents I.e. Demand Letter and Possession Letter of the above said flat have been lost. An F.I.R./NCR/LR NO.1680248/2018 dated 09/07/2018 to this effect has been lodged in P.S.Crime Branch, Delhi.Any person(s)claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents,may write/contact with above named person at above Address/Phone 9811428291 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or **write to Deputy Director (LAB) Janta or Director (LAB) Janta, Vikas Sadan, New Delhi**

PUBLIC NOTICE

To be known to all that **Mrs. Madhupa Sood W/o Sh. A.k. Sood & Sh. A.k. Sood S/o Late Sh. K.L. Sood Both R/o Flat No.2206, The New Jai Bharat CGHS Ltd.,Plot No.5,Sector-4,Dwarka, New Delhi,** Allottee of Flat No.2206,the New Jai Bharat CGHS Ltd.,Plot No.5,Sector-4,Dwarka, New Delhi. The Original Documents I.e. Allotment Letter And Possession Letter issued by the society of the above said flat has been lost.An F.I.R./NCR/LR NO.948118/2021 dated 18/11/2021 to this effect has been lodged in P.S.Crime Branch,Delhi.Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents,may write/contact with above named person at above Address/Phone No. 9871433334 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or **write to Deputy Director (GH) or Director (GH), DDA, Vikas Sadan, New Delhi**

सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती आभा सिंह पत्नी श्री मनुज कुमार एक आवासीय फर्स्ट फ्लोर, बिना छत के अधिकार, क्षेत्रफल 100 वर्ग मीटर, आवासीय संपति नं. 20-ए पर संपति संख्या आरजेड-डी/20ए, खसरा नं. 24/220/2, राजस्व संपति ग्राम डाबरी, आबादी डाबरी एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110045 में स्थित है उपरोक्त संपति हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा बंधक प्रस्तावित है, आगे सूचित हो कि श्रीमती मंजू शर्मा के अलावा स्वर्गीय श्री विनोद कुमार शर्मा के अन्य कोई विधिक उत्तराधिकारी नहीं है व जीवित सदस्य प्रमाण पत्र भी उपलब्ध नहीं है।

यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपति में कोई आपत्ति या दावा है, तो हमें इस नोटिस की तारीख से 10 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।

राघव तिवारी (अधिवक्ता)
चैम्बर नं०, 830 पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली-110001
मोबाईल : +8076188328

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/ यॉत्रिक (समाडि)/पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-निविदा सूचना संख्या या/ समाडि/ 04/ 2021-22 दिनांक 16.11.2021 के माध्यम से एक पैकेट सिस्टम पर आधारित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः** थावे जंक्शन स्टेशन के लाइन नंबर 5 पर 600 मीटर लंबाई 150 एमएम डाया के वाटरिंग हाइड्रेन्ट के प्रावधान के साथ ही साथ रोलिंग इन परीक्षण हेतु कैमटेक डिजाइन एवं 8'x8'x8' माप तथा सभी मौषम के अनुकूल तथा 02 अदद रोलिंग हट की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग। **कार्य की अनुमानित लागत (रू० में)** : 35,16,389.84, **अमानत राशि :** शुन्य (प्राधिकार रेलवे बोर्ड का पत्रांक 2020/ सीइ-1/ सीटी/3इ/ जीसीसी/ पालिसी दिनांक 30.12.2020), **निविदा प्रपत्र का मुल्य-** शुन्य (प्राधिकार एसजीसीसी- वर्कस, जुलाई-2020 (प्राधिकार रेलवे बोर्ड का पत्रांक 2020/ सीइ-1/सीटी/3इ/ जीसीसी/ पालिसी दिनांक 16.07.2020), **कार्य की अवधि (आपूर्ति, स्थापना एवं कमीशनिंग)** - स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 180 दिन। **वारंटी अवधि :** कमीशनिंग तिथि से न्यूनतम 12 माह, **ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** दिनांक 15.12.2021 को समय 14.30 बजे। **ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समयः** दिनांक 15.12.2021 को समय 15.00 बजे। ● निविदाकार ई-निविदा को दिनांक 15.12.2021 को समय 14.30 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेगें। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

वमयाइ/समाडि/ वाराणसी
मुजाधि/यॉत्रिक- 43

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

अगले साल टी20 विश्व कप के बाद संन्यास की योजना बना रहे हैं वेड

ब्रिसबेन। आस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने गुरुवार को कहा कि वह अगले साल उनके देश में होने वाले टी20 विश्व कप के बाद संन्यास ले सकते हैं। वेड ने हाल में संपन्न टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पाकिस्तान पर आस्ट्रेलिया की पांच विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए 17 गेंद में नाबाद 41 रन की पारी खेली थी। एशेज के लिए आस्ट्रेलियाई टीम में जगह बनाने की दौड़ में वेड को एलेक्स कैरी ने पछाड़ दिया और इस विकेटकीपर का लक्ष्य अब अगले साल स्वदेश में टी20 विश्व कप खिताब की रक्षा में मदद करना है।

मोहम्मडन स्पोर्टिंग 40 साल बाद जीता सीएफएल खिताब

कोलकाता। मोहम्मडन स्पोर्टिंग (एमडीएसपी) ने गुरुवार को यहां रेलवे एफसी को हराकर 40 साल में पहली बार कलकत्ता फुटबॉल प्रीमियर (सीएफएल) डिवीजन ए का खिताब हासिल किया। मार्कस जोसेफ के द्वारा किए गए मैच के इकलौते गोल से मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने साल्ट लेक स्टेडियम में 40,000 दर्शकों की मौजूदगी में I-0 से जीत दर्ज की।

मैच के तीसरे मिनट में ही मणिपुर के अंडर-22 खिलाड़ी फ्रांगकी बुयम के क्रॉस को त्रिनिदाद के अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ी ने गोल में बदल दिया।

मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने 12वीं बार इस खिताब को अपने नाम किया। टीम इससे पहले डूरंड कप में उपविजेता रही थी।

प्रणय ओलंपिक चैंपियन एक्सेलसेन को हराकर क्वार्टर फाइनल में

- सिंधू और श्रीकांत भी पहुंचे

भाषा। बाली

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू, किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय ने गुरुवार को यहां अपनी-अपनी स्पर्धाओं में जीत के साथ इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। दिन की सबसे बड़ी जीत प्रणय के नाम रही जिन्होंने तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता एक्सेलसेन को हराकर बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने पुरुष एकल के दूसरे दौर के एक घंटे 11 मिनट तक चले इस मुकाबले को 14-21, 21-19, 21-16 से अपने नाम किया। पहला गेम गंवाने के बाद प्रणय ने विश्व रैंकिंग के दूसरे नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ शानदार वापसी कर यादगार जीत दर्ज की। एक्सेलसेन के खिलाफ छह मैचों में प्रणय की यह पहली जीत है। विश्व रैंकिंग में 32वें स्थान पर काबिज प्रणय मार्च के बाद पूर्ण मैच में डेनमार्क के इस खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय है। महिला वर्ग में मौजूदा विश्व चैम्पियन सिंधू ने 47वें नंबर की खिलाड़ी स्पेन की क्लारा आजुरमेंडी के खिलाफ एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में 17-21 21-7 21-12 से जीत दर्ज की तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू क्वार्टर फाइनल में दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी तुर्की की नेस्लिहान यिगित से भिड़ेंगी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने तुर्की की खिलाड़ी के खिलाफ अब तक अपने तीनों मुकाबले जीते हैं। विश्व के पूर्व नंबर एक पुरुष खिलाड़ी श्रीकांत ने इंडोनेशिया के छठी वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी को एक घंटे दो मिनट तक चले मुकाबले में 13-21, 21-18, 21-15 से जीत दर्ज की गैरवरीय श्रीकांत का क्वार्टर फाइनल में प्रणय से सामना होगा। हालांकि युवा लक्ष्य सेन को पुरुष एकल जबकि ध्रुव कपिला और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी को मिश्रित युगल में शिकस्त झेलनी पड़ी। हाल में हाइलो ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और डच ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाले लक्ष्य को शीर्ष वरीय और दो बार के विश्व चैंपियन जापान के केंतो मोमोता के खिलाफ 46 मिनट में 13-21 19-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। कपिला और सिक्की को मिश्रित युगल के दूसरे दौर के कड़े मुकाबले में सुपाक जोमकोह और सुपिसारा पेवसाम्प्रान की थाईलैंड की जोड़ी के खिलाफ तीन गेम में 15-21 23-21 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।

PUBLIC NOTICE

This is to inform the public at large that Hitender Pratap Singh S/o. Sh. Rajendra Singh r/o House No:206, Ansal University Road, Sector 54, Gurgaon HR is the 'Title Holder' in possession of 'Residential Leasehold Property Bearing Flat No. 93-B, Category – HIG, Pocket – C, Sector - 105, Noida, Distt. Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh admeasuring 153.00 sq. mtrs.', hereinafter referred to as 'Schedule Property' vide Lease Deed dated 06.04.2011, registered as Bahi No. 1, Zild No. 3256, pp. 1 – 20, Par Kramank No. 3883 on 06.04.2011 in the Office of Sub Registrar–II, Noida, Distt. Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh.

That the Original Documents w.r.t. the Schedule Property, i.e. (i) Allotment Letter dated 30.04.2003, (ii) Allotment Letter dated 25.10.2005, (iii) Demand Letter dated 20.07.2006 and (iv) General Power of Attorney dated 23.07.2007, have been lost/ misplaced on record as on date and are untraceable, hence unavailable for verification in original, in lieu of which Information report dated 07/11/2021 is filled with Noida Police

This notice is issued to Public at Large, i.e. any Person(s), Company(ies), Authority(ies), Society(ies), Organisation(s), Financial Institution(s), Bank(s), HUFs etc., having any knowledge, custody or possession of the lost/ misplaced/ untraceable documents as mentioned herein above or otherwise having any claim, right, title, interest, possession in the Schedule Property, by way of Ownership, Succession, Inheritance, Sale, Mortgage, Exchange, Charge, Lien, Gift, Trust, Encumbrance etc., or objection to the sale of the Schedule Property, may come forward with supporting documents, to be delivered to the undersigned within 10 days from the date of this Publication, post expiration of which, any claim(s) or objection(s), if raised or received, shall be treated as null & void and such claims or objection shall be treated as waived, & the Title Holder shall proceed to sell the Schedule property as presently intended.

- Hitender Pratap Singh

Add: House No:206, Ansal University Road, Sector 54, Gurgaon , HR. Mbl: 9958019642

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank — शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता	प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता	प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	गौरव ग्रोवर/स्वाति ग्रोवर, 203, आदर्श नगर, नर्मदा रोड, मध्य प्रदेश, जबलपुर-482002 (एलबीजेबीएल00001881013)	केएस2-23-001 कसाई जेपी ग्रीन स्पोर्ट सीटी गौतम बुद्ध नगर मध्य प्रदेश नौएडा-201304	29-07-2021 रू. 2452561/-	31-01-2021

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 19-11-2021
स्थान : नोएडा

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank — शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता	प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता	प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	बलविंदर सिंह कोहली, सतिन्दर कौर कोहली, कृपाल सिंह कोहली, वीरेन्दर कोहली, पेन्ट हाउस 2 टीएच 3 लैबरनम सुशांत लोक, गुरूग्राम, हरियाणा खाता नंबर - एलबीएलयूडी00002118951	फ्लैट नंबर 703, 7वां तल, ब्लॉक नंबर 21, हेरिटेज सिटी, ग्राम सिरहौल, तहसील एवं जिला गुरूग्राम, हरियाणा	27-08-2021 रू. 1,32,58,766/-	07-06-2021
2.	बलविंदर सिंह कोहली, सतिन्दर कौर कोहली, कृपाल सिंह कोहली, वीरेन्दर कोहली, पेन्ट हाउस 2 टीएच 3 लैबरनम सुशांत लोक, गुरूग्राम, हरियाणा खाता नंबर - एलबीएलयूडी00002417322	फ्लैट नंबर 703, 7वां तल, ब्लॉक नंबर 21, हेरिटेज सिटी, ग्राम सिरहौल, तहसील एवं जिला गुरूग्राम, हरियाणा	27-08-2021 रू. 39,56,383/-	07-06-2021
3.	मोहम्मद अबूबकर शम्सी, मोहम्मद अकरम शम्सी, मोहम्मद अकदास शम्सी, आयशा अकरम, मोहम्मद अल्तुफ शम्सी, पैरामाउंट इंटरनैशनल, पीओ बॉक्स 253, तबेला स्ट्रीट मुरादाबाद/खाता नंबर - एलबीएमडीबी00003073122	मकान नंबर सी-36, प्रथम तल, ग्रेटर कैलाश पार्ट-I, नई दिल्ली	27-08-2021 रू. 3,29,00,906/-	06-05-2021

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 19 नवम्बर, 2021
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

पूरी दुनिया के लिए पाकिस्तान सिरदर्द

भाषा। वाशिंगटन

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राम माधव ने कहा है कि आतंकवादियों को पनाहगाह देने वाला पाकिस्तान पूरी दुनिया के लिए सिर दर्द है क्योंकि विश्वभर में होने वाले सभी बड़े आतंकवादी हमलों के तार वहीं से जुड़े होते हैं। माधव ने यहां वैश्विक आतंकवाद रोधी दिवस पर भारतीय-अमेरिकियों द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व समुदाय को वैश्विक आतंक के केंद्र से निपटने की जरूरत है। उन्होंने भारतीय-अमेरिकियों की सभा में कहा, याद रखिए, पाकिस्तान सिर्फ भारत के लिए सिरदर्द नहीं है। यह पूरी दुनिया के लिए सिरदर्द है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य माधव ने कहा कि दुनिया में आतंकवाद की सभी बड़ी घटनाओं के तार पाकिस्तान से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, पदचिह्नों को देखिए। आप उन्हें पाकिस्तान में पाएंगे। आतंकवादियों का प्रायोजक, उन्हें बढ़ावा देने वाला, उनका वित्त पोषण, उनकी रक्षा करने वाला देश आतंकवादियों के लिए पनाहगाह है। हमें उस देश से निपटने की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि वाशिंगटन डीसी में बुद्धिजीवियों का एक समूह पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) का बचाव करने में लगा है। उन्होंने कहा, वे (आईएसआई) आतंकवाद हैं, लेकिन वे अमेरिका में कुछ बुद्धिजीवियों को यह राजी करने में कामयाब हो गए हैं कि वे काफी मेहनत कर रहे हैं लेकिन ए आतंकवादी समूह उनके काबू में नहीं आ रहे है।

माधव ने कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें इनमें से कुछ आतंकवादियों को भारत भेज देना चाहिए, जो उन्हें काबू में ले आएगा। इस पर कार्यक्रम में ठहाके लगे और तालियां बजी। भाजपा नेता ने कहा, हमें वहां जाने दीजिए, हम उनका खात्मा कर देंगे। उन्होंने कहा कि भारत ने कश्मीर समेत अन्य जगहों पर आतंकवादी समूहों को सफलतापूर्वक पराजित कर दिया है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों और उनके समर्थकों को ऐसी गतिविधियों के लिए भारी कीमत चुकानी होगी।

माधव ने आरोप लगाया कि कुछ थिंक टैंक और सोशल मीडिया संगठन जैसे कि द न्यूयॉर्क टाइम्स और द वाशिंगटन पोस्ट आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति रखते हैं। उन्होंने कहा कि वे आतंकवादियों के लिए मानवाधिकारों की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई तब तक कामयाब नहीं होगी जब तक आखिरी आतंकवादी भी नहीं मारा जाता। उन्होंने कहा, दोस्तों, आतंकवाद को तभी हराया जा सकता है जब अंतिम आतंकवादी का भी खात्मा कर दिया जाए। वायरस की तरह जब तक दुनिया के किसी भी कोने में एक भी आतंकवादी जिंदा रहेगा, तब तक मानवता खतरे में ही रहेगी। सबसे पहले धरती पर मानवता के इस संकट को खत्म करने के लिए एकजुट होकर संकल्प लेने की आवश्यकता है।

माधव ने कहा कि पिछले कई दशकों से आतंकवाद से पीड़ित रहे भारत ने इसे पराजित किया है। उन्होंने कहा, आपने भारत में आतंकवाद को हरा दिया। आप कह सकते हैं कि यहां और कश्मीर में आतंकवादी हैं लेकिन आज भारत में आतंकवाद उसके सरगनाओं के लिए बहुत महंगा हो गया है। उसके कुछ अवशेष ही बचे हैं, लेकिन वे भी बहुत जल्द भारत में खत्म हो जाएंगे।

संदिग्ध चरमपंथियों ने दक्षिणपश्चिम नाइजर में 25 लोगों की हत्या की

नियामी (नाइजर) (एपी)

दक्षिण-पश्चिम नाइजर में संदिग्ध चरमपंथी बंदूकधारियों ने कम से कम 25 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। यह जानकारी बुधवार को सरकार ने दी। गृह मंत्री अलकाचे अलहद ने एक बयान में कहा कि बकोराट गांव के पास इस हफ्ते की शुरुआत में हुए हमले में भवनों में तोड़फोड़ की गई और उन्हें जला दिया गया। सरकार ने हमले को कायरतापूर्ण बताया और कहा कि इलाके में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा रही है। माली के साथ लगती सीमा वाले इस पश्चिम अफ्रीकी देश में अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े चरमपंथियों की यह नवीनतम हिंसा है। इस महीने की शुरुआत में इस्लामिक चरमपंथियों ने पश्चिमी नाइजर में 69 लोगों की हत्या कर दी थी और मार्च में बंदूकधारियों ने 137 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। विश्लेषकों का कहना है कि किसी भी समूह ने इस हफ्ते हुई हिंसा की जिम्मेदारी नहीं ली है लेकिन नाइजर के इस हिस्से में अल-कायदा कई वर्षों से सक्रिय है।

दुबई में आयोजित एअर शो के दौरान भारतीय वायुसेना के सूर्यकिरण एअरोबेटिक्स टीम ने दिखाया अपना जलवा

अमेरिका ने इथियोपिया की राजधानी के निकट युद्ध की स्थिति के चलते पायलटों को चेतावनी दी

नैरोबी। अमेरिका ने अपने पायलटों को चेतावनी दी है कि अफ्रीका के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक अदीस अबाबा से संचालित होने वाले विमान प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जमीनी हथियारों की गोलीबारी और या सतह से हवा में गोलीबारी की जद में आ सकते हैं क्योंकि इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा के पास युद्ध की स्थिति है। संघीय विमानन प्रशासन के बुधवार को जारी परामर्श में इथियोपियाई बलों और उत्तरी टिगरे क्षेत्र के बीच जारी संघर्ष का हवाला दिया गया है जहां पिछले एक साल के संघर्ष में हजारों लोग मारे जा चुके हैं। अमेरिका ने इथियोपिया में अपने नागरिकों से इसी सप्ताह देश छोड़ने का अनुरोध करते हुए कहा कि अफगानिस्तान की तरह निकासी की अपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। अदीस अबाबा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सरकारी स्वामित्व वाली इथियोपियन एयरलाइन्स का केंद्र है।

इंटरपोल के पूर्व प्रमुख की पत्नी ने चीन सरकार पर साधा निशाना

एपी। ल्योन (फ्रांस)

अंतरराष्ट्रीय अपराध पुलिस संगठन (इंटरपोल) के पूर्व अध्यक्ष मेंग होंगवेई की पत्नी ग्रेस मेंग एक समय चीन में उन सभी विशेषाधिकारों का आनंद उठा रही थीं, जो प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी से विवाह करने के कारण मिलते हैं। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी को उनके पति पर इतना भरोसा था कि उन्हें इंटरपोल में प्रतिष्ठित भूमिका निभाने के लिए फ्रांस भेजा गया, लेकिन उनकी किस्मत ने उस समय मुंह फेर लिया, जब चीन ने होंगवेई पर रिश्वतखोरी के आरोप लगाकर उन्हें 13 साल छह महीने की कारावास की सजा सुना दी।

अपने पति से संवाद करने और उनसे मिलने को तरस रहीं ग्रेस अपने दो जुड़वां बेटों के साथ फ्रांस में राजनीतिक शरणार्थी बन कर रह रही हैं और चीन के शासन से क्षुब्ध होकर उसके खिलाफ आवाज उठा रही हैं। होंगवेई 2018 में लापता हो गए थे। इसके बाद उन पर मुकदमा चलाया गया और उन्हें कारावास की सजा सुनाई गई। एक समय जन सुरक्षा मामलों के उप मंत्री के तौर पर सेवाएं दे चुके होंगवेई की पत्नी अपने देश की सरकार को राक्षस करार देती हैं, क्योंकि वह अपने बच्चों को ही खा जाती है। ग्रेस ने द एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को दिए एक विशेष साक्षात्कार के दौरान पहली बार दुनिया को अपना चेहरा दिखाने और अपना वीडियो शूट करने की अनुमति दी।

ग्रेस ने कहा, मेरा चेहरा दिखाना मेरी जिम्मेदारी है। दुनिया को यह बताना मेरी जिम्मेदारी है कि क्या हुआ था। उन्होंने कहा, पिछले तीन साल में मैंने उसी तरह राक्षस के साथ रहना सीख लिया है, जैसे दुनिया ने वैश्विक महामारी के साथ जीना सीख लिया है। ग्रेस चीन सरकार से इतनी क्षुब्ध है कि उन्होंने अपना चीनी नाम गाओ गे इस्तेमाल करना बंद कर दिया है और वह ग्रेस मेंग के रूप में अपनी पहचान बताती हैं। उन्होंने कहा, मैं मर कर फिर से जीवित हुई हूं। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि उनके पति कहां हैं और उनका स्वास्थ्य कैसा है। होंगवेई अब 68 वर्ष के होने वाले हैं। दोनों के बीच आखिरी बार संवाद 25 सितंबर, 2018 को हुआ था, जब होंगवेई काम के सिलसिले में बीजिंग गए थे। उन्होंने अपनी पत्नी को मोबाइल फोन पर दो संदेश भेजे थे।

ग्रेस ने बताया कि उन्होंने पहले संदेश में लिखा था, मेरे कॉल का इंतजार करो। इसके चार मिनट बाद उन्होंने रसोई में इस्तेमाल होने वाले चाकू की इमोजी भेजी, जिसका स्पष्ट अर्थ खतरे का संकेत था। उन्होंने बताया कि तब से उनका होंगवेई से कोई संपर्क नहीं हो पाया है और उनके वकीलों ने चीनी प्राधिकारियों को कई बार पत्र भेजे, लेकिन उनका कोई उत्तर नहीं मिला।

उन्हें यह भी नहीं पता कि उनके पति जीवित भी हैं या नहीं। ग्रेस ने कहा, मैं इस हद तक दु:खी हूं कि अब मुझे और दु:खी नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, मैं नहीं चाहती कि मेरे बच्चे अपने पिता के बगैर रहे। उन्होंने कहा, मेरे बच्चे जब भी दरवाजे खटखटाने की आवाज सुनते हैं, तो वे इस आस में बाहर देखने जाते हैं कि अंदर आने वाला व्यक्ति उनका पिता होगा, लेकिन जब उन्हें हर बार यह पता चलता है कि वह व्यक्ति उनका पिता नहीं है, तो वे चुपचाप अपना सिर झुका लेते हैं। वे बहुत बहादुर हैं। ग्रेस ने अक्टूबर 2018 में अपने पति के लापता होने की जानकारी देने के लिए जब ल्योन में पहली बार पत्रकारों के मुलाकात की थी, उसके कुछ ही देर बाद होंगवेई के बारे में आधिकारिक बयान में बताया गया था कि उनके खिलाफ कुछ कानूनों के उल्लंघन के लिए जांच चल रही है। इंटरपोल ने घोषणा की कि होंगवेई ने अध्यक्ष पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। उनकी पत्नी इस बात से खफा हैं कि ल्योन स्थित पुलिस संगठन ने उनकी कोई मदद नहीं की। उन्होंने तर्क दिया कि साझा कानून प्रवर्तन संबंधी मुद्दों पर काम करने वाले वैश्विक संगठन ने उनके पति के मामले में कड़ा रुख न अपनाकर बीजिंग के निरंकुश व्यवहार को प्रोत्साहन दिया है। उन्होंने कहा, क्या जबरन गायब किया गया कोई व्यक्ति अपनी मर्जी से इस्तीफा लिख सकता है? क्या कोई पुलिस संगठन इस प्रकार के अपराध को नजरअंदाज कर सकता है? चीन ने 2019 में घोषणा की थी कि होंगवेई को कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

उसने कहा कि होंगवेई ने अपने परिवार की खर्चीली जीवनशैली को बनाए रखने के लिए अपनी सत्ता का दुरुपयोग किया और अपने निजी लाभ के लिए अपनी पत्नी को अपने अधिकार का इस्तेमाल करने की अनुमति दी। उन्हें 20 लाख डॉलर रिश्वत लेने के आरोप में जनवरी, 2020 में 13 साल छह महीने कारावास की सजा सुनाई गई। ग्रेस ने कहा कि उनके पति के खिलाफ फर्जी मामला दर्ज किया गया।

उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक असहमति को आपराधिक मामले में बदलने का एक उदाहरण है।

क्विक न्यूज

धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन के अमेरिकी आरोपों को चीन ने खारिज किया

बीजिंग। अमेरिका द्वारा पाकिस्तान के साथ ही चीन को भी धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन के लिए चिंता वाले देशों की श्रेणी में रखे जाने को लेकर बृहस्पतिवार को चीन ने उसकी आलोचना की और वॉशिंगटन पर आरोप लगाया कि वह दूसरे देशों के अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप करने के लिए प्रायः धार्मिक मुद्दों का उपयोग करता है। अमेरिका ने बुधवार को चीन, पाकिस्तान, ईरान, उत्तर कोरिया और म्यांमा सहित कई देशों को धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन के लिए चिंता वाले देशों की श्रेणी में रखा था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने यहां मीडिया से कहा कि चीन निराधार आरोपों का जोरदार विरोध करता है क्योंकि इससे देश की धार्मिक स्वतंत्रता को बदनाम किया जा रहा है। अमेरिकी आरोपों के बारे में पूछने पर झाओ ने कहा, चीन की सरकार कानून के मुताबिक नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करती है। उन्होंने कहा कि चीन में करीब 20 करोड़ धार्मिक मतों को मानने वाले लोग है, 3.80 लाख से अधिक धार्मिक कर्मचारी है, 5500 धार्मिक समूह है और धार्मिक गतिविधियों के लिए 1.40 लाख से अधिक स्थान है। उन्होंने कहा, चीन के लोग धार्मिक स्वतंत्रता का पूरा लाभ उठाते है। शब्दों से ज्यादा तथ्य इसे बताते करते है और किसी झूठ को हजार बार दोहराने पर भी वह झूठ ही रहता है। झाओ ने कहा कि अमेरिका को अपनी गिरेबां में झांकना चाहिए और दूसरे देशों में हस्तक्षेप के लिए धार्मिक मुद्दे उठाने से बचना चाहिए।

रूस को यूक्रेन के निकट सैनिकों के जमावड़े के बारे में स्पष्टीकरण देना चाहिए: ऑस्टिन

वाशिंगटन। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों को यह पता नहीं है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पूर्वी यूक्रेन से लगती सीमा पर सैनिकों की संख्या को क्यों बढ़ा रहे है। ऑस्टिन ने इसे परेशान करने वाले सैन्य कदमों का एक उदाहरण करार दिया और कहा कि पुतिन को इस बारे में स्पष्टीकरण देना चाहिए। ऑस्टिन ने बुधवार को पेंटागन में संवाददाताओं से कहा, हम रूस से जिम्मेदाराना बर्ताव करने और यूक्रेन की सीमा पर बलों की संख्या बढ़ाने के संबंध में पारदर्शी रहने की लगातार मांग करते रहेंगे। हमें पता नहीं है कि पुतिन वास्तव में क्या कर रहे है। उन्होंने कहा कि बलों और साजो-सामान के लगातार जमावड़े ने पेंटागन का ध्यान खींचा है और रूस को इस बात पर पारदर्शी होना चाहिए कि वे क्या करने वाला है। ऑस्टिन ने रूस पर, एक पुराने उपग्रह को मिसाइल से नष्ट करने का सोमवार को आरोप लगाया था। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा था कि इस कदम से अंतरिक्ष में अभियानों पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा। गौरतलब है कि यूक्रेन के रक्षा मंत्री ने पिछले सप्ताह कहा था कि पूर्वी यूक्रेन में विद्रोहियों वाले इलाके में और सीमा के निकट 90 हजार रूसी सैनिक तैनात है।

एक दशक से अधिक समय तक केंटकी का प्रतिनिधित्व करने वाले लैरी हॉपकिन्स का निधन

लेक्सिंगटन (अमेरिका)। अमेरिकी संसद में एक दशक से अधिक समय तक मध्य केंटकी का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद लैरी हॉपकिन्स का निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। लेक्सिंगटन में मिल्वर्ड फ्यूनरल होम ने निधन की पुष्टि की है लेकिन कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी। हॉपकिन्स 1978 में केंटकी के छठे कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट के लिए निर्वाचित हुए और 1993 तक पद पर रहे। वह 1991 में गवर्नर पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार थे लेकिन वह डेमोक्रेटिक पार्टी के ब्रेरेटन जॉन्स से हार गए थे। अमेरिकी सीनेट में बहुसंख्यक नेता मिच मैकॉनेल ने एक बयान में कहा, लैरी की स्वतंत्र आवाज थी और उन्होंने राजनीति में दोनों पक्षों में अपने दोस्त बनाए। वह फ्रैंकफर्ट और वाशिंगटन दोनों में मुख्य सांसद थे और उनके सभी पूर्व सहकर्मी उन्हें याद करेंगे। अभी अंतिम संस्कार के संबंध में कोई घोषणा नहीं की गई है।

अमेरिका में तेज हवाओं के कारण सदियों पुरानी ज्वालामुखी की राख हवा में फैली

एंकरेज (अमेरिका)। ज्वालामुखी वैज्ञानिकों ने बुधवार को एक चेतावनी जारी की कि एक ज्वालामुखी से निकला राख का गुबार अलास्का के कोडियक द्वीप की ओर बढ़ रहा था। अलास्का प्रायद्वीप पर 1912 में एक ज्वालामुखी नोवारुप्टा में विस्फोट हुआ था, जिस पर जमी राख तेज हवाओं के कारण फिर फैल गई है। बुधवार को कटमई नेशनल पार्क और प्रिजर्व एंड वैली ऑफ टेन थाउजेंड स्मोक्स के आसपास के क्षेत्र में तेज उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण ज्वालामुखी की राख उड़ने लगी। अलास्का ज्वालामुखी वेधशाला में अमेरिकी भूविज्ञान सर्वेक्षण अनुसंधान के भूभौतिकीविद हैस श्वाइगर ने कहा, आमतौर पर, साल के इस समय कटमई क्षेत्र से कुछ उत्तरी-पश्चिमी हवाएं नीचे की ओर आ सकती है।

चीन से बढ़ते खतरों को देखते हुए ताइवान ने अपनी वायुसेना में एफ-16 लड़ाकू विमान के सबसे उन्नत संस्करण किए तैनात

ताइवान ने चीन से खतरे के बीच उन्नत एफ-16वी लड़ाकू विमान तैनात किए

चियाली (ताइवान)। ताइवान ने अपनी वायुसेना में एफ-16 लड़ाकू विमान के सबसे उन्नत संस्करण तैनात किए हैं। स्व-शासित द्वीप ने चीन से बढ़ते खतरों को देखते हुए अपनी रक्षा क्षमताएं बढ़ा दी हैं। ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने बृहस्पतिवार को चियाली में वायुसेना अड्डे पर 64 उन्नत एफ-16वी लड़ाकू विमानों को बेड़े में शामिल किया। यह विमान ताइवान के कुल 141 एफ-16 एबी विमानों का हिस्सा है जो इस विमान का पुराना मॉडल है। त्साई ने बताया कि उन्नत विमान अमेरिका के रक्षा उद्योग के साथ ताइवान के सहयोग की ताकत को दिखाता है। यह ऐसे समय में वायुसेना में शामिल किए गए हैं जब इस द्वीप का दर्जा अमेरिका-चीन संबंधों में तनाव की मुख्य वजह है। चीन ने ताइवान के बफर जोन में लड़ाकू विमान भेजकर तनाव बढ़ा दिया है। चीन ने ताइवान पर अपने दावे की आवाज बुलंद कर दी है और राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने इस सप्ताह एक वर्चुअल शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति जो बाइडन से कहा कि इस द्वीप पर चीन के दावे को दी जानी वाली चुनौतियों का मतलब आग से खेलना होगा।

भारत को एक बार फिर यूनेस्को कार्यकारी बोर्ड का सदस्य चुना गया

(भाषा)। संयुक्त राष्ट्र

भारत को वर्ष 2021-25 के लिए एक बार फिर यूनेस्को के कार्यकारी बोर्ड का सदस्य चुना गया है। कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों का चुनाव बुधवार को किया गया। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) में भारत के स्थाई प्रतिनिधिमंडल ने ट्वीट किया, भारत को वर्ष 2021-25 के लिए यूनेस्को के कार्यकारी बोर्ड का सदस्य चुने जाने के पक्ष में 164 वोट मिले।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को इस चयन को लेकर प्रशंसा व्यक्त की और ट्वीट कर विदेश मंत्रालय तथा यूनेस्को में भारत के स्थाई प्रतिनिधिमंडल के बेहतर कार्य की सराहना की।

● यूनेस्को की वेबसाइट के अनुसार कार्यकारी बोर्ड में 58 सदस्य देश है, जिनका कार्यकाल चार वर्ष का होता है

उन्होंने ट्वीट किया, विदेश मंत्रालय और यूनेस्को में भारत के स्थाई प्रतिनिधिमंडल, आपने बेहतरीन काम किया। संस्कृति एवं विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने भारत की उम्मीदवारी का समर्थन करने के लिए देशों को धन्यवाद दिया। उन्होंने ट्वीट किया, यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत ने, यूनेस्को के कार्यकारी बोर्ड में जगह बना ली है। हमारी उम्मीदवारी का समर्थन करने वाले सभी सदस्य देशों को हार्दिक बधाई और उनका धन्यवाद। ग्रुप चार एशिया एवं प्रशांत देश , से जापान, फिलीपिन, वियतनाम, कुक द्वीपसमूह और चीन भी कार्यकारी बोर्ड के सदस्य चुने गए हैं। यूनेस्को का कार्यकारी बोर्ड, संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी के तीन संवैधानिक अंगों में से एक है। इसे जनरल कॉन्फ्रेंस द्वारा चुना जाता है। जनरल कॉन्फ्रेंस के अधीन कार्य करते हुए, यह कार्यकारी बोर्ड संगठन के कार्यक्रमों और महानिदेशक द्वारा प्रस्तुत किए गए संबंधित बजट अनुमानों की जांच करता है। यूनेस्को की वेबसाइट के अनुसार कार्यकारी बोर्ड में 58 सदस्य देश हैं,जिनका कासर्यकाल चार वर्ष का होता है। यूनेस्को में कुल 193 सदस्य देश शामिल हैं।

अफगानिस्तान पर आतंकवाद का गंभीर खतरा मंडरा रहा है: भारत

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत ने कहा है कि अफगानिस्तान में आतंकवाद का गंभीर खतरा लगातार बना हुआ है और युद्धग्रस्त देश की वर्तमान स्थिति का भारत पर सीधा प्रभाव पड़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने काबुल में एक समावेशी सरकार के आह्वान को दोहराया जो अफगान समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाली हो।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टी एस तिरुमूर्ति ने अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) पर बुधवार को सुरक्षा परिषद में आयोजित एक बैठक में कहा कि अफगानिस्तान में स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। उन्होंने कहा, अफगानिस्तान और क्षेत्र में आतंकवाद एक गंभीर खतरा बना हुआ है। वास्तव में, अगस्त से कई अवसरों पर इस परिषद ने एक स्वर में धार्मिक स्थलों और अस्पतालों पर हुए आतंकी हमलों की भर्त्सना की है। आतंकी हमले का शिकार हुए स्थलों में वे धार्मिक स्थल भी शामिल हैं जिनका इस्तेमाल धार्मिक अल्पसंख्यक करते हैं। भारतीय राजदूत ने कहा कि अफगानिस्तान का निकट पड़ोसी होने और वहां के लोगों का लंबे समय से दोस्त होने की वजह से अफगानिस्तान की वर्तमान स्थिति का सीधा असर भारत पर पड़ेगा। तिरुमूर्ति ने युद्धग्रस्त देश में एक समावेशी सरकार के आह्वान को दोहराया जो अफगान समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करती हो। उन्होंने कहा हमारी तात्कालिक प्राथमिकताओं में वहां से बाहर जाने के इच्छुक लोगों को निकालना और निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करना शामिल है ताकि वहां के लोगों को अफगानिस्तान के अंदर और बाहर आने जाने की अनुमति मिले। उन्होंने कहा, एक व्यापक, समावेशी और प्रतिनिधित्व करने वाली सरकार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक स्वीकार्यता और वैधानिकता मिलेगी। तिरुमूर्ति ने कहा कि आज यह बेहद जरूरी है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय अफगानिस्तान पर एक स्वर में आवाज उठाए।

कोविड टीकाकरण के साथ मास्क का लगातार उपयोग और सामाजिक दूरी कारगर

अध्ययन

भाषा। मेलबर्न

चिकित्सा अध्ययन पत्रिका द बीएमजे में बृहस्पतिवार को प्रकाशित एक समीक्षा में कहा गया है कि हाथ धोना, मास्क पहनना और सामाजिक दूरी कायम रखने जैसे कोविड-19 प्रोटोकॉल इस वायरल रोग के मामलों में कमी के लिहाज से कारगर हैं और टीकाकरण के साथ ही इनका पालन करना भी जारी रहना चाहिए। इस समीक्षा में बताया गया कि मास्क पहनने से कोविड-19 के मामलों में 53 फीसदी की कमी आई और सामाजिक दूरी का पालन करने पर मामलों में 25 फीसदी की कमी आई।

विशेषज्ञों का कहना है कि संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए इनसे भी कड़े उपाय, मसलन लॉकडाउन या सीमाओं, स्कूलों और कार्यस्थलों को बंद करना आदि के आम लोगों पर नकारात्मक प्रभाव की आशंकाओं के लिहाज से इनका और आकलन करना आवश्यक है। ऑस्ट्रेलिया में मोनाश विश्वविद्यालय के अध्ययनकर्ताओं समेत अन्य अध्ययनकर्ताओं के एक दल ने उन अध्ययनों के डेटाबेस को खंगाला जिनमें कोविड-19, सार्स-सीओवी-2 संक्रमण और मृत्युदर की घटनाओं में कमी लाने में सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों के प्रभावी होने की जांच की गई। इनमें कुल 72 अध्ययनों को खंगाला गया जिनमें से 35 का विस्तृत विश्लेषण किया गया। इसमें पता चला कि मास्क पहनने से कोविड-19 की घटनाओं में 53 फीसदी तक की कमी आई और सामाजिक दूरी का नियम पालन करने से संक्रमण की घटनाओं में 25 फीसदी की कमी आई। हाथ धोने से भी रोग के मामलों में 53 फीसदी की कमी पाई गई।

सिंगापुर कोविड-19 संबंधी पाबंदियों में धीरे-धीरे ढील दे रहा है: प्रधानमंत्री ली

सिंगापुर। सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने कहा कि देश में कोविड-19 संबंधी पाबंदियों में धीरे-धीरे ढील दी जा रही है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि हर कदम के साथ स्थिति सामान्य होती जाए। ली ने कहा, मैं अब पाबंदियों में थोड़ी ढील देने की कोशिश कर रहा हूं..यह सुनिश्चित किया जाए कि स्थिति सामान्य हो, फिर थोड़ी और ढील जाए और फिर स्थिति का आकलन किया जाए और फिर थोड़ी और ढील दी जाए। उन्होंने कहा कि इससे स्थिति पहले जैसी एकदम सामान्य तो नहीं हो पाएंगी, लेकिन उसके काफी करीब होगी...साथ ही परेशान करने वाली पाबंदियां भी फिर लगाने की जरूरत नहीं होगी। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे लगता है कि एक-एक करके ही कदम उठाने चाहिए। मुझे पूरा यकीन नहीं है कि मैं इसे बिना किसी गलत कदम उठाए कर सकता हूं... हो सकता है कि मुझे समय-समय पर ए कार्वाई रोकनी पड़ी, लेकिन फिलहाल मेरी योजना यही है। सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में बुधवार को कोविड-19 के 3,320 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की संख्या बढ़कर 244,815 हो गई। वहीं 144 और लोगों की संक्रमण से मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 619 हो गई।

दक्षिण कोरिया में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के रिकॉर्ड मामले सामने आए

एपी । सियोल

दक्षिण कोरिया में बृहस्पतिवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 3,292 नए मामले सामने आए जो कि महामारी की शुरुआत से लेकर अब तक सामने आए दैनिक मामलों की सर्वाधिक संख्या है। कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी ने यह जानकारी दी। वायरस के डेल्टा प्रकार के संक्रमण के खतरे के बीच, कॉलेज में प्रवेश के लिए प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने के वास्ते हजारों की संख्या में छात्र मास्क लगाकर स्कूल पहुंचे। दक्षिण कोरिया में लगातार दूसरे दिन संक्रमण के 3,000 से ज्यादा मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही यहां कोविड-19 महामारी के कुल मामले बढ़कर 4,06,065 हो गए। एजेंसी ने कहा कि पिछले 24 घंटे में कोविड-19 से 29 मरीजों की मौत हो गई जिसके बाद मृतकों की कुल संख्या 3,187 पर पहुंच गई। देश में 506 उपचाराधीन मरीजों की हालत गंभीर या नाजुक बताई गई है। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि देशभर में 1,395 परीक्षा स्थलों पर 5,09,000 छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। स्कूलों में कक्षा में प्रवेश से पहले छात्रों का तापमान मापा जा रहा है और जिन छात्रों को बुखार है उन्हें अलग परीक्षा केंद्रों पर भेजा जा रहा है।

रूस में लगातार दूसरे दिन कोविड से हुईं 1200 से ज्यादा मौत

मास्को (एपी)। रूस में कोरोना वायरस जनित महामारी के कारण बीते एक दिन में 1,251 मरीजों की मौत हो गई जो कि महामारी की शुरुआत से अब तक हुई दैनिक मौतों की सबसे ज्यादा संख्या है। रूस के सरकारी कोरोना वायरस कार्यबल ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। प्रतिदिन सामने आने वाले संक्रमण के मामलों में गिरावट देखने को मिल रही है लेकिन वे अब भी महामारी की पिछली लहर की तुलना में अधिक हैं। बुधवार को कोविड-19 से 1,247 मरीजों की मौत हुई थी। कार्यबल के अनुसार, बृहस्पतिवार को संक्रमण के 37,374 नए मामले सामने आए। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि टीकाकरण कम होने और एहतियात बरतने में जनता की लापरवाही के कारण संक्रमण और मौतों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है। रूस की 40 प्रतिशत से भी कम जनता को टीके की दोनों खुराक मिली है।

सामान्य से परे

नेशनल ज्योग्राफिक इंडिया, केस फाइल्स पर चिंतनशील ढंग से बनाए गए शो के अभिनेता और होस्ट, शरद केलकर क्रिस्टी वर्गीस से बातचीत में बता रहे हैं कि इस कार्यक्रम में मनोरंजन के अलावा और भी बहुत कुछ है।





शरद केलकर के बारे में आपने शायद नहीं सुना होगा, भले ही वह लगभग 20 बॉलीवुड फिल्मों में नजर आए हों, लेकिन आपने उनकी आवाज जरूर सुनी होगी।

उन्होंने बाहुबली फ्रैंचाइजी के हिंदी संस्करण के लिए प्रभास के चरित्र को अपनी शक्तिशाली आवाज दी। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कई डब हॉलीवुड हिट जैसे मैड मैक्स: फ्यूरी रोड (टॉम हार्डी की हिंदी आवाज के रूप में), हॉब्स एंड शॉ, फेट ऑफ द फ्यूरियस एंड फ्यूरियस 7 (जेसन स्टैथम की आवाज के रूप में) से नायक को आवाज दी है।

एनिमेटेड वेब श्रृंखला, द लीजेंड ऑफ हनुमान में, वह कथाकार थे। इस बार, वह एक शो की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो नेशनल ज्योग्राफिक इंडिया पर प्रसारित किया जाएगा।

केस फाइल्स नामक इस कार्यक्रम में एक बिल्कुल नए और विशेष रूप से क्यूरेटेड शो में हमेशा लोकप्रिय खोजी शैली पेश करते हुए, हम केलकर को अपनी आवाज से दर्शकों को मोहित करते देखेंगे और अनेक शैलियों में फैले इस एपिसोड से जुड़ेंगे।

जहां केलकर एक नई भूमिका में नजर आएंगे, वहीं अधिकांश एपिसोड नेशनल ज्योग्राफिक द्वारा पूर्व प्रसारित किए गए शो पर आधारित हैं। केस फाइलों में शामिल किए जाने वाले कुछ शो के विवरण के लिए आगे पढ़ें।

एयर क्रैश इन्वेस्टिगेशन: प्रशंसकों का पसंदीदा, यह शो एक प्रतिष्ठित सीरीज है जिसमें कई और एपिसोड अभी भी निर्माणाधीन हैं। यह शो हवाई दुर्घटनाओं, दुर्घटनाओं, आग, अपहरण, बम विस्फोट, और अन्य मुख्य रूप से उड़ान संबंधी आपदाओं व संकटों के बारे में बताता है। यह उन घटनाओं को भी सामने लाता है जो प्रत्येक संकट या आपदा का कारण बनीं, उनके कारण जो आधिकारिक जांच निकाय या निकायों द्वारा निर्धारित किए गए थे, और वे उपाय जो उन्होंने एक समान घटना को पुन: होने से रोकने के लिए प्रस्तावित किए थे।

अंडरकवर एशिया : यह पुरस्कार विजेता खोजी सीरीज एशिया के गुप्त अपराधी गिरोहों को उजागर करती है। गहराई से और कुछ ट्रेडमार्क अंडरकवर रिपोर्टिंग के साथ, नेशनल ज्योग्राफिक दुनिया के सबसे बड़े महाद्वीप में अपराध, हिंसा और अन्याय की मनोरंजक कहानियों की पड़ताल करता है। उत्तर कोरिया में साइबर अपराध के मास्टरमाइंड से लेकर थाईलैंड में जाली दस्तावेज बनाने तक, पाकिस्तान में फर्जी डिग्री घोटालों से लेकर चीन में निजी जासूसों तक के मामले पेचीदा हैं क्योंकि वे समाज के उन पहलुओं को उजागर करते हैं जिन्हें आमतौर पर गुप्त रखा जाता है।

बैंग अप अब्रॉड : इस सीरीज में उन लोगों की वास्तविक कहानी है, जिन्हें विदेश यात्रा के दौरान गिरफ्तार किया गया है। नाटकीय पुनर्निर्माण के जरिए, दोषी या पकड़े गए लोगों को उनके अनुभवों के बारे में बात करते हुए दिखाया गया है, जो उनके संबंधित अनुभवों के नाटकीय पुनर्मूल्यांकन के साथ जुड़ा है।

टू कैच ए स्मगलर : यह शो बोगोटा (कोलंबिया), लीमा (पेरू), रोम (इटली), मैड्रिड (स्पेन) और न्यूयॉर्क (यूएसए), तथा दुनिया के कुछ सबसे व्यस्त अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों में हवाई अड्डे की सुरक्षा टीमों के जीवन में एक दिन की दिनचर्या बयां करता है। दर्शकों को सबसे बड़े भंडाफोड़, सबसे सरल चाल और कभी-कभी तस्करी के सबसे बेवकूफी भरे प्रयास देखने को मिलेंगे। यह घटना पर्दाफाश से आगे निकल जाती है क्योंकि तस्करी की कहानी केवल कानून प्रवर्तन की कहानी नहीं है, यह इंसानी जीवन के नाटक की कहानी भी है।

अपराध और जांच की दुनिया में एक अलग और अद्वितीय दृष्टिकोण पेश करने वाले प्रत्येक शो के साथ, केस फाइल्स हर मामले के निष्कर्ष पर पहुंचने की संतुष्टि के साथ एक रहस्य के उत्साह को एक साथ बुन रहा है और अब देखते हैं कि केलकर का इस संदर्भ में क्या कहना है .....

❖ **आपने कई क्राइम शोज में नैरेटर की भूमिका निभाई है, अपराध और खोजी सीरीज के साथ इस आकर्षण की वजह क्या है?**

मुझे थ्रिलर और खोजी फिल्में और ऐसी कहानियां पसंद हैं। मैं उन लोगों में से हूं, जो नेशनल ज्योग्राफिक द्वारा प्रसारित किसी भी चीज और हर चीज का शौकीन है। ऐसे शो की तरफ लोग आसानी से आकर्षित हो जाते हैं। व्यक्तिगत रूप से, मुझे लगता है कि मेरी आवाज ऐसे शो की प्रकृति के साथ अच्छी तरह फिट बैठती है जो अपराध पर आधारित होते हैं। (हंसते हुए) नेशनल ज्योग्राफिक इंडिया के साथ काम करना सम्मान की बात थी। यह उन कुछ मंचों में से एक है जो हमें व्यापक ढंग से अपार ज्ञान प्रदान करते हैं।

❖ **केस फाइलें कई शो का संकलन होगी। इनमें से कौन सा आपका पसंदीदा होगा और आपको क्या लगता है कि इस तरह के शो मददगार होते हैं?**

मैंने उनमें से अधिकांश को देखा है, जब से मैं नेशनल ज्योग्राफिक देख रहा हूं। दो शो ऐसे हैं जो मुझे विशेष रूप से पसंद हैं। इनमें से एक है बैंग अप अब्रॉड और दूसरा है टू कैच अ स्मगलर। खोजी प्रक्रियाओं का पालन करने के संबंध में दोनों बेहद दिलचस्प होते हैं।

इस तरह के शो मुझे एक समग्र अभिनेता बनने में भी मदद करते हैं। जब हम फिल्में देखते हैं, तो सब कुछ सहज नहीं लगता, कभी-कभी कुछ विसंगतियां होती हैं और इस तरह के सूक्ष्म प्रदर्शन त्रुटि के लिए किसी भी कमरे से छुटकारा पाने में मदद करते हैं।

और आप ऐसे शो के सूचनात्मक मूल्य को नजरअंदाज नहीं कर सकते। मेरा मतलब है, निश्चित रूप से, हर कोई मनोरंजन करना चाहता है और यह शो मनोरंजन के एक अच्छे टुकड़े के रूप में कार्य करता है, हालांकि, यह आपको बहुत अच्छी तरह सिखा सकता है, कि जब आप एक बोझिल स्थिति में फंस जाते हैं तो आपको क्या करना चाहिए।

❖ **आप कहते हैं कि ऐसे शो फायदेमंद होंगे। कुछ इसी तरह के नोट पर, अगर कोई इस तरह के शो से प्रदर्शित होने वाली खामियों को देखने के लिए इच्छुक है, तो यह वास्तव में समाज के लिए हानिकारक है, है ना?**

जरुरी नहीं। आपको यह समझना होगा कि ये सभी शो पकड़े गए लोगों पर आधारित हैं। ऐसे कई कोण हैं जिन्हें कवर किया गया है, लेकिन इसकी गहराई का पता नहीं चलेगा। आइए एक अन्वेषक के कौशल पर विचार करें। जो लोग अनजान हो सकते हैं, उनके लिए उनके प्रशिक्षण व विशेषज्ञता का मिश्रण उन्हें प्रोफाइलिंग में निपुण होने के लिए प्रेरित करता है। किसी भी दिन, जब आप कोई अखबार पढ़ते हैं, तो आपको कम से कम एक ऐसा उदाहरण देखने को मिल सकता है, जब कोई हवाईअड्डे में प्रवेश करते समय सोने या नकली मुद्राओं की तस्करी करते पकड़ा गया हो।

ऐसे उच्च सुरक्षा संस्थानों में पर्दे के पीछे काम करने वाले लोग अत्यधिक बुद्धिमान होते हैं और उन्हें बदनाम नहीं करना चाहिए। कुछ भी हो, यह शो उन लोगों को रोकेगा जो कोई शरारत करना चाहते हैं।

❖ **आखिरी बार जब आप पर्दे पर भुज- द प्राइड ऑफ इंडिया के दौरान नजर आए थे। आगे कब मिलेंगे?**

शुक्र है, महामारी के गायब होने के प्रभाव के साथ, उद्योग अब वापस पटरी पर आ गया है। हालांकि मुझे डर है कि मैं कोई विवरण साझा नहीं कर पाऊंगा, मगर मेरी चार फिल्में पाइपलाइन में हैं। देखते हैं कौन पहले रिलीज होती है।

बैक-टू -स्कूल की बेचैनी

निस्वार्थ सहयोग देने से बच्चों को आसानी से अपने तनाव से निपटने में मदद मिल सकती है। इस बारे में बता रहे हैं **डॉ. अंकुश खन्ना**

बैक-टू-स्कूल चिंता एक आम चिंता है। कई बच्चे अपनी गर्मी या सर्दी की छुट्टियों का आनंद लेने के बाद स्कूल जाने में तनाव महसूस करते हैं, जबकि कुछ बच्चे पहली बार किसी नए स्कूल में जाने पर चिंतित हो जाते हैं। अब एक लंबे कोविड ब्रेक के बाद जहां छात्रों ने पारंपरिक कक्षा से बाहर महीनों बिताए हैं और घर पर ऑनलाइन पढ़ाई की है, ऐसे में वापस स्कूल जाना डरावना लग सकता है।

जैसे-जैसे स्कूल अपने दरवाजे दुबारा खोलने के लिए तैयार हैं, कई बच्चों को इस फैसले का सामना करना मुश्किल लगता है। महामारी के दौरान बच्चे विशिष्ट रूप से प्रभावित हुए हैं। वे अपने माता-पिता के साथ घर पर रहे हैं और खराब स्वास्थ्य, आर्थिक और सामाजिक परिणामों के कारण प्रभावित हो सकते हैं। महामारी ने मानव स्वास्थ्य पर भारी असर डाला है और कुछ लोगों ने अपने प्रियजनों को खोने का अनुभव भी मिला होगा। दूसरी ओर, मास्क पहनने और टीकाकरण न होने की चिंता बच्चों को वापस स्कूल जाने को लेकर अधिक परेशान कर सकती है।

कैसे पहचानें कि आपका बच्चा चिंतित है?

हालांकि बच्चों में स्कूल लौटने का तनाव आम है, मगर इसका समाधान करना भी जरूरी है। माता-पिता या अभिभावक होने के नाते, बच्चों में चिंता के लक्षणों की पहचान करने और उन्हें दूर करने में मदद करने की आवश्यकता है। जब कोई बच्चा चिंतित होता है, तो अधिकांश समय वह इसे शब्दों में व्यक्त नहीं करेगा। इसके बजाय, व्यक्ति को सुराग तलाशने और उनके व्यवहार में आए बदलाव को देखने की जरूरत है। जो बच्चे चिंता अनुभव करते हैं या घबराहट महसूस करते हैं, वे सामान्य से अधिक उलझे दिखाई दे सकते हैं। यह व्यवहार सर्वाधिक दिखाई देने वाले संकेतों में से एक है जो बड़े बच्चों में कम मौजूद हो सकता है लेकिन आमतौर पर प्राथमिक-विद्यालय-आयु वर्ग के बच्चों में देखा जाता है। इसके अलावा बच्चे बेचैन हो जाते हैं और उन्हें ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई का सामना करते देखा जा सकता है। उनके खाने और सोने के तरीके में बदलाव देखा जा सकता है और पेट दर्द, पेट खराब और अपच की शिकायत बढ़ जाती है। बच्चों में चिंता की पहचान करना माता पिता के लिए भी महत्वपूर्ण है। अनुपचारित या अनसुलझी चिंता बच्चों में खराब एकाग्रता का जोखिम बढ़ा सकती है। यह उनके प्रदर्शन, दोस्तों व शिक्षकों के साथ संबंधों को प्रभावित करता है जिसके अन्य गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

चिंता से निपटने के तरीके-चिंता पर काबू पाने का सबसे प्रभावी तरीका है कि आप अपने बच्चे से बात करें कि उन्हें क्या परेशानी हो रही है। उनके दृष्टिकोण या भावनाओं को आंके बिना, उनकी चिंता को सुनें जिससे उन्हें बेहतर महसूस होगा। स्कूल में वापस आने की चिंता से निपटने के लिए यहां कुछ उपयोगी सुझाव दिए गए हैं :

चीजों को परिचित कराएं- बच्चे जब पूर्णतया अजीब या अपरिचित वातावरण में प्रवेश करते हैं तो वे चिंतित हो जाते हैं। इस कारण, जैसे-जैसे विद्यालय निकट आता है, अपने बच्चे को उस वातावरण से परिचित कराने का प्रयास करें जो वे अपने विद्यालय के पहले दिन अनुभव कर सकते हैं। अपने स्कूल के माहौल के बारे में सहज नहीं होने से वे घबरा सकते हैं और चिंतित हो सकते हैं। बेहतर है कि उन्हें स्कूल द्वारा उठाए गए नए दिशा-निर्देशों, नियमों और सुरक्षा उपायों के बारे में बताएं, ताकि उन्हें उन चीजों की तैयारी के लिए समय मिल सके जो उनके लिए नई होंगी।

उन्हें भरोसा दें कि वे अकेले नहीं हैं-बच्चे के चारों ओर सकारात्मकता फैलाएं और उन्हें समझाएं कि कड़े सुरक्षा नियमों का पालन करने में वे अकेले नहीं होंगे। अन्य छात्र व उनके दोस्त भी नए वातावरण का हिस्सा होंगे और शिक्षक हमेशा उन्हें सहज बनाने के लिए मौजूद रहेंगे। उन्हें पूर्व-कोविड दौर में स्कूल में बिताए गए समय की याद दिलाएं, अपने प्यारे दोस्तों व शिक्षकों के साथ अपनी पसंदीदा गतिविधि का आनंद लें। दुबारा स्कूल जाने की भावना उनकी चिंता को कम करने में मदद कर सकती है।

जरूरत में उनके लिए मौजूद रहें-लंबे ब्रेक के बाद घर से स्कूल जाना बच्चों के लिए बेहद मुश्किल हो सकता है। स्कूल के शुरूआती दिनों में कम से कम उनके साथ रहने का प्रयास करें। अपने सहयोग की पेशकश करें और उनके दोबारा शामिल होने से पहले सलाह दें। जब वे स्कूल से लौटें, तो उन्हें समय दें और सुनें कि उनका दिन कैसा रहा, और सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा अपनी भावनाओं और चिंताओं को व्यक्त करता है।

स्वस्थ जीवन को बढ़ावा दें-बच्चों में चिंता से निपटने व उनका समाधान करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि उन्हें स्वस्थ आदतों से जोड़ें। उनके खाने और सोने की आदतों पर गौर करें और उनकी दिनचर्या में सुधार करें। एक बच्चे को संतुलित आहार खाने, ठीक से सोने और शारीरिक व्यायाम की आदतों को विकसित करने की आवश्यकता होती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनका मस्तिष्क ठीक से काम कर रहा है। स्वस्थ जीवन उनके मूड को भी बेहतर बना सकता है, खुश होने वाले हार्मोन सक्रिय कर सकता है और बेहतर एकाग्रता में मदद कर सकता है।

जानें कि कब बाहरी सहायता लेनी है- पूरी कोशिश करने के बाद भी यदि बच्चों में चिंता लंबे समय तक बनी रहती है, तो इसके बारे में गंभीर होने का समय आ गया है। अतिरिक्त मदद लें - अपने बच्चे के शिक्षक या परामर्शदाता से बात करें ताकि बच्चा बेहतर महसूस कर सके। चिंता का चरण अस्थायी होता है और परामर्शदाता बच्चों में चिंता को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

अंत में- बच्चों में चिंता पर काबू पाने की कुंजी है- समय पर इसका समाधान करना। अपने बच्चे के लिए हमेशा मौजूद रहें। समझें कि वे जिस स्थिति से गुजर रहे हैं वो उनके लिए चुनौतीपूर्ण स्थिति हो सकती है। अपने शब्दों के माध्यम से सकारात्मकता फैलाने और बेशर्त समर्थन देने से बच्चे को अपने तनाव और चिंता को और अधिक आसानी से निपटने में मदद मिल सकती है।

(लेखक एमबीबीएस, पीडियाट्रिक्स में एमडी और अपोलो क्रैडल एंड चिल्ड्रन हॉस्पिटल, अमृतसर में सलाहकार हैं।)

लद्दाख का उत्सव

द क्लेरिज में नौ दिवसीय माइटी मरयूल उत्सव, इस केंद्र शासित प्रदेश के समृद्ध स्थानीय व्यंजनों, संगीत और फैशन पर ध्यान केंद्रित करते हुए, शहरों के बीच की सांस्कृतिक खाई को पाटता है। खुशबू कीर्ति की रिपोर्ट

भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए कई संगठनों या होटलों की ओर से किए गए नवीनतम प्रयासों की सराहना नहीं करना सही नहीं होगा और यह वर्तमान पीढ़ी को विउपनिवेशीकरण के एक कदम करीब ले जाएगा। मुझे गलत मत समझें, मैं वैश्विक होने के लिए तैयार हूं, हालांकि, मेरी राय में, खुद को भूलते या अनदेखी करते हुए विदेशी परंपराओं को विकसित करना कुछ अस्वीकार्य है।

इस कारण, जब मुझे द क्लेरिज में लद्दाख सांस्कृतिक महोत्सव का पता लगाने का अवसर मिला, तो मैं उत्साह से भर गयी। मैंने अभी तक केंद्र शासित प्रदेश का दौरा नहीं किया था (क्योंकि मैं अभी भी भारत में अपने शुरुआती महत्वपूर्ण स्थानों को ही खोज रही हूं।), और इसलिए जब मैं आपको बताती हूं कि मुझे कल के कार्यक्रम में वास्तविक संस्कृति का अनुभव कराया गया था, तो मेरे लिए इसका मतलब था।

लद्दाख की आकर्षक संस्कृति का जश्न मनाने के लिए, द क्लेरिजेस, नई दिल्ली, 10 नवंबर से राजधानी के बीचों-बीच माइटी मरयूल महोत्सव की मेजबानी कर रहा है। नौ दिवसीय इस उत्सव में शानदार कला और कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिनकी मुझे एक बहुत बढ़िया झलक मिल गयी।

जैसे ही मैंने क्लेरिजेस के बगीचे में प्रवेश किया, एक आकर्षक महिला ने चमकीले रंगों की पोशाक में मेरा स्वागत किया। उसने कुछ ऐसा कहा जो मैं समझ नहीं पायी, इसका कारण या तो यह हो सकता है कि मैं वहां की जीवंतता से मंत्रमुग्ध हो गई थी या यह इतना मान्य तथ्य नहीं था कि मुझे स्थानीय भाषा समझ में नहीं आती थी। जहां भी मैंने देखा, मैं कलाकारों और मेहमानों को देख सकती थी, जो व्यापक कश्मीरी क्षेत्र से यात्रा करके वहां आए थे।

लद्दाख की एक वन्यजीव फोटोग्राफर डॉ लतिका नाथ, जिन्हें अक्सर 'टाइगर प्रिंसेज' के रूप में जाना जाता है, क्योंकि उन्होंने बाघ प्रबंधन में पीएचडी की है और हिम तेंदुओं पर वृत्तचित्र बनाती हैं, शाम के लिए मॉडरेटर थीं।

लद्दाख के खूबसूरत फैशन, मनोरम व्यंजनों और मनोरंजक संगीत पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, कार्यक्रम की शुरुआत हिमालयी वस्त्रों पर एक शोधकर्ता, डॉ मोनिशा अहमद, और लद्दाख के चांगथांग क्षेत्र के विशेषज्ञ द्वारा एक सूचनात्मक और मनोरंजक प्रस्तुति के साथ हुई। उन्होंने लद्दाख के वस्त्रों व प्रस्तुतियों में उभरते फैशन पर अपना ज्ञान साझा किया।

इसके बाद एक सांस्कृतिक पॉप-अप, प्रसिद्ध लद्दाखी फैशन डिजाइनरों, जिग्मत नोरबू और जिग्मेट वांगमो द्वारा संयुक्त रूप से पेश किया गया एक फैशन शो था, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

बाद के दिनों में, जिग्मत कॉउचर के खास वस्त्रों को परिसर में प्रदर्शित किया जाएगा, जहां संरक्षक स्थायी ब्रांड के उत्पाद खरीद सकते हैं और लद्दाखी शिल्प कौशल के आकर्षक टेक्स्चर का आनंद ले सकते हैं। पॉप-अप के साथ लद्दाखी लोक गायक और वादक, त्सेवांग फुंत्सोग द्वारा एक आकर्षक लाइव म्यूजिक शो किया गया। फुंत्सोग के साथ बातचीत होने पर, उन्होंने कहा कि वह अपने जीवन की यादगार प्रस्तुति कर रहे थे और अपनी स्थानीय संस्कृति को जीवंत कर रहे थे।

स्टैनजिन मिंगलक और सोनम एंगमो द्वारा लीना लद्दाख पश्मीना की सामग्री, और लैंडस्केप कलाकार कुणाल बत्रा और ठकालिस आर्ट गैलरी द्वारा प्रदर्शनियां भी प्रदर्शित की जा रही हैं। मुझे लगता है कि यह कला और इतिहास के शौकीन लोगों के लिए एक दृश्य-उत्सव होगा।

चूंकि समूचे फेस्टिवल में लद्दाखी व्यंजन एक प्रमुख विषय है, इसलिए जाने-माने शेफ पंकज शर्मा और निलजा वांगमो हर रात लद्दाख का पारंपरिक और समकालीन स्वाद चखने का अवसर देंगे।

नारी शक्ति पुरस्कार विजेता, निलजा के साथ बातचीत में, जो अलची, लद्दाख में अलची किचन नामक रेस्तरां की मालकिन है, उन्होंने बताया, ''मैं पारंपरिक चाय, जोमो (याक चीज) सहित लद्दाख के सभी मुख्य व्यंजन बना रही हूं। अनेक जड़ी-बूटियों और पहाड़ी मसालों के साथ, मेरे जरिए, लद्दाखी भोजन लद्दाख से बाहर जा रहा है।''

अपने विशिष्ट व्यंजनों के बारे में बताते हुए, उन्होंने कहा, ''लोगों को खमेर, याकिनी पुलाव और गुड़ गुड़ चाओ (मक्खन के साथ नमकीन चाय) का स्वाद लेना चाहिए।''

मैंने देखा कि लद्दाख की संस्कृति कई स्तरों पर तिब्बती संस्कृति जैसी है। लद्दाख बौद्ध धर्म से अत्यधिक प्रभावित था जो लद्दाखियों के कपड़ों में परिलक्षित होता है। पारंपरिक लद्दाखी पोशाक में पेराक - कीमती पत्थरों से जड़ा एक हेडगियर - जो आमतौर पर विशेष अवसरों पर महिलाओं द्वारा पहना जाता है, इसके अलावा कंटोप या ऊनी वस्त्र, और बोक शॉल जो स्वाभाविक रूप से महिलाओं द्वारा बच्चों को ले जाने के लिए उपयोग किया जाता था। पुरुष गोन्चा पहनते हैं, जो कि एक पारंपरिक वस्त्र है और स्केराग कमर-बैंड। लद्दाखी कला-शिल्प में बुने हुए कपड़ों में पश्मीना, छड़ी और लकड़ी की टोकरियां, लकड़ी पर नक्काशी और विभिन्न पेंटिंग आदि शामिल हैं। इन उपरोक्त परंपराओं को 19 नवंबर तक द क्लेरिज में प्रदर्शित किया जाएगा।